# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




तीनों रथों को तैयार किया गया

## आज से जग के नाथ जगन्नाथ
### अपने भाई व बहन संग भ्रमण पर निकलेंगे

# आज से 'जय जगन्नाथ'

◆ यात्रा का गंतव्य 8 दिन गुंडिचा मंदिर होता है, जिसे राजा इंद्रद्युम्न की पत्नी रानी गुंडिचा ने बनवाया था। भगवान कुछ दिनों तक इसी मंदिर में निवास करते हैं

एजेंसी ▶▶पुरी

आषाढ़ मास की द्वितीया तिथि पर भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और सुभद्रा के साथ भ्रमण पर निकलते हैं। शुक्रवार को जगन्नाथ रथयात्रा का त्योहार मनाया जाएगा। दृक पंचांग के अनुसार 27 जून को आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि है। सूर्योदय सुबह 5:09 और सूर्यास्त शाम 6:52 बजे होगा। विशेष समय जग के नाथ जगन्नाथ अपने भाई और बहन संग भ्रमण पर निकलेंगे। ओडिशा राज्य का पुरी नगर हर वर्ष एक अनूठे और विशाल धार्मिक उत्सव का साक्षी बनता है, जिसे 'जगन्नाथ रथ यात्रा' के नाम से जाना जाता है। यह पर्व हिंदू धर्म की समृद्ध परंपरा, भक्ति और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। रथ यात्रा का मुख्य उद्देश्य भगवान जगन्नाथ का अपने भक्तों के बीच वार्षिक भ्रमण है। इस दिन भगवान अपने भाई-बहन के साथ विशाल रथों पर सवार हो नगर भ्रमण पर निकलते हैं।

**आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि है खास**

### यह यात्रा देवशयनी एकादशी से पहले समाप्त हो जाती है

भगवान जगन्नाथ की यह यात्रा देवशयनी एकादशी से पहले समाप्त हो जाती है, क्योंकि इसके बाद वे चातुर्मास के चार महीनों के लिए योगनिद्रा में लीन हो जाते हैं। यह समय आध्यात्मिक साधना, संयम और सेवा का माना जाता है।

### चौथे दिन होती है हेरा पंचमी

रथ यात्रा के चौथे दिन एक और महत्वपूर्ण परंपरा 'हेरा पंचमी' का आयोजन होता है। इस दिन देवी लक्ष्मी अपने पति भगवान जगन्नाथ की खोज में गुंडिचा मंदिर जाती हैं। यह एक विशेष सांस्कृतिक और धार्मिक दृश्य होता है, जो भगवान और देवी के रिश्ते की गहराई को दर्शाता है। गुंडिचा मंदिर में आठ दिन व्यतीत करने के बाद भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा पुनः अपने मुख्य मंदिर लौटते हैं।



### पुरी जाने के लिए 1215 ट्रेन संचालित

भारतीय रेल जगन्नाथपुरी रथयात्रा के लिए व्यापक तैयारी की है, जो लाखों श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र है। इस वर्ष जगन्नाथपुरी के लिए 850 नियमित और 365 विशेष ट्रेन सेवाओं सहित कुल 1,215 ट्रेन सेवाएं संचालित हैं। ये ट्रेनें ओडिशा के कई 'आकांक्षी' जिलों जैसे कालाहांडी, बलांगीर, नुआपाड़ा, कोरापुट, रायगढ़ा, गजपति और ढेंकानाल और आदिवासी क्षेत्रों को श्रीक्षेत्रपुरी से जोड़ती हैं। एआई-आधारित रियल टाइम डिमांड प्रिडेक्शन सिस्टम के जरिए ट्रेनों का बेहतर संचालन हो रहा है। पुरी में इस बार 10 प्लेटफार्म तीर्थयात्रियों के स्वागत के लिए तैयार हैं। पुरी के साथ-साथ अन्य रेलवे स्टेशनों पर अतिरिक्त टिकट काउंटर लगाए गए हैं।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### 14 नए मंदिरों के लिए पुजारियों की भर्ती शुरू

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि परिसर में बने 14 नए मंदिरों में देवी-देवताओं की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद अब दैनिक श्रृंगार, पूजन और भोग अर्पण के लिए पुजारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो गई है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने



इसके लिए आधिकारिक वेबसाइट जारी कर दी है, जहां इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। हालांकि, अयोध्या के रहने वाले आवेदकों को वरीयता दी जाएगी। ट्रस्ट ने साफ कर दिया है कि पुजारियों की नियुक्ति में देशभर से इच्छुक अभ्यर्थियों को मौका मिलेगा, लेकिन अयोध्या परिक्षेत्र के युवाओं को वरीयता दी जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी ट्रस्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर 26 जून से 30 जून 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को 306 टेस्ट से गुजरना होगा, जिसमें लिखित और मौखिक परीक्षा शामिल हो सकती है। टेस्ट में सफल होने वाले अभ्यर्थियों को ही अंतिम चयन के लिए चुना जाएगा। चयन प्रक्रिया की निगरानी ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी को सौंपी गई है।

### लोकतंत्र सेनानियों के प्रादेशिक सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की घोषणा

# सभी सरकारी योजनाओं में लोकतंत्र सेनानियों के परिजनों को प्राथमिकता

◆ मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभारी मंत्री अपने-अपने प्रभार के जिलों में लोकतंत्र सेनानियों को ताम्रपत्र देकर सम्मानित करेंगे



विशेष प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोकतंत्र की मजबूती में लोकतंत्र सेनानियों के अमूल्य योगदान की सराहना करते हुए कहा कि हमारा लोकतंत्र उनके अनथक संघर्ष और बलिदान का परिणाम है।

उन्होंने घोषणा की कि 70 साल से अधिक आयु के लोकतंत्र सेनानियों को आयुष्मान कार्ड के माध्यम से निःशुल्क इलाज और आवश्यकता पड़ने पर पीएम एयर एंबुलेंस की सुविधा दी जाएगी। इसके अलावा रोजगार और सभी सरकारी योजनाओं में लोकतंत्र सेनानियों के परिजनों को प्राथमिकता के अनुरूप लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लोकतंत्र सेनानियों और उनके परिजनों के कल्याण के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। डॉ. यादव मुख्यमंत्री निवास में आयोजित लोकतंत्र सेनानियों के प्रादेशिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

> आपातकाल लागू करने से जुड़ी केंद्र सरकार द्वारा निर्मित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया

70 से ज्यादा उम्र के लोकतंत्र सेनानियों के बनेंगे आयुष्मान कार्ड

राज्यपाल गहलोत, पूर्व राज्यपाल सोलंकी का ताम्रपत्र से सम्मान




**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आपातकाल के दौरान लिखे गए पत्रों, विचारों आलेखों से जुड़े संस्मरणों पर आधारित एक 'इमरजेंसी डायरी' का विमोचन किया**

### लोकतंत्र विरोधी ताकतों से मिलकर लड़ेंगे

डॉ. यादव ने कहा है कि लोकतंत्र भारतीय सभ्यता और संस्कृति का अभिन्न अंग है। यह केवल एक शासन प्रणाली नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली की आत्मा और पहचान है। आज हम एक मजबूत और जवाबदेह लोकतांत्रिक व्यवस्था में जीवन व्यतीत कर रहे हैं, इसके मूल में लोकतंत्र सेनानी ही हैं। डॉ. यादव ने कहा कि लोकतंत्र की इस विरासत को आगे बढ़ाना हम सबका नैतिक दायित्व है। हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं। दुनिया हमारी ओर हैरत से देखती है कि यहां लोकतंत्र की जड़ें कितनी गहरी हैं।

#### आपातकाल की देश ने बड़ी कीमत चुकाई

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित किया है। 26 जून को लोकतंत्र सेनानी प्रादेशिक सम्मेलन हो रहा है। आपातकाल के दौर में लोकतंत्र सेनानियों की क्या चुनौतियां थी, ये मुझे बचपन में समझने का मौका मिला। एक भूतपूर्व प्रधानमंत्री ने अपना शासन बरकरार रखने के लिए देश पर आपातकाल लगा दिया था। उस आपातकाल की देश ने बड़ी कीमत चुकाई।

#### सेनानियों को ताम्रपत्र देकर किया सम्मानित

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत एवं अन्य अतिथियों के साथ 'मीसा पत्रिका' और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आपातकाल के दौरान लिखे गए पत्रों, विचारों, आलेखों से जुड़े संस्मरणों पर आधारित एक 'इमरजेंसी डायरी' का विमोचन किया। डॉ. यादव ने कर्नाटक के राज्यपाल गहलोत, हरियाणा के पूर्व राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट और मप्र हिंदी ग्रंथ अकादमी के अध्यक्ष अशोक कड़ेल को लोकतंत्र सेनानी होने के सम्मान स्वरूप ताम्रपत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभारी मंत्री अपने-अपने प्रभार के जिलों में लोकतंत्र सेनानियों को ताम्रपत्र देकर सम्मानित करेंगे। इस अवसर पर देश में आपातकाल लागू करने से जुड़ी केंद्र सरकार द्वारा निर्मित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।*

### सीएम व रेल मंत्री वर्चुअली शामिल हुए



# ग्वालियर और एसएमवीटी बेंगलुरु वीकली ट्रेन को दिखाई 'हरी झंडी'



हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

ग्वालियर-एसएमवीटी बेंगलुरु वीकली ट्रेन को गुरुवार को सीएम डॉ. मोहन यादव व केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने वर्चुअली तो स्टेशन पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ट्रेन की शुरूआत ग्वालियर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 4 से की गई। इस दौरान पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया भी मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ग्वालियर से इस ट्रेन में शिवपुरी-गुना तक गए। यह ट्रेन (01086) भोपाल, नागपुर, काचीगुड़ा, धोन और धर्मावरम होते हुए 28 जून की सुबह एसएमवीटी बेंगलुरु पहुंचेगी।

स्टेशन पर केंद्रीय मंत्री सिंधिया और विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

#### यात्रियों को मिलेगी राहत

इस नई ट्रेन के जरिए भोपाल, नागपुर, काचीगुड़ा, धर्मावरम जैसे प्रमुख स्टेशनों से भी बेंगलुरु और ग्वालियर तक यात्रा करना अब अधिक सरल और किफायती हो जाएगा। खास बात यह है कि यह ट्रेन भोपाल से भी दोनों दिशाओं में रूकेगी, जिससे भोपाल के यात्रियों को भी बड़ी राहत मिलेगी।

### बिजली गिरी, दो की मौत, दो घायल

**आगर मालवा।** लोलकी गांव में गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे चार युवकों पर बिजली गिर गई। हादसे में दो मौसेरे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो किसान झुलस गए। मृतकों की पहचान कमल सिंह (33) और लखन उर्फ लक्ष्मण सिंह (30) के रूप में हुई। मान सिंह और विशाल पाटीदार झुलस गए। बीएमओ डॉ. बृजभूषण पाटीदार के अनुसार, घायलों को पहले सिविल अस्पताल सुसनेर लाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें आगर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और विधायक भैरों सिंह परिहार मौके पर पहुंचे।






### कई जिलों में तेज बारिश, रिमझिम के बीच उछला पारा, कल से तेज बारिश

**प्रदेश में अभी दो सिस्टम एक्टिव**

# जबलपुर और विदिशा में घरों में घुसा पानी, बेगमगंज में मकान गिरा, 5 दबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल/जबलपुर

प्रदेश के कई जिलों में गुरुवार को भी भारी से तेज बारिश जारी रही। सुबह से शाम तक दो दर्जन से अधिक जिलों में मध्यम से औसत बारिश हुई, जबकि इंदौर में तेज बारिश से सड़कों पर पानी भर गया। प्रदेश में बारिश से कई जिलों में आंचलिक हिस्सों में सामान्य हालात बिगड़ गए हैं। बेगमगंज में भारी बारिश से कच्चा मकान गिर गया। परिवार के पांच लोग मलबे में दब गए। लोगों ने सभी को बाहर निकाला। दंपती और तीन बच्चे अस्पताल में भर्ती हैं। बेगमगंज का सुल्तानपुर रोड बंद होने से 50 गांवों का शहर से संपर्क टूट गया है। विदिशा में थोड़ी देर हुई झमाझम बारिश से निचले इलाकों में जलभराव रहा। जबलपुर में भी कई जगह घरों में पानी घुस गया। सतना में कलेक्टोरेट रोड पर एक पेड़ पर बिजली गिर गई। पूरे प्रदेश में दिनभर बादल छाए रहे। बीच में रुक-रुककर रिमझिम का दौर रहा। हालांकि इस बीच पश्चिमी मप्र के अधिकांश और पूर्वी प्रदेश के कई जिलों में दिन का औसत पारा औसतन एक डिग्री तक बढ़ गया। प्रदेश में औसत अधिकतम पारा एक डिग्री बढ़कर औसतन 33 डिग्री रहा। सबसे अधिक तापमान ग्वालियर में 36 डिग्री रहा। मौसम केंद्र के अनुसार शुक्रवार को आलीराजपुर, झाबुआ, धार, मंडला, बालाघाट जिलों में कहीं कहीं अति भारी बारिश होगी।

**रात से कई जगह निरंतर बारिश**



### आज सुबह से शाम तक यहां होगी बारिश

नीमच, सागर, झाबुआ, आलीराजपुर, रतलाम, गुना, अशोकनगर, धार, सीहोर, बैतूल, दमोह, नरसिंगपुर, श्योपुर कलां, निवारी, कटनी, उमरिया, शहकोल, जबलपुर, अनूपपुर, खरगोन, हरदा, उज्जैन, छिंदवाड़ा, मुरैना, नर्मदापुरम, विदिशा, रायसेन, बुरहानपुर, टीकमगढ़, बालाघाट, छतरपुर, सिंगरौली, रीवा, पन्ना, मैहर और सिवनी जिले में मध्यम से औसत बारिश हुई। भोपाल में बादल छाए रहे। रुक रुककर रिमझिम रही।

#### आज 18 जिलों में तेज से मध्यम बारिश

शुक्रवार तक 18 से अधिक जिलों में मध्यम से तेज बारिश होगी। इनमें प्रमुख रूप से विदिशा, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बुरहानपुर, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, मंदसौर में कुछ जगह भारी बारिश होगी। जबलपुर, नरसिंहपुर, सिवनी, पन्ना, दमोह, सागर के साथ ही भोपाल, राजगढ़, बैतूल, हरदा, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, शाजापुर, आगर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, कटनी, छिंदवाड़ा, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर, पांढुर्णा आदि जिलों में रिमझिम के साथ कई जगह औसत से मध्यम बारिश होगी।




इन्वेस्ट मध्यप्रदेश उद्योग एवं रोज़गार वर्ष 2025
MPIDC MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
MSME
युवा मिशन

# कौशल, विकास और उद्यमशीलता के स्वर्णिम पथ पर मध्यप्रदेश



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

## रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट कॉन्क्लेव

## RISE शुभारंभ

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

द्वारा

27 जून 2025 | प्रातः 11:00 बजे | पोलो ग्राउंड, रतलाम

### प्रमुख आकर्षण

- ₹ 2012 करोड़ से अधिक लागत की 94 औद्योगिक इकाइयों और क्लस्टर्स का भूमिपूजन/लोकार्पण
- 288 एमएसएमई इकाइयों के लिए ₹ 270 करोड़ की प्रोत्साहन राशि का वितरण
- 140 वृहद औद्योगिक इकाइयों को ₹ 425 करोड़ की वित्तीय सहायता का वितरण
- 538 एमएसएमई इकाइयों को भू-खंड आवंटन पत्र वितरण
- ₹ 6000 करोड़ से अधिक निवेश करने व 17600 से अधिक रोज़गार देने वाली 35 वृहद औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटन हेतु आशय पत्र वितरण
- 4 लाख से अधिक हितग्राहियों को स्व-रोज़गार के लिए ₹ 3861 करोड़ का ऋण वितरण
- थीमैटिक सेशन
- वन-टू-वन मीटिंग
- एमओयू एक्सचेंज
- प्रदर्शनी

### फोकस सेक्टर

- कृषि, खाद्य प्रसंस्करण एवं डेयरी
- जेम्स एंड ज्वेलरी
- नवीकरणीय ऊर्जा
- फार्मा, बायोटेक, रसायन
- लॉजिस्टिक्स
- पर्यटन एवं टेक्सटाइल

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @JansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025 D-11054/25

जबलपुर
शुक्रवार, 27 जून 2025
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-2
वर्ष : 20, अंक : 58
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 29
न्यून. 24

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

8
एटमी अस्त्रों के बहाने युद्ध के मायने




मैट्रो
14 पीएचडी में प्रवेश के लिए मिल रही...

## खबर संक्षेप

### आप को झटकाः मुकेश मकवाना ने इस्तीफा दिया

**अहदाबाद।** गुजरात विधानसभा उपचुनाव में विसाबदर सीट पर जीत से गदगद आप पार्टी को ये खुशी ज्यादा देर नहीं टिकी है। उपचुनाव परिणाम के दूसरे ही दिन आप को बड़ा झटका लगा है। आप विधायक उमेश मकवाना ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। एमएलए मकवाना ने पार्टी के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव के पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को चिट्ठी लिखी है।



### विमान हादसाः ब्लैक बॉक्स की मेमोरी हुई एक्सेस

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया की फ्लाइट 12 जून को अहमदाबाद में टेक-ऑफ के तुरंत बाद क्रैश हो गई थी। इस हादसे की जांच कर रही एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) को बड़ी सफलता मिली है। सरकार ने गुरुवार को बताया कि विमान के ब्लैक बॉक्स से कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (एफडीआर) को सुरक्षित निकाल लिया गया है। उनका डेटा डाउनलोड कर लिया गया है और अब इनका विश्लेषण शुरू कर दिया गया है। ये दोनों रिकॉर्डर विमान हादसों की जांच में सबसे अहम भूमिका निभाते हैं। ब्लैक बॉक्स को 24 जून को अहमदाबाद से दिल्ली लाया गया।

### एससीओ बैठक में राजनाथ की दहाड़...चीन और पाक को लगाई लताड़

# पहलगाम हमले का 'साझा बयान' में जिक्र नहीं, भारत ने हस्ताक्षर से कर दिया इंकार

- इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर दिखा दिया कि भारत आतंकवाद पर किसी भी दबाव या समझौते के लिए तैयार नहीं है। एससीओ सम्मेलन भले ही बिना साझा बयान के समाप्त हुआ हो, लेकिन भारत का कड़ा संदेश पूरी दुनिया के सामने आ चुका है।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान पर परोक्ष हमला बोलते हुए कहा कि आतंकवाद और शांति साथ-साथ नहीं रह सकते।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीन के किंगदाओ शहर में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भारत ने एक बार फिर आतंकवाद के मुद्दे पर अपना सख्त रुख साफ कर दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने साझा बयान पर साइन करने से इनकार कर दिया क्योंकि इसमें हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र तक नहीं था, जिसमें 26 लोगों की मौत हुई थी।

नतीजतन, एससीओ सम्मेलन के बाद कोई संयुक्त बयान जारी नहीं किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान पर परोक्ष हमला बोलते हुए कहा कि आतंकवाद और शांति साथ-साथ नहीं रह सकते। उन्होंने पहलगाम हमले का जिक्र न होने पर आपत्ति जताई।

**नतीजतन एससीओ सम्मेलन के बाद कोई संयुक्त बयान जारी नहीं किया गया**



- एससीओ में भारत, चीन, पाकिस्तान, रूस समेत कुल दस सदस्य देश शामिल
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान पर परोक्ष हमला बोलते हुए कहा कि आतंकवाद और शांति साथ-साथ नहीं रह सकते
- हमने यह दिखाया है कि अब आतंकवाद के केंद्र सुरक्षित नहीं हैं। हम उन्हें निशाना बनाने में कोई संकोच नहीं करेंगे
- पहलगाम को इस बयान से बाहर करना पाकिस्तान के इशारे पर किया गया है क्योंकि उसका सदाबहार सहयोगी चीन अभी संगठन का अध्यक्ष

#### पाक पर गरजे राजनाथ

### एससीओ जैसे मंच को ऐसी ताकतों की खुलेआम आलोचना करनी चाहिए

चीन जो इस बार एससीओ का अध्यक्ष है और उसका सबसे पक्का दोस्त पाकिस्तान, दोनों ने मिलकर एससीओ के दस्तावेज में आतंकवाद पर फोकस कम करने की कोशिश की। लेकिन भारत ने इस पर कड़ा ऐतराज जताते हुए अपने पक्ष से कोई समझौता नहीं किया। खासतौर पर कश्मीर के पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले को लेकर भारत ने यह साफ कर दिया कि आतंकवाद पर कोई नरमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना उस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कुछ देश अपनी नीतियों में सीमा पार आतंकवाद को एक हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं और आतंकियों को पनाह दे रहे हैं।

### रक्षा मंत्री ने कहा - भारत शांति का समर्थक, बाकी देश भी साथ आएं



रक्षा मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत शांति का समर्थक है, लेकिन आतंकवाद और शांति साथ-साथ नहीं चल सकते। उन्होंने अन्य सदस्य देशों से भी आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने की अपील की। गौरतलब है कि एससीओ में भारत, चीन, पाकिस्तान, रूस समेत कुल दस सदस्य देश शामिल हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर दिखा दिया कि भारत आतंकवाद पर किसी भी दबाव या समझौते के लिए तैयार नहीं है। एससीओ सम्मेलन भले ही बिना साझा बयान के समाप्त हुआ हो, लेकिन भारत का कड़ा संदेश पूरी दुनिया के सामने आ चुका है।

### डॉक्यूमेंट में पहलगाम की जगह बलूचिस्तान का उल्लेख

राजनाथ सिंह का साफ कहना है कि यह संयुक्त बयान आतंकवाद के खिलाफ भारत के मजबूत स्टैंड को नहीं दिखाता है। ऐसा लगता है कि पहलगाम को इस बयान से बाहर करना पाकिस्तान के इशारे पर किया गया है ।

### रुद्रप्रयाग में अलकनंदा नदी में गिरी ट्रैवलर

# धार के विशाल सोनी की मौत, पत्नी लापता



अलकनंदा नदी में रेस्क्यू करती टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में यात्रियों से भरी एक ट्रेवलर अलकनंदा नदी में गिर गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है, वहीं कई लापता हैं। जिन तीन लोगों की मौत हुई है, उनमें धार जिले के सरदापुरा निवासी विशाल सोनी भी शामिल हैं। सरदारपुर एसडीओपी विश्वदीप सिंह परिहार ने विशाल सोनी की मौत की पुष्टि की है। ट्रैवलर में धार निवासी विशाल सोनी और उनकापरिवार था।

> केदारनाथ दर्शन करने के बाद बद्रीनाथ जाते समय यह हादसा हुआ

#### 20 यात्री थे सवार

हादसे का शिकार हुई ट्रैवलर में राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के कुल 20 यात्री सवार थे। यह सभी लोग केदारनाथ के दर्शन के बाद बद्रीनाथ धाम जा रहे थे। तभी रुद्रप्रयाग में घोलतीर के पास एक ट्रेक ने ट्रैवलर को पीछे से टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से ट्रैवलर अलकनंदा नदी में गिर गई।

#### परिवार रीवा जिले का रहने वाला

### आईपीएस मयंक मिश्रा के चाचा और दादी को डंपर ने कुचला



**प्रयागराज।** भीषण हादसे में आईपीएस अफसर के चाचा और दादी की मौत हो गई। वे इलाज के लिए चाचा दादी को लखनऊ लेकर जाने के लिए रेलवे स्टेशन की ओर निकले थे। इसी दौरान नैनी में डंपर ने दोनों को कुचल दिया। चाचा की डिवाइडर में टकराने से मौत हो गई। वहीं, ट्रक की टक्कर से 10 फीट दूर जा गिरीं। परिवार रीवा जिले का रहने वाला है।
दरअसल, मृतक मां-बेटे

### 28 घंटे की यात्रा के बाद भारतीय समय के अनुसार शाम करीब 4:05 बजे यान की डॉकिंग सफल रही

# शुभांशु तीन अंतरिक्ष यात्रियों के साथ पहुंचे आईएसएस, स्पेस स्टेशन पर बिताएंगे 14 दिन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लगभग 28 घंटे की यात्रा के बाद एक्सिओम-4 मिशन को लेकर ड्रैगन अंतरिक्ष यान अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंच चुका है। यान की डॉकिंग सफल रही है।एक्सिओम मिशम के तहत अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में 14 दिन बिताएंगे और इस दौरान 60 प्रयोग करेंगे। अंतरिक्ष यान 26 जून गुरुवार को भारतीय समय के अनुसार शाम करीब 4:05 बजे आईएसएस से जुड़ा। ड्रैगन कैप्सूल पहले से तय समय से 20 मिनट पहले डॉक हुआ है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन और ड्रैगन यान के बीच डॉकिंग की प्रक्रिया को पूरा होने में अभी एक घंटे से अधिक का वक्त लगेगा।

#### शुभांशु अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के द्वार पर



*स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट ने बुधवार दोपहर 12:01 बजे एक्सिओम-4 मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से आईएसएस के लिए सफल उड़ान भरी थी। स्पेसएक्स ड्रैगन कैप्सूल की सफल डॉकिंग पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बधाई दी है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा, बधाई हो...एक्सिओम-4 डॉकिंग सफल रही। शुभांशु आईएसएस के द्वार पर खड़े हैं। भीतर कदम रखने के लिए तैयार, 14 दिनों की अंतरिक्ष यात्रा शुरू होने वाली है..और पूरा विश्व उत्साह और अपेक्षा के साथ देख रहा है।*

### केंद्रीय मंत्री गड़करी ने स्पष्ट किया

# दो-पहिया वाहन के टोल पर पूरी तरह से छूट जारी रहेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- एनएचएआई ने कहा- टोल का ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं



गुरुवार को दोपहिया वाहनों पर टोल टैक्स लगाने की खबरें वायरल होने लगीं। हालांकि, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इसपर सफाई देते हुए इन खबरों को गलत बताया है। उनका कहना है कि ये खबरें भ्रामक हैं और पूरी तरह से गलत हैं। दो-पहिया वाहन के टोल पर पूरी तरह से छूट जारी रहेगी। वहीं, इन खबरों को लेकर एनएचएआई ने भी एक्स हैंडल पर बयान जारी किया है। एनएचएआई यह स्पष्ट करना चाहता है कि ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

### अस्पताल में ली अंतिम सांस

# दुखदः हास्य कवि पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे का निधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



प्रसिद्ध कवि, व्यंग्यकार और आयुर्वेदाचार्य डॉ. सुरेंद्र दुबे का निधन हो गया।

जानकारी के अनुसार डॉ. सुरेन्द्र दुबे का उपचार एसीआई रायपुर में लंबे समय से चल रहा था। हृदय की गति रूकने के कारण गुरुवार दोपहर उन्होंने अंतिम सांस ली। इसकी जानकारी उनके परिवार के करीबियों ने एक्स पर देते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

डॉ. दुबे ने पांच पुस्तकें लिखी हैं, भारत सरकार ने उन्हें साल 2010 में भारत के चौथे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्मश्री से सम्मानित किया था। वे 2008 में काका हाथरसी से हास्य रत्न पुरस्कार के प्राप्तकर्ता भी रहे है। इधर निधन की खबर मिलते ही शोक की लहर दौड़ गई।

### उप्र की युवती ने तेलंगाना में काटा बवाल

#### रंगा रेड्डी जिले में रेलवे ट्रैक पर कार चलाने का वीडियो वायरल

# रेलवे ट्रैक पर सरपट दौड़ाई कार, 15 ट्रेनें डायवर्ट महिला को कार से निकालने में करना पड़ा संघर्ष

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश की एक युवती द्वारा तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले में रेलवे ट्रैक पर कार चलाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ऐहतियात के तौर पर बेंगलुरु-हैदराबाद ट्रेन सहित कम से कम 10 से 15 ट्रेनों का मार्ग बदला गया है। युवती द्वारा रेलवे ट्रैक पर कार चलाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना शंकरपल्ली के पास की है। 13 सेकंड के इस वीडियो में देखा जा सकता है कि युवती केआईए सोनेट कार को रेलवे ट्रैक पर सरपट दौड़ा रही है।




#### पता लगाया जा रहा है कि वह किस इरादे से आई थी?

रेलवे पुलिस की पुलिस अधीक्षक चंदना दीप्ति ने बताया कि युवती आक्रामक थी और मानसिक रूप से परेशान लग रही थी। युवती एक मल्टीनेशनल कंपनी में काम करती थी। वह उत्तर प्रदेश की रहने वाली है। हमने वाहन से उसका ड्राइविंग लाइसेंस और पैन कार्ड बरामद कर लिया है।

### सैड सांग रील बनाने-बनाते 13वीं मंजिल से युवती गिरी, दर्दनाक मौत



**बेंगलुरु।** यहां के परप्पन अग्रहारा इलाके में एक 20 वर्षीय युवती की 13वीं मंजिल से गिरने से मौत हो गई। यह हादसा एक निर्माणाधीन इमारत में हुआ, युवती कथित तौर पर रील शूट कर रही



ट्रंप ने फिर खुद की पीठ थपथपाई

# किया दावा, हमारे हमलों ने रोका इजराइल-ईरान युद्ध, वरना होती परमाणु जंग

ट्रंप ने कहा कि 12 दिनों के युद्ध के दौरान तेहरान 'नरक से गुजरा' है और यही वजह है कि अब उसे अपनी परमाणु हथियार महत्वाकांक्षाओं का त्याग करना पड़ा है। मुझे नहीं लगता कि वे फिर कभी ऐसा कर पाएंगे

## अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु स्थलों पर हमला किया

## अमेरिका के कारण ईरान को परमाणु कार्यक्रम छोड़ना पड़ा

एजेंसी ▶▶ हेग

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान-इजराइल युद्ध को रूकवाने में फिर खुद की पीठ थपथपाई है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी हमलों के कारण ही 12 दिनों से चली आ रही ईरान-इजराइल जंग रुकी है। उन्होंने दोनों देशों के बीच युद्ध रोकने का श्रेय लेते हुए कहा कि जब अमेरिकी बमबर्षकों ने ईरानी परमाणु ठिकानों पर भारी-भरकम बम गिराए, तब यह युद्ध अनिवार्य रूप से बंद हो सका।

नाटो शिखर सम्मेलन में भाग लेने हेग गए ट्रंप ने संवाददाताओं से कहा कि अमेरिकी हमलों की वजह से ही दोनों देशों की शत्रुता पर ब्रेक लग सकी है। राष्ट्रपति ट्रंप ने दोनों पक्षों को हुए भारी जान-माल के नुकसान का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले दो



सप्ताह के हमलों के दौरान ईरान और इजराइल ने बड़े पैमाने पर अपने लोगों को खोया है और संपत्ति की नुकसान उठाई है। उन्होंने ईरान-इजराइल जंग की तुलना विवादास्पद रूप से 1945 में जापान पर अमेरिकी परमाणु हमलों से की, जिसमें जापानी शहर हिरोशिमा और नागासाकी नष्ट हो गए थे।

## ये युद्ध हिरोशिमा और नागासाकी की तरह

*ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका द्वारा ईरान के तीन परमाणु स्थलों पर हमला करने से यह युद्ध समाप्त हो गया। उन्होंने कहा कि मैं हिरोशिमा और नागासाकी का उदाहरण नहीं देना चाहता, लेकिन ये ठीक उसी तरह से है। जैसे उन दोनों शहरों पर परमाणु हमले ने द्वितीय विश्व युद्ध खत्म करा दिया था, उसी तरह ईरान के तीन ठिकानों पर अमेरिकी हमले ने ईरान-इजराइल जंग खत्म करवा दिया। बता दें, 1945 में अमेरिका ने जापान के शहर हिरोशिमा और नागासाकी पर दो परमाणु बम गिराए थे, जिसमें दो लाख से ज्यादा लोग मारे गए थे। इनमें से अधिकतर नागरिक थे। इस हमले के बाद जापान ने मित्र देशों की सेना के सामने बिना शर्त समर्पण कर दिया था।*


### तेहरान नरक से गुजरा

ईरान के परमाणु कार्यक्रम के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने कहा कि 12 दिनों के युद्ध के दौरान तेहरान 'नरक से गुजरा' है और यही वजह है कि अब उसे अपनी परमाणु हथियार महत्वाकांक्षाओं का त्याग करना पड़ा है। मुझे नहीं लगता कि वे फिर कभी ऐसा कर पाएंगे। वे अपना तेल ले लेंगे, वे अपनी मिसाइलें ले लेंगे और अपनी रक्षा करेंगे। वे अभी-अभी नरक से गुजरे हैं। वे यूरेनियम के संवर्धन करने की कोशिश कर रहे थे, जो अब करना कठिन है। इसके लिए उन्होंने खरबों डॉलर खर्च किए, लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाए।

खामेनेई का सीजफायर के बाद बड़ा बयान

## हमने अमेरिका के चेहरे पर थप्पड़ मारा

**दुबई।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने सीजफायर के बाद अपने पहले बयान में अमेरिका पर निशाना साधते हुए कहा है कि हमने अमेरिका के चेहरे पर थप्पड़ मारा



है। अमेरिका को अपने हमलों से कुछ भी हासिल नहीं हुआ है। उनकी तरफ से चेतावनी देते हुए कहा गया है कि अगर भविष्य में अमेरिका ने फिर हमला करने की कोशिश की तो भारी कीमत चुकानी होगी। खामेनेई ने कहा कि जो अमेरिका इजराइल को बचाने के लिए युद्ध में कूदा था, उसे ईरान के लोगों ने जोरदार थप्पड़ मारा है। उन्होंने कहा कि ईरान कभी भी अमेरिका के सामने सरेंडर नहीं रहने वाला है और भविष्य में अगर हमले की कोशिश की गई तो अमेरिकी मिलिट्री बेस पर स्ट्राइक होगी।

**अमेरिका के खिलाफ बड़ी जीत मिली:** खामेनेई ने दावा किया कि उसे अमेरिकी हुकूमत के खिलाफ बड़ी जीत मिली है। अमेरिका तो इस युद्ध में सिर्फ इसलिए कूदा क्योंकि उसे अहसास हो गया था कि अगर अभी मदद नहीं की गई तो इजराइल की जियोनिस्ट सरकार पूरी तरह बर्बाद हो जाएगी।

---

**खबर संक्षेप**

### मुठभेड़ के दौरान दो महिला नक्सली ढेर


**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों ने



मुठभेड़ में दो महिला नक्सलियों को मार गिराया है। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि जिले के अबूझमाड़ इलाके में कोहकामेटा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो महिला नक्सली माओवादियों की कुतुल एरिया कमेटी की सदस्य सीमा और पार्टी सदस्य लिंगे उर्फ रांझू को मार गिराया है। सुंदरराज ने बताया कि नक्सली सीमा के सिर पर पांच लाख रुपए तथा लिंगे पर एक लाख रुपए का इनाम था।

### कनाडा में भारतीय युवती पर हमला, लूटपाट

**ओटावा।** कनाडा के मैनिटोबा प्रांत की राजधानी विन्निपेग में भारतीय



युवती पर उसके घर के पास बेरहमी से हमला कर लूटपाट की गई। इस घटना के सिलसिले में एक 17 वर्षीय लड़की को गिरफ्तार किया गया है। विन्निपेग पुलिस ने बताया कि युवती की पहचान भारतीय समुदाय के सदस्यों ने तनप्रीत कौर (23) के रूप में की है। 23 जून को शाम की पाली खत्म करने के बाद विन्निपेग में वह अपने अपार्टमेंट जा रही थी। इसी दौरान आधी रात के बाद रोसलिन रोड के 1-99 ब्लॉक में दो अजनबियों ने उस पर घात लगाकर हमला कर दिया।

## ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर घोलतीर के समीप बड़ा सड़क हादसा

वाहन में चालक सहित सवार थे 20 लोग

# अलकनंदा नदी में गिरा टैंपो-ट्रैवलर 3 की मौत, कई घायल और लापता

राजस्थान के उदयपुर से एक परिवार के 17 लोग इस वाहन चारधाम यात्रा पर निकले थे। जो केदारनाथ दर्शन के बाद गुरुवार सुबह बदरीनाथ दर्शन के लिए निकले थे। पुलिस, एसडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं

एजेंसी ▶▶ रुद्रप्रयाग

उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग जनपद में गुरुवार सुबह ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर घोलतीर के समीप एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। बदरीनाथ दर्शन के लिए जा रहे यात्रियों का एक टेंपो-ट्रेवलर अनियंत्रित होकर सीधे अलकनंदा नदी में जा गिरा। वाहन में चालक सहित 20 लोग सवार थे। जिनमें 17 लोग एक ही परिवार के थे। हादसे में लापता एक महिला का शव धारी देवी के समीप रेस्क्यू किया गया है। महिला की शिनाख्त गौरी सोनी के रूप में हुई है।

घटना की सूचना पर पुलिस, एसडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। बता दें, 17 जून को राजस्थान के उदयपुर का यह परिवार चारधाम की यात्रा के लिए रवाना हुआ था। गंगोत्री, यमुनोत्री व केदारनाथ धाम के दर्शन करने के बाद दल अब अपनी अंतिम यात्रा पर बदरीनाथ के लिए गुरुवार सुबह रुद्रप्रयाग से निकला। सभी यात्री समय पर तैयार हो गए और रुद्रप्रयाग में रैंतोली स्थित होटल से नाश्ता करने के बाद सभी खुशी खुशी भगवान बदरीनाथ के दर्शन के लिए बस में बैठे। घटना से पूरे क्षेत्र में शोक और दहशत का माहौल है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। दुर्घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।



3 गंभीर घायलों को एयर लिफ्ट किया

### यात्री नदी की तेज धार में बहे

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के वक्त तीन लोग वाहन से बाहर छिटककर गिर गए, जिन्हें गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं वाहन के अन्य यात्री नदी की तेज धार में बह गए। घटनास्थल से एक शव बहकर शिवपुरी तक पहुंचा, जिसे रेस्क्यू कर निकाला गया। एसडीआरएफ, पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीमों ने अलकनंदा नदी में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है, लेकिन तेज बहाव और दुर्गम स्थल के कारण राहत कार्य में खासी मुश्किलें आ रही हैं।

### रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया

पुलिस, एसडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। तीन गंभीर घायलों को एयर लिफ्ट किया गया है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि अब तक 9 लोगों को रेस्क्यू किया गया है, जिनमें तीन की मौत हो चुकी है। मृतकों में दो महिला शामिल है।

### सीएम धामी ने जताया दुख

सीएम धामी ने कहा कि जनपद रुद्रप्रयाग में एक टेंपो ट्रैवलर के नदी में गिरने का समाचार अत्यंत दुःखद है। एसडीआरएफ सहित अन्य बचाव दलों द्वारा युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में निरंतर स्थानीय प्रशासन से संपर्क में हूं।

### बस और कार में टक्कर

ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर देवप्रयाग में शुक्रवार को मूल्यगांव के पास एक बस और कार की आमने-सामने से



टक्कर हो गई। इस दौरान कार में सवार दिल्ली के एक ही परिवार के तीन लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएससी पाली भेजा गया है। थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह बुटोला ने बताया कि रुद्रप्रयाग से ऋषिकेश आ रही एक बस और ऋषिकेश से बदरीनाथ जा रही एक कार मूल्यगांव के पास आपस में टकरा गईं। कार में सवार जनकपुरी, दिल्ली निवासी अजीत सिंह (41 वर्ष), उनकी पत्नी उषा रानी (41 वर्ष) और बेटी कनक (16 वर्ष) घायल हो गए।

### ट्रक ने मारी टक्कर

अस्पताल में भर्ती घायल चालक सुमित कुमार ने पूछताछ में बताया कि रास्ते में एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इस दौरान कुछ



लोग वाहन से बाहर छिटक गए। चालक के अलावा अस्पताल में भर्ती अन्य यात्रियों ने भी यही बात बताई। वहीं घायल भावना ने बताया कि रात को रुद्रप्रयाग में रुके थे। आज सुबह लगभग साढ़े सात बजे बदरीनाथ के लिए रवाना हुए थे।

### मां-पापा कहां हो?


हादसे में घायल दस वर्षीय घायल पार्थ अपने माता-पिता को खोजते हुए लगातार यही कहता रहा– मां... पापा... कहां हो?



फिर बोला- बदरीनाथ तुमने ये क्या कर दिया। डॉक्टर और नर्स उसे ढांढस बंधाते रहे, लेकिन उसका मासूम दिल हर पल दरवाजे की ओर ताकता रहा। इस हृदयविदारक दृश्य ने अस्पताल में मौजूद हर शख्स को भावुक कर दिया।

हिमाचल प्रदेश में मची भारी तबाही

## 5 की मौत, कई लापता, घरों और सड़कों को भारी नुकसान



एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू और कांगड़ा जिले में बुधवार को बादल फटने से अचानक आई बाढ़ पर सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य में तीन स्थानों पर बादल फटने और नौ स्थानों पर अचानक आई बाढ़ की घटना हुई है। पांच लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। कुल्लू में दो लोग लापता हैं। कांगड़ा में बादल फटने से तीन लोगों की मौत हो गई है और पांच लोग लापता हैं। नदी और नालों के पास बसे गांवों में कई घरों को नुकसान पहुंचा है। अब तक 15 मकानों के क्षतिग्रस्त होने की सूचना है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में कई सड़कों को भी भारी नुकसान हुआ है, जिससे आवाजाही में दिक्कतें पेश आ रही हैं। पर्यटकों से नदियों और नालों के पास न जाने की अपील की।

### बाढ़ में बह गए कई लोग, तलाश जारी

कुल्लू जिले के सैंज में जीवा नाला, रेहला बिहाल और गड़सा क्षेत्र के शिलागढ़ में बादल फटने की तीन घटनाएं हुईं। रेहला बिहाल में अपने घरों से सामान निकालने की कोशिश कर रहे लोग बाढ़ में बह गए और लापता हैं। कुल्लू के अतिरिक्त जिला आयुक्त (एडीसी) अश्विनी कुमार ने बताया कि जिले के मनाली और बंजार में भी अचानक बाढ़ आ गई। टीम मौके पर मौजूद है और तलाश अभियान जारी है।

### जम्मू में बाढ़ः 3 डूबे, 4 को बचाया

जम्मू-कश्मीर के राजौरी, पुंछ, डोडा और कठुआ जिले के विभिन्न इलाकों में गुरुवार को बादल फटने और भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ में दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य लोगों को बचा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि राजौरी के कालाकोट उपमंडल के सियालसुई मौ गांव में एक नदी में अचानक आई बाढ़ के कारण शकफत अली (14) और उसकी चचेरी बहन सफीना कौसर (11) डूब गए। बाढ़ में फंसी साइमा (10) को स्थानीय स्वयंसेवकों ने बचा लिया और अस्पताल में भर्ती कराया।

---

सुरक्षाबलों के हाथ लगी बड़ी कामयाबी

## मार गिराया जैश-ए-मोहम्मद का 1 आतंकी, मुठभेड़ जारी

एजेंसी ▶▶ जम्मू

उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ चल रही है। सुरक्षाबलों के हाथ बड़ी कामयाबी लगी है। सेना ने एक आतंकी को मार गिराया है जबकि तीन के घिरे होने की खबर है। दोनों तरफ से फायरिंग हो रही है। मुठभेड़ में मारा गया आतंकी जैश-ए-मोहम्मद का है। जानकारी के मुताबिक, बसंतगढ़ के बिहाली इलाके में आंतकियों के देखे जाने की सूचना पर सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया और तलाशी अभियान शुरू किया। आतंकियों ने खुद को घिरा देख सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू कर दी।

### सीमा पर हुई घुसपैठ

*मंगलवार सुबह पाक सेना की मदद से 3 से 4 आतंकवादियों का एक ग्रुप घुसपैठ करके भारतीय क्षेत्र में घुसने का प्रयास कर रहा था। इस दौरान भारतीय सेना के सतर्क जवानों ने गोलीबारी करके उन्हें खदेड़ दिया था।*



*गोलीबारी में एक आतंकवादी ढेर भी किया था। उसका शव मंगलवार देर रात तक एलओसी पर ही पड़ा हुआ था। सूत्रों ने बताया कि रात के अंधेरे मे पाकिस्तान सेना की मदद से आतंकी का शव उसके अन्य साथी उठा ले गए हैं।*

### राजोरी के केरी सेक्टर में तलाशी अभियान

राजोरी के नियंत्रण रेखा के केरी सेक्टर के बारात गाला क्षेत्र में मंगलवार को आतंकवादियों के घुसपैठ करने के प्रयास के बाद गुरुवार को भी सेना ने लगातार क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया। लगातार दूसरे दिन भारतीय सेना के जवानों ने इलाके की घेराबंदी करके खोजी कुत्तों और ड्रोन की मदद से जगह-जगह खंगाला, लेकिन कोई आतंकी उनके हत्थे नहीं चढ़ा है।

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2025

## आइसीसी के वारंट से डरे पुतिन नहीं होंगे शामिल

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अगले सप्ताह ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में नहीं जाएंगे क्योंकि अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आइसीसी) द्वारा उनके खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट लंबित है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव रूस का प्रतिनिधित्व करने के लिए सम्मेलन में जाएंगे। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग भी इसमें भाग नहीं लेंगे। चीनी पीएम और शी के विश्वासपात्र ली कियांग इसमें भाग लेंगे।

### 2023 में जारी किया गया था गिरफ्तारी वारंट



आइसीसी ने रूस द्वारा यूक्रेन के खिलाफ युद्ध शुरू करने के ठीक एक साल बाद वर्ष 2023 में गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। पुतिन पर यूक्रेन से सैकड़ों बच्चों को निर्वासित करने के युद्ध अपराध का आरोप लगाया गया था। हालांकि, रूस ने युद्ध अपराधों के आरोपों से इनकार किया है।

शुभांशु के माता-पिता, बोले- बेटे पर गर्व है

एक्जिओम 4 मिशन की सफल डॉकिंग

## भारत माता की जय के नारे से गूंजा पूरा परिसर

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

वायुसेना के ग्रुप कैप्टन व भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के माता-पिता अपने बेटे की उपलब्धि पर गर्वित हैं। वो परिवार के साथ अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर एक्जिओम 4 मिशन की सफल डॉकिंग देखने के लिए लखनऊ के कानपुर रोड स्थित उनके स्कूल पहुंचे थे। जब शुभांशु के यान की आईएसएस पर सफलतापूर्वक डॉकिंग हुई तो सभी खुशी से झूम उठे। भारत माता की जय के नारे से परिसर गूंज उठा। इस मौके



पर ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के पिता शंभू दयाल शुक्ला ने कहा कि हमें बेहद गर्व है। हम उनकी सफलता के लिए प्रार्थना कर रहे थे। यह हमारे लिए गर्व का दिन है। वहीं शुभांशु की मां आशा शुक्ला ने कहा कि हमें बहुत अच्छा लग रहा है। इसे लेकर हम उत्साहित हैं।

### बहन की प्रार्थना सुरक्षित घर लौटें

बहन शुचि मिश्रा ने कहा कि यह न केवल मेरे लिए बल्कि सभी भारतीयों के लिए गर्व का क्षण है। यह बहुत ही महत्वपूर्ण चरण है। मैं प्रार्थना करती हूं कि यह चरण भी जल्दी से गुजर जाए और वे सुरक्षित रहें और मिशन को पूरा कर लौटें। 41 वर्ष पहले लगातार आठ दिन पृथ्वी के चक्कर लगाने वाले राकेश शर्मा के बाद 25 जून को अंतरिक्ष में रवाना होने वाले शुभांशु दूसरे भारतीय बने।

---

कारगिल विजय दिवस 2025 की तैयारी शुरू

भारतीय सेना ने कारगिल युद्ध के यादगार पलों को किया शेयर, लिखा

# वो युद्ध जो हमने लड़ा और विजय अर्जित की थी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना ने एक भावुक और प्रेरणादायक संदेश के साथ 'कारगिल विजय दिवस 2025' की तैयारियां शुरू कर दी हैं। हर साल 26 जुलाई को मनाए जाने वाले 'कारगिल विजय दिवस' से ठीक एक महीने पहले भारतीय सेना ने एक पोस्ट किया है, जिसके जरिए युवाओं को प्रेरित करने और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को बढ़ावा देने की कोशिश की गई है।

भारतीय सेना ने कारगिल युद्ध की याद में एक छोटा-सा वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसमें 1999 की वीरगाथा की अनमोल झलकियां और संदेश प्रस्तुत किए गए हैं। वीडियो में युद्ध के दौरान की कई तस्वीरें हैं, जिनके नीचे लिखा था कि 1999 में दुश्मन (पाकिस्तानी घुसपैठियों) ने सीमा पार कर ली थी। हमने दृढ़ निश्चय और अडिग भावना के साथ लड़ाई लड़ी। हमने अपनी जमीन के हर इंच की रक्षा की। हर घुसपैठ को कुचल दिया गया। वो ऊंचाइयों के पीछे छिप गए, लेकिन हमारी वीरता और भी ऊंची हो गई। कारगिल विजय दिवस 2025 में 30 दिन शेष हैं, वो युद्ध जो हमने लड़ा था। वो विजय जो हमने अर्जित की थी।



भारतीय सेना ने कारगिल युद्ध की याद में एक छोटा-सा वीडियो सोशल मीडिया पर किया साझा

### ऑपरेशन विजय में जीत हासिल की

हर साल 26 जुलाई को मनाया जाने वाला कारगिल विजय दिवस उस दिन की याद दिलाता है जब 1999 में भारतीय सेना ने ऑपरेशन विजय के तहत पाकिस्तानी घुसपैठियों से कारगिल की रणनीतिक ऊंचाइयों को हासिल किया था। यह युद्ध भारतीय सशस्त्र बलों की राजनीतिक दृढ़ता, सैन्य कौशल और कूटनीतिक संतुलन का प्रतीक माना जाता है। इस युद्ध को न सिर्फ एक सैन्य विजय के रूप में, बल्कि राष्ट्र की सामूहिक इच्छाशक्ति और रणनीतिक समझ की मिसाल के रूप में भी याद किया जाता है।

### कारगिल विजय दिवस 2025, 30 दिन बचे हैं

*भारतीय सेना की ओर से जारी किया गया यह वीडियो 26 जुलाई को मनाए जाने वाले कारगिल विजय दिवस के संदर्भ में भारतीय सेना की स्मरण और श्रद्धांजलि को दर्शाता है। सेना ने 'एक्स' पर किए गए पोस्ट में लिखा कि कारगिल विजय दिवस 2025, 30 दिन बचे हैं। 30 दिन याद रखने के लिए और हमारे वीरों के अतुलनीय शौर्य को नमन। उनका साहस कारगिल की ऊंचाइयों में गूंजता है और भारत की आत्मा में सदा के लिए अंकित है।*

तस्करों पर बीएसएफ का प्रहार

## साइकिल के टायर में छिपा रखे थे सोने के 20 बिस्कुट, पकड़ा गया 2.31 करोड़ का सोना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-बांग्लादेश की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सोने और नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बड़ा अभियान चला रखा है। बीएसएफ को लगातार दूसरे दिन यह बड़ी सफलता मिली है। दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के बीएसएफ जवानों ने पश्चिम बंगाल की भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तस्करी की कोशिश को नाकाम करते हुए बड़ी मात्रा में सोना बरामद किया है। 59 बटालियन के अंतर्गत सीमा चौकी जीतपुर के सतर्क जवानों ने उत्तर 24 परगना जिले के सीमावर्ती इलाके में कार्रवाई कर 20 सोने के बिस्किट बरामद किए।




### तस्कर हुआ फरार

हालांकि, तस्कर मौके का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। जब्त किए गए सोने का कुल वजन 2.367 किलोग्राम है, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 2,31,22,756.70 आंकी गई है। जवानों ने वहां पर एक संदिग्ध साइकिल सवार को आते हुए देखा। वह व्यक्ति, सीमा की बाड़ पार कर भारतीय क्षेत्र की तरफ आ रहा था।

## नाले, नालियों का पानी सड़कों पर भरा, घरों तक जा पहुंचा

# आधे घंटे की तेज बारिश में कई स्थानों पर जलप्लावन के नजारे





**जबलपुर। गुरुवार सुबह करीब 8 बजे से शुरू हुई तेज बारिश ने शहर को पूरी तरह पानी-पानी कर दिया। बारिश का सिलसिला 9:30 बजे तक लगातार मूसलधार बना रहा। इस एक घंटे में करीब 32.1 मिलीमीटर (सवा इंच से अधिक) वर्षा दर्ज की गई। रात से ही हल्की बूंदाबांदी हो रही थी, लेकिन सुबह की रफ्तार ने हालात बिगाड़ दिए। फिर देर शाम तक रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारी रहा।**

बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में जलभराव हो गया है। दमोह नाका, सिद्ध बाबा रोड, चेरीताल, हरदौल मंदिर, और दीक्षितपुरा मार्ग में दो फीट तक पानी जमा हो गया। निचले इलाकों में स्थिति और खराब रही। सिद्ध बाबा इलाके में तो दुकानों और घरों में पानी घुस गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि एक महीने पहले यहां सड़क निर्माण हुआ था, लेकिन ठेकेदार ने पुराने स्तर पर मिट्टी न हटाकर सीधा ऊंचा निर्माण कर दिया, जिससे पानी की निकासी रुक गई और पानी घरों में घुस गया।

### अतिक्रमण बना बाधा

बारिश के कारण लेमागार्डन, सिंधी कैंप, ठक्कर ग्राम, न्यू रामनगर, आनंद कालोनी, और सिविक सेंटर जैसे इलाकों में पानी भर गया। इन क्षेत्रों में जलनिकासी की उचित व्यवस्था नहीं है, और नालियों पर अतिक्रमण ने हालात और बिगाड़ दिए हैं। स्थानीय निवासी प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। लोगों का कहना है कि अभी तो बरसात की शुरुआत ही है, और ये हालात हैं, आने वाले दिनों में स्थिति और भी खराब हो सकती है। उन्होंने जल्द से जल्द नालियों की सफाई और अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

### 12 दिन से नहीं सूखीं सड़कें

इस बार मानसून की आमद के बाद जबलपुर में बारिश थमने का नाम नहीं ले रही। बीते 12 दिनों से लगातार हो रही मंद मंद और तेज बारिश ने शहर की सड़कों को सूखने नहीं दिया है। सड़कों से लेकर मोहल्लों तक जलभराव की स्थिति बन चुकी है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक और मूसलधार बारिश की चेतावनी जारी की है।

### घरों और दुकानों में भरा नालियों का पानी

गुरुवार की सुबह आधे घंटे की तेज बारिश से राधाकृष्ण वार्ड में लोगो के घरों दुकानों में नाले नालियों का पानी भर गया। क्षेत्रीय नागरिक एड तरुण कुमार रोहितास ने बताया कि सिंधी कैंप में विगत 2 माह से नालियों की सफाई न होने और राधाकृष्ण वार्ड ठक्कर ग्राम वार्ड से लगा हुआ नाला जिसकी बारिश पूर्व सफाई होनी थी जो नहीं हुई। ठक्कर ग्राम वार्ड क क्षेत्रीय पार्षद गुलाम हुसैन से बोलने के बाद भी ध्यान नहीं दिया गया परिणाम स्वरूप भारी बारिश से जाम नाले नालियों का पानी आज घरों में किचिन तक पहुंचा लोगो की किराना दुकानों के अंदर पानी आने से राशन खाद्य सामग्री खराब हुई। आम नागरिकों ने निगम प्रशासन के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया तत्काल महापौर को फोन लगाया जिससे भान तलैया जोन क्रमांक 8 के सफाई कर्मी नाला गैंग सक्रिय हुई साथ ही राधाकृष्ण वार्ड की पार्षद माधुरी सोनकर बारिश समाप्त होने के 2 घंटे बाद आई ओर नालियों पर अतिक्रमण अलग करने के लिए कहा।

### दावों की पोल खुली

बारिश के पहले ही दौर में शहर की सड़कों पर नालियों का पानी आने से उन दावों की पोल खुल गई जिनमे कहा गया था कि इस बार जलप्लावन नहीं होगा। नाले, नालियों की सफाई के साथ साथ पानी निकासी में बाधक अतिक्रमण भी हटा दिए गए हैं। खास बात तो यह है कि जिन क्षेत्रों में हाल ही में सड़कें बनी हैं, वहां भी जलभराव की समस्या खड़ी हो गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि सही प्लानिंग और समय पर सफाई होती तो हालात इतने खराब नहीं होते।



# छाए कजरारे बादल बरसे झमाझम

**जबलपुर।**

गुरुवार की सुबह से झमाझम बारिश हुई। दोपहर में कुछ देर मौसम खुलने बाद फिर मध्यम वर्षा होने लगी थी। गुरुवार को सुबह से शाम तक करीब 2 इंच बारिश ने शहर को तरबतर कर दिया। छुटपुट वर्षा को दौर देर रात तक जारी रहा। मौसम विभाग का कहना है कि मानसूनी बादल अब धीरे धीरे सक्रिय हो रहे हैं, गुरुवार को सुबह से ही आसमान पर बादल आते जाते रहे और सुबह 9 बजे से 11 बजे तक अच्छी खासी बारिश हुई। शाम 5.30 बजे के बाद आसमान पर घने बादल छाए और हल्की वर्षा शुरु हो गई। तेज बारिश के बाद कई स्थानों पर जलप्लावन की स्थिति बन गई। कछियाना, अग्रवाल कालोनी, नरघैया, बल्देवबाग, चैरीताल, दीक्षितपुरा आदि क्षेत्रों में पानी भरने की शिकायतें प्राप्त हुई। कुछ देर तक रिमझिम बारिश का दौर चलता रहा। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 48 घण्टों के दौरान जिले के अधिकांश स्थानों में भारी वर्षा हो सकती है। स्थानीय मौसाम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार हवा के कम दबाव का क्षेत्र बनने से गुरुवार की शाम शानदार बारिश हुई एक घण्टे के दौरान करीब 40.02 मिलीमीटर वर्षा के बाद तापमान में गिरावट आई। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 29.05 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 4 डिग्री कम दर्ज किया गया, वही न्यूनतम तापमान 25.0 सामान्य दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 97 प्रतिशत व सांय काल 95 प्रतिशत आंकी गई। कल शाम हुई बारिश 40.02 मिली मीटर दर्ज की गई। एक जून से अब तक कुल वर्षा 140.07 मिली मीटर (लगभग 6 इंच बारिश) दर्ज की जा चुकी है। सूर्योदय सुबह 5.27 बजे और सूर्यास्त 07.00 बजे हुआ। दक्षिणी पश्चिमी हवाएं 4 से 5 किलोमीटर प्रति घण्टें की रफ्तार से चलीं अगले 24 घंटों के दौरान जबलपुर संभाग में कई स्थानों पर वर्षा की संभावना है।

**गर्मी से मिली राहत, जलप्लावन ने रुलाया**

### मौसम विभाग की चेतावनी

मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि अगले तीन दिनों तक शहर में मूसलधार बारिश जारी रहने की संभावना है। ऐसे में प्रशासन और नागरिकों को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

## नागपुर में आयोजित वर्ल्ड रिकार्ड गायन में नगर के एड. निशिकांत चौधरी सम्मानित

**जबलपुर।** गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्राप्त मनीष पाटिल फाउंडेशन नागपुर द्वारा हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान के अंतर्गत आयोजित संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 75 घंटे गायन का विश्व रिकार्ड बनाया गया। प्रतियोगिता में नगर के एड. निशिकांत चौधरी ने प्रतिभागी के रूप में विशेष पुरस्कार प्राप्त किया। डॉ. बाबा साहेब आम्बेडकर इंटरनेशनल कन्वेन्शन सेंटर नागपुर में आयोजित समारोह में मनीष पाटिल फाउंडेशन के चेयरमेन मनीष पाटिल, मिलिंद माने एवं आयोजन समिति से स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर एड. निशिकांत चौधरी को सम्मानित किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ गायकों को शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।



## अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर कार्यशाला संपन्न

**जबलपुर।** नवज्योति नशा मुक्ति सहपुनर्वास केन्द्र अवधपुरी द्वारा शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय ग्वारीघाट में 26 जून अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर मादक पदार्थों के व्यापार व्यवसाय एवं सेवन की रोकथाम हेतु एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं दिवंगतजन सशक्तिकरण जबलपुर संयुक्त संचालक सोनम बर्वे ने सभी उपस्थित युवाओं को मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहने की अपील की और उपस्थितजनों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। अन्य वक्ताओं ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. पंकज मिश्रा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर हेमंत सोलंकी, श्वेता मिश्रा, नीरज रजक, डॉ. एलएल अहिरवार, डॉ. ओपी द्विवेदी, डॉ. आरके द्विवेदी, डॉ. भूपेन्द्र मिश्रा, डॉ. पंकज मिश्रा, डॉ. गरिमा तिवारी, डॉ. राकेश, डॉ. जाग्रति, डॉ. रामकुमार अग्रवाल, डॉ. मरकाम, डॉ. मनीषा राय की उपस्थिति रही।



## रंगदारी वसूलने रजा चौक में चाकूबाजी, 1 घायल

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अतंर्गत रजा चौक में जबरन रुपयों की मांग कर दो बदमाशों ने दो भाईयों के साथ मारपीट कर एक भाई पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यू आनंदनगर पंप हाऊस के पास हनीफ चौक निवासी 22 वर्षीय आबिद अली गत रात लगभग 11 बजे अपने दोस्त की दुकान में बैठा था तभी उसके भाई अफजल का फोन आया जिसने बताया कि रजा चौक में नसीम और मुजम्मिल उससे विवाद कर उससे जबरन रुपए की मांग कर रहे है। सूचना पर आबिद अली मौके पर पहुंचा और नसीम से पूछा किस बात का पैसा चाहिये, इसी बात को लेकर दोनों गाली गलौज करने लगे, उसने गाली देने से मना किया तो नसीम ने चाकू से हमला कर उसकी जांघ पर पीछे तरफ चोट पहुंचा दी एवं मुजम्मिल ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## कालोनियों में नहीं एसटीपी प्लांट

**जबलपुर।** शहर के जागरुक नागरिकों ने जिला प्रशासन के समक्ष कालोनियों में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट को लेकर की गई लापरवाही और बिल्डर्स को इस मामले में खुली छूट देने का बड़ा सवाल खड़ा किया है। खास बात ये है कि कालोनियों के लिए ले-आउट पास करने वाले टी. एंड सी .पी. विभाग द्वारा हर कालोनी में विकास के साथ एसटीपी संयंत्र स्थापित करके जल-मल अर्थात धूसर जल को नालों में बहाने के बजाय उसे ट्रीटमेंट के जरिए कालोनियों में ही गार्डन जैसे हरित क्षेत्र में लगाने का आदेश दिया जाता है मगर मौके पर 99 प्रतिशत कालोनियों में ऐसा कुछ भी नहीं देखा जा रहा है। इस वजह से राज्य सरकार और पर्यावरण विभाग के उस उद्देश्य को धूलधूसरित किया जा रहा है जिसके तहत शहर व लगे हुए ग्रामीण इलाकों से गुजरने वाले बड़े नालों में गंदगी को बहने से रोका जा सके।

**बिल्डरों ने किया करोंड़ों का गोलमाल, नियमों की लापरवाही**

### करोड़ों बचाए जा रहे

नागरिकों ने खुलासा किया है कि जिला प्रशासन पर कालोनियों के विकास पर नजर रखने की जिम्मेदारी होने के बावजूद वह एसटीपी संयंत्र के नाम पर बिल्डर्स द्वारा करोड़ों रुपए बचाए जा रहे खेल से अनजान बना हुआ है। एक जानकारी के अनुसार शहर और उससे लगे हुए ग्रामीण इलाकों में सैकड़ों की तादाद में कालोनियों का मकड़जाल फैला हुआ है। हर कालोनी में टी. एंड सी .पी. विभाग की गाइडलाइन के मुताबिक एसटीपी संयंत्र लगाना अनिवार्य है। एक छोटे एसटीपी संयंत्र को लगाने में अमूमन डेढ़ से दो करोड़ रुपए की लागत आती है। परंतु अंडर ग्राउंड अथवा ओपन ग्राउंड नाली बनाकर जल-मल/धूसर जल गंदगी बनकर कालोनियों में ही बहाया जाता रहता है। जो पर्यावरण में जहर घोलने का कारण बन रहा है।

### प्लाट होल्डर रहता है अनजान

आमतौर पर कालोनी में प्लाट अथवा मकान खरीदते समय प्लाट होल्डर्स को यह नहीं बताया जाता है कि जिला प्रशासन और टी. एंड सी .पी. विभाग ने कालोनियों में एसटीपी संयंत्र लगाया जाना अनिवार्य किया गया है।

### नालों में ही बहती गंदगी

शहर के जागरुक एवं वरिष्ठ नागरिकों राजेन्द्र तिवारी, अनंत चतुर्वेदी, सुधीर गुप्ता,ए.के. श्रीवास्तव,प्रकाश कुररिया, रमाकांत तिवारी, उदय सिंह बैस आदि ने कहा है कि नई बसाहट होते समय जिला प्रशासन को देखना चाहिए कि जल-मल व धूसर जल को नियमानुसार व्यवस्थित किया जा रहा है अथवा नहीं। शहर के नालों में बहने वाली गंदगी को रोकने के लिए उचित प्रबंध तथा कठोर कार्रवाई किया जाना चाहिए।

## जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर बड़ा फुहारा में स्वर्णमयी झाड़ू से रास्ता बुहारेंगे संतगण

### 11 रथों की एक साथ महाआरती आज

जबलपुर। जबलपुर संस्कारधानी में भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा का सैकड़ों वर्षों का इतिहास है, सन 1984 से जारी परंपरा अनुसार बड़ा फुहारा स्थित आयुर्वेदिक दवाई की दुकान खुन्नेलाल एंड कंपनी के सामने जगदीश मंदिर गढ़ाफाटक साहू समाज, जगदीश मंदिर हनुमानताल बंगाली समाज, चौरसिया समाज विट्ठल रघुराई मंदिर आईटीआई द्वारा सभी रथों का पूजन किया जाएगा।रथ यात्रा स्वागत समिति के अध्यक्ष एवं नर्मदा महा आरती के संस्थापक डॉ. सुधीर अग्रवाल ने बताया सभी रथों की महाआरती पूज्य जगद्गुरु स्वामी नरसिंह देवाचार्य महाराज, दंडी स्वामी प्यारेनंद महाराज, महामंडलेश्वर अखिलेश्वरनंदगिरि महाराज, स्वामी गिरिशानंद महाराज, महामंडलेश्वर राधेचैतन्य महाराज, पूज्य ज्ञानेश्वरी दीदी, स्वामी कलीनंद गिरी महाराज, स्वामी पगलानंद महाराज, स्वामी रामजी शरण महाराज, चंद्रशेखरानंद महाराज, ज्योतिषचार्य रोहित महाराज, स्वामी रामेश्वरनंद महाराज, योगी राजेश महाराज एवं संतों के सानिध्य में विभिन्न क्षेत्रों से आए सभी रथों की महाआरती एवं पुरी की तर्ज पर स्वर्णमई झाड़ू से 27 जून शुक्रवार शाम 4 बजे बड़े फुहारा में रास्ता बुहारा जाएगा। रथ यात्रा स्वागत समिति के अध्यक्ष एवं नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ. सुधीर अग्रवाल ने बताया 29.6.2014 में स्वर्णमई झाड़ू से पहली बार रास्ता बुहारा गया था, झाड़ू में पंचधातु सोना, चांदी, पीतल, तांबा, कांसा रहता है, उस समय उसका वजन एक किलो 650 ग्राम था, आज एक किलो 630 ग्राम बचा है।

# प्राकृतिक खेती अपनाओ-धरती, पानी, गाय, पर्यावरण और जन और पशु स्वास्थ्य को बचाओः आचार्य देवव्रत

## प्राकृतिक खेती के प्रोत्साहन के लिए मप्र सरकार बनाएगी योजना : मुख्यमंत्री

**जबलपुर।**

गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा धरती, पानी, गाय, पर्यावरण और जन और पशु स्वास्थ्य को बचाना है तो प्राकृतिक खेती को अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ियों को बचाने के लिये जहर मुक्त खेती की ओर बढ़ना समय की मांग है। "एक चौपाल-प्राकृतिक खेती के नाम" कार्यक्रम में राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने बतौर मुख्य वक्ता यह बात जिले के किसानों का आह्वान करते हुए मानस भवन सभागार राइट टाउन जबलपुर में कही। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के आह्वान पर आयोजित "एक चौपाल-प्राकृतिक खेती के नाम" कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, विशिष्ट अतिथि मप्र के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंसाना एवं जबलपुर के सभी जनप्रतिनिधि शामिल हुए। ग्रामीण परिवेश से सजे सभागार की कुर्सियां भरने के बाद जमीन पर बैठकर और सभागार के बाहर लगी लाइव स्क्रीन पर बड़ी संख्या में किसानों कार्यक्रम को देखा और चौपाल में सहभागिता की। प्रातः 11 बजे कार्यक्रम स्थल पहुंचे किसान कार्यक्रम की समाप्ति तक कार्यक्रम स्थल में उपस्थित थे। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने अपने संबोधन में कहा आज जबलपुर के किसानो के बीच आने का जो अवसर मुझे मिला है इसके लिए मप्र के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह का आभार व्यक्त करता हूं क्योंकि कृषि जैसा विभाग इनके पास नही है इसके बाद भी गुजरात प्रवास के दौरान प्राकृतिक खेती पर इन्होने मुझसे घंटो बात की, इसके बाद भी लगातार उन्होंने मेरे से संपर्क किया और हर बार कहा प्रकृति और जीवन को बचाने के लिए प्राकृतिक खेती पर एक कार्यक्रम जबलपुर में करने की बात की उनकी इसी सोच के कारण मैं आपके बीच प्राकृतिक खेती पर बात करने आया हूं।






### मंडियों में होगी दो तरह की व्यवस्था : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्राकृतिक खेती के नाम एक चौपाल कार्यक्रम को अद्भुत व प्रेरणादायी बताकर कहा कि जिस प्रकार नमस्कार का असली महत्व कोविड के बाद आया, ठीक इसी प्रकार प्राकृतिक खेती का विचार रासायनिक खेती के दुष्परिणामों के बाद आ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने स्वयं खेती की है, जिसमें रासायनिक खादों की आदत नहीं थी। लेकिन पश्चिम आधारित सोच के कारण कृषि में रासायनिक खाद का उपयोग बढ़ा। भारतीय ज्ञान के प्रति बढ़ते रूझान को देखते हुए गौ-पालन के लिए गौशाला बनाये जा रहे हैं, जिसके उत्पाद से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलेगा। ख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में प्राकृतिक खेती की बड़ी संभावना है। प्रदेश में प्राकृतिक खेती की ओर रूझान बढ़ रहा है। उन्होंने कृषि मंत्री से कहा कि प्राकृतिक खेती के प्रोत्साहन के लिए योजनाएं बनायें, वे निश्चित रूप से इसे लागू करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने प्राकृतिक खेती और रासायनिक खेती से उत्पादित फसलों के उपार्जन के लिए मंडियों में दो तरह की व्यवस्था बनाने की घोषणा की, ताकि उत्पादित फसलों के उपभोग में कठिनाई न आये।

### प्राकृतिक खेती का उल्लेख हमारे ग्रंथों में मिलता है:- सिंह

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा हमारा देश हमेशा सुजलाम सुफलाम रहा है। पंच महाभूतो के महत्व को हमारे ऋषि मुनि और पूर्वज जानते थे हजारों वर्षो पूर्व के ग्रंथो में हमारी कृषि परंपरा का उल्लेख मिलता है। ऋषि पाराशर, ऋषि वराहमिहिर और ऋषि सूर्यपाल भारत की पारंपरिक कृषि और ज्योतिष परंपरा के विद्वान रहे हैं। इन्होंने प्रकृति, कृषि, ऋतुचक्र, भूमि की उर्वरता, और प्राकृतिक जीवनशैली पर महत्वपूर्ण बातें कही हैं। ऋषि पाराशर ने अपने ग्रंथ कृषि पाराशर, ऋषि वराह मिहिर ने व्रह्मसंहिता, ऋषि सूर्यपाल ने अपने रचित ग्रंथ में कृषि की विधियों को बताया है।

### यह रहे उपस्थित...

कार्यक्रम में राज्य सभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मिक, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, डॉ. अभिलाष पांडे, संतोष बरकड़े, नीरज सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोटिया, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज मंचासिन थे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष तिवारी रानू ने एवं आभार ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल ने व्यक्त किया। इस अवसर पर कृषि विश्वविद्यालय कुलगुरु पी के मिश्रा, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय कुलगुरू राजेश कुमार वर्मा, किसान संघ के प्रांत संगठन मंत्री भरत पटेल, श्रीमती नंदनी मरावी, विनोद गौंटिया, हरेंद्रजीत सिंह बब्बू, नीलेश अवस्थी, शिव पटेल, ओमप्रकाश पटेल, रामप्रकाश गर्ग, पंकज दुबे, राजेश दाहिया, रजनीश यादव, राजेश राय, अभिनव यादव, अरविंद पटेल सहित जिले के प्रगतिशील किसान मौजूद थे।

## बड़े फुहारे से निकलेगी रथों की सामूहिक यात्रा

# भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा आज

**जबलपुर।** भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा 27 जून शुक्रवार को शहर में हर्षोल्लास के साथ निकाली जाएगी। ऐसी मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ स्वामी बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ विश्राम करने के लिये 15 दिनों के लिये ससुराल जाते हैं। हालांकि भगवान ससुराल जाते हैं या अपनी मौसी के घर, इन दोनों ही बातों का उल्लेख धार्मिक ग्रंथों में किया जाता है। रथयात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ स्वामी के रथ को खींचने बड़ी संख्या में श्रद्धालु शहर की सड़कों पर उमड़ पड़ते हैं। नगर में परम्परानुसार इस वर्ष भी घमंडी चौक बड़े फुहारे से जगन्नाथ स्वामी के रथों की संयुक्त शोभायात्रा प्रारंभ होगी।



### साहू समाज की रथयात्रा

वात्री साहू समाज द्वारा संचालित श्री जगदीश स्वामी कर्मा माई शंकर भगवान मंदिर ट्रस्ट लॉर्डगंज द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रथयात्रा महोत्सव का आयोजन किया गया है, रथयात्रा का शुभारंभ ट्रस्ट के रिसीवर तहसीलदार (आधारताल) मेहते राजेंद्र प्रसाद साहू (प्रमुख मुखिया वात्री साहू समाज) भगवान जगन्नाथ स्वामी का पूजन अर्चन कर करेंगे। विशिष्ट अतिथि लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सासंद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अभिलाष पांडे, पूर्व महापौर प्रभात साहू, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष रवि किरण साहू सहित अन्य गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। साहू समाज द्वारा विगत 136 वर्षों से रथयात्रा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है और यह रथयात्रा का 136वां वर्ष है और इस वर्ष रथयात्रा साहू धर्मशाला गढ़ाफाटक स्थित अस्थायी मंदिर से प्रारम्भ होगी जो चरहाई, बड़े महावीर मंदिर के सामने से होते हुए बड़ा फुहारा पहुँचेगी जहाँ से मुख्य जुलूस में आगे बढ़ते हुए कमानिया गेट, सराफा, मिलौनीगंज चौक, घोड़ा नक्कास, हनुमानताल होते हुए सिंहवाहनी मंदिर, बड़ी खेरमाई में समाप्त होगी। बड़ी खेरमाई स्थित सिंहवाहनी मंदिर में भगवान श्री जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र एवं बहिन देवी सुभद्रा के साथ 12 दिन विश्राम करेंगे जहाँ प्रतिदिन पूजन अर्चन, भजन कीर्तन और प्रसाद वितरण होगा। इसके पश्चात 10 जुलाई गुरुवार को शाम 5 बजे भगवान की वापसी रथयात्रा निकाली जाएगी और पुनः भगवान अपने मंदिर में विराजमान होंगे। रथयात्रा के दौरान यात्रा मार्ग में भगवान जगन्नाथ का भात और मीठी बूंदी के प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### जगदीश मंदिर गढ़ाफाटक

श्री जगदीश स्वामी मंदिर गणेश मंदिर लोक न्यास द्वारा जगदीश मंदिर प्रांगण गढ़ाफाटक जबलपुर से भव्य रथयात्रा निकाली जायेगी। प्रबंध न्यासी राजकुमार साहू, तेज कुमार मोढ़, पप्पन मिश्रा आदि ने उपस्थिति की अपील की है।

### सिटी बंगाली क्लब की रथयात्रा

बंगाली समाज की रथ यात्रा शुक्रवार 27 जून को सायं 5.30 बजे से सिद्धि बाला बोस लायब्रेरी एसोसियेशन, सिटी बंगाली क्लब करमचंद चौक से प्रारंभ होगी। प्राचीन है रथ यात्रा सिटी बंगाली क्लब से निकाली जाने वाली रथ यात्रा बंगाली समाज की प्राचीन रथ यात्रा है जो वर्ष 1967 से निकली जा रही है, वर्ष 2022 में जगन्नाथ मंदिर बनवाकर पूरीधाम से भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, और सुभद्रा का नया विग्रह लाकर प्राण प्रतिष्ठा की गई है, साथ ही रथ का विस्तार कर उसे आकर्षक बनाया गया है। इस वर्ष चांदी से निर्मित सोने की पालिश वाले नवीन शुभ झाड़ू से रथ और मार्ग की सांकेतिक सफाई की जाएगी।

### एक से परिधान में शामिल होंगे श्रद्धालु

रथ यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं में महिलाओं के लिए पीली साड़ी लाल किनारे वाली और पुरुष वर्ग के लिए पीला कुर्ता पहनकर आने का आग्रह किया गया है। प्रसाद के रूप में भगवान जगन्नाथ का भात प्रसाद, समोसा, जलेबी का वितरण किया जाएगा। सचिव प्रकाश साहा ने रथ यात्रा में शामिल होने की अपील शहरवासियों से की है।

### फुहारा में सोने की झाड़ू से होगा रास्ता साफ

आज बड़े फुहारा में शाम 4:00 बजे संत महात्माओं की उपस्थिति में महाआरती की जाएगी साथ ही स्वर्णमई झाड़ू से रास्ता को बुहारा जाएगा। रथ यात्रा में जगदीश मंदिर गढ़ाफाटक साहू समाज हनुमानताल, चौरसिया समाज बंगाली क्लब सभी रथ एक साथ बड़े फुहारा में इकट्ठे होंगे फिर सामूहिक रूप से निकाले जाएंगे सन 1984 से लगातार बड़े फुहारा खुन्नें लाल एंड कंपनी आयुर्वेदिक दवाई की दुकान के सामने से सभी संतो के द्वारा महा आरती पूजन अर्चन के बाद रथ यात्रा का शुभारंभ होगा। सनातन धर्म महासभा के संयोजक एवं नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल, मुकेश साहू, शरद अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, मनमोहन दुबे आदि ने उपस्थिति की अपील की है।



# चयनित 25 कनिष्ठ अभियंता अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का दूसरे दिन भी चला सत्यापन

## पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में विभिन्न पदों के लिए हुई भर्तियां

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश ऊर्जा विभाग के अधीन पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विभिन्न पदों पर चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण पूर्व क्षेत्र कंपनी के प्रशिक्षण कार्यालय जबलपुर में किया जा रहा है। आज सत्यापन प्रक्रिया में 25 कनिष्ठ अभियंता (वितरण) अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापित किए गये। दस्तावेज परीक्षण की इस प्रक्रिया में अलग- अलग टीमों का गठन किया गया है। प्रत्येक टीम में अनुभवी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शामिल किया गया है, जो अत्यंत पारदर्शिता और अनुशासन के साथ कार्य कर रहे हैं।कंपनी प्रबंधन ने जानकारी देते हुए बताया कि आज चयनित कनिष्ठ अभियंता (विद्युत वितरण) के कुल 25 अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच की गई है।

# आज भगवान जगन्नाथ स्वामी की गढ़ाफाटक से निकलेगी 258वीं रथ यात्रा

**जबलपुर।** श्री धाम जगदीश मंदिर गढ़ाफाटक में भगवान जगन्नाथ स्वामी की अस्वस्थता के कारण दिनांक 11 जून से भगवान जगन्नाथ स्वामी के पट 14 दिवस के लिए पूर्णतः बंद कर दिए गए, 108 कलशों से भगवान जगन्नाथ स्वामी का स्नान हुआ, भगवान जगन्नाथ स्वामी बहन सुभद्रा मैया, छोटे भाई बलभद्र भगवान को एकांत कक्ष में विश्राम करा दिया गया था, दिनांक 26 जून को नेत्रोत्सव के बाद 27 जून शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि दिन शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ स्वामी की महाआरती के बाद विशाल भंडारा भोजन प्रसादी के साथ संस्कारधानी के साधु-संतों के सान्निध्य में विराट रथयात्रा निकाली जाएगी। भगवान जगन्नाथ स्वामी को बड़े फुहारा में जगदीश मंदिर गढ़ाफाटक साहू समाज, जगदीश मंदिर हनुमानताल बंगाली समाज, चौरसिया समाज, विठ्ठल रघुराई मंदिर आईटीआई रथ का स्वागत सोने की झाड़ू से सड़क बुहारने के बाद नगर भ्रमण के लिए प्रस्थान किया जाएगा, जिस प्रकार जगन्नाथपुरी उड़ीसा में भगवान जगन्नाथ स्वामी द्वारा 10 दिवस के लिए गुंडीचा माता मंदिर में स्वामी मौसी के निवास पर विश्राम किया जाता है उसी प्रकार संस्कारधानी के प्राचीन मंदिर श्रीधाम जगदीश मंदिर में भगवान जगन्नाथ स्वामी द्वारा नगर भ्रमण के बाद श्री हनुमान मंदिर अखाड़ा गढ़ाफाटक में 10 दिन तक विश्राम किया जाएगा। रथयात्रा में उपस्थिति की अपील ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी लाल ज्ञानेंद्र सिंह बघेल, न्यासी राजकुमार साहू, विपिन मिश्रा, तेज कुमार मोड, मोहित तिवारी, दीपक तिवारी, राहुल मिश्रा, डॉ. विजयकांत तिवारी, पंडित मनमोहन दुबे, श्याम मनोहर पटेल, सुरेश विश्वकर्मा, देवेंद्र नेमा, सत्य प्रकाश नामदेव आदि ने की है।

# इटावा की घटना को लेकर यादव महासभा आज सौंपेगी ज्ञापन

**जबलपुर।** इटावा उत्तरप्रदेश में 22 जून 2025 को घटित घटना जिसमें श्रीमद् भागवत कथा वाचक मुकुटमणि यादव एवं उनके सहयोगियों के साथ की गई सरेआम मारपीट एवं सिरमुंडन कर नाक रगड़वाकर जातिगत अपमान करने की वीभत्स घृटित एवं अमानवीय कुकृत्य को लेकर अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा जबलपुर द्वारा एक ज्ञापन प्रधानमंत्री भारत सरकार नरेन्द्र मोदी के नाम जबलपुर कलेक्टर को 27/06/2025 दोपहर 2.30 बजे सौंपा जाना है। इस अवसर पर जिला यादव महासभा अध्यक्ष रामकुमार यादव बड्डा, संभाग अध्यक्ष विजय यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश यादव, शहर अध्यक्ष मनोज यादव, संजय यादव, बसंता, प्रदेश महासचिव महिला शहर अध्यक्ष कंचन यादव, ग्रामीण अध्यक्ष रश्मि यादव, जिला उपाध्यक्ष सविता यादव, दीपक यादव, प्रदेश सचिव मोहन यादव उपाध्यक्ष, राहुल यादव, शक्तिराज यादव, दिनेश यादव, राकेश यादव, देवेन्द्र यादव, पार्थ यादव, राकेश यादव युवा ग्रामीण अध्यक्ष, नारायण यादव, अर्जुन यादव, बोलबोध यादव, सीताराम यादव, डेलन यादव, महादेव पहलवान, सतीश यादव, विक्की यादव, अर्जुन यादव आदि ने समस्त स्वाजातीय बंधुओं से घंटाघर जबलपुर पहुंचने की अपील की है।

# इटावा घटना को लेकर अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा ने ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर।**

स्वतंत्र भारत में आज भी कुछ लोग जातिवाद की घृणित मानसिकता व विचारधारा से ग्रसित होकर देश के लोगों की आपसी समरसता, भाईचारे को छिन्न-भिन्न कर जातिवाद रूपी जहर फैलाकर नष्ट करना चाहते हैं, जिसका ज्वलंत उदाहरण है उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के बकेबर थाना क्षेत्र के दादरपुर गांव में 22 जून 2025 को घटित घृणित घटना, जिसमें श्रीमद् भागवत कथा वाचक मुकुटमणि यादव, संत सिंह यादव एवं उनके सहयोगियों के साथ सरेआम मारपीट, जबरन बाल (चोटी) काटना, सभी का सिर मुंडन करना तथा नाक रगड़वाकर जातिगत अपमान करने की वीभत्स, घृणित व अमानवीय कुकृत्य का वीडियो बनाकर बहुत ही शर्मनाक तरीके से सोशल मीडिया पर वायरल करना। जिसको लेकर आज अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा जबलपुर एवं संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा के द्वारा प्रधानमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों के ऊपर कठोर से कठोर कार्यवाही करने विरोध प्रदर्शन किया गया। इनके इस अमानवीय कुकृत्य से उत्तर प्रदेश के साथ-साथ सम्पूर्ण भारत वर्ष का यादव समाज आहत हुआ है। आपसे अनुरोध है कि हमारे महान लोकतंत्र में ऐसी घृणित व विद्वेष रूपी मानसिकता वाले लोगों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही कर पीड़ित लोगों के साथ-साथ भारतवर्ष के सम्पूर्ण यादव समाज का अपमान करने वाले लोगों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही कर हमें न्याय प्रदान करें। आज के ज्ञापन में प्रदेश अध्यक्ष भारत सिंह यादव, महिला कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष विनीत यादव, संस्कार कांवड़ यात्रा के संयोजक शिव यादव, ग्रामीण अध्यक्ष राम मिलन यादव, महिला ग्रामीण अध्यक्ष उमेदा यादव, युवा शहर अध्यक्ष शशांक यादव, राजेंद्र यादव, रामरतन यादव, पूर्व पार्षद ऋषि यादव, प्रदीप यादव, आदि उपस्थित थे।





# नेत्र कुम्भ समापन समारोह में डॉ. पवन स्थापक का हुआ सम्मान

**जबलपुर।** विगत दिवस दिल्ली के एन.एम.डी.सी. कन्वेंशन सेंटर, कनॉट प्लेस में सक्षम (समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल) के द्वारा प्रयागराज महाकुम्भ के दौरान आयोजित नेत्र-कुम्भ का आभार एवं अभिनन्दन समारोह सम्पन्न हुआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह-सरकार्यवाह कृष्ण गोपाल थे। स्मरणीय है की प्रयागराज में आयोजित नेत्र-कुम्भ में इस बार विश्व का सबसे बड़ा नेत्र शिविर आयोजित हुआ जिसके ऊपर **AIIMS** में रिसर्च चल रहा है। पूरे विश्व में इतने बड़े नेत्र शिविर के आयोजन पर चर्चा हो रही है और शोध हो रहा है।12 जनवरी से 26 फ़रवरी 2025 तक चले इस नेत्र कुम्भ में 2.5 लाख से ऊपर लोगों का नेत्र परीक्षण हुआ था, 1,63,652 मरीजों को निःशुल्क चश्मे वितरित किये गए और 17,964 मरीजों के निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन किये गए। नेत्र कुम्भ में अपनी विशिष्ट सेवाएं देने के लिए डॉ. पवन स्थापक को सम्मानित किया गया। डॉ.पवन स्थापक सक्षम के अखिल भारतीय दृष्टि प्रमुख भी हैं।

# चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने नशा दुष्प्रभाव पर उकेरे प्रेरणात्मक चित्र

**जबलपुर।**

नव ज्योति नशा मुक्ति केन्द्र अवधपुरी एवं सीपीएलआई के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अंतर्गत नशा मुक्ति विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन गढ़ा थाना प्रभारी प्रसन्न शर्मा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने नशा के दुष्प्रभाव व उसके बचाव को आकर्षक और प्रेरणात्मक चित्रों के माध्यम से उकेरा, जो बहुत ही सराहनीय रहा। थाना प्रभारी प्रसन्न शर्मा ने बच्चों द्वारा बनाई गई चित्रकारी की प्रशंसा की और मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक नुकसानों को बताया तथा जीवन में कभी भी किसी प्रकार का नशा नहीं करने की अपील की। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम आफरीन बी, द्वितीय आर्यन रजक, तृतीय पुरस्कार महिमा विश्वकर्मा को प्रदान किया गया। शेष सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर हेमंत सोलंकी, श्वेता मिश्रा, मयंक शाह, वैशाली पटेल, वंदना पाटकर, शकील खान, रश्मि सोलंकी, नीरज, हर्षल, चिराग सोलंकी, दीपा पटेल सहित अन्य सदस्यों की भूमिका सराहनीय रही।

# सभी विभागों में एक साथ ई-अटेंडेंस लागू करे सरकार

**सिहोरा।** केवल शिक्षक संवर्ग हेतु ई अटेंडेंस योजना को लाया जाना समाज में ऐसा संदेश देता है कि शिक्षक अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाह है।राज्य शिक्षक संघ मध्यप्रदेश ने ऐसे कुप्रचार को फैलाने वाली ई अटेंडेंस योजना को सिर्फ शिक्षकों के लिए लागू किए जाने को अन्यायपूर्ण बताया।संघ के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र त्रिपाठी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि ऐसी व्यवस्था लागू करना सरकार का हक है पर इसे मध्यप्रदेश के समस्त विभागों के समस्त कर्मचारियों पर एक साथ लागू किया जाना चाहिए। संघ ने सरकार को चेताया कि गुरु परंपरा को खंडित करने वाली इस योजना में प्रदेश का शिक्षक संवर्ग तब तक शामिल नहीं होगा जब तक यह केवल उनके लिए है। संघ के प्रांत अध्यक्ष जगदीश यादव ने कहा कि विगत दिवस मध्य प्रदेश के 10 वीं एवं 12 वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में सरकारी स्कूलों के बेहतर प्रदर्शन से उत्साहित मुख्यमंत्री ने शासकीय शिक्षकों एवं विद्यालयों की तारीफों के पुल बांधे थे और कुछ दिन गुजरते ही केवल उनके लिए ही अटेंडेंस योजना लागू करना है।



# उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**सिहोरा।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण आज सिहोरा के सांदीपनी पंडित विष्णु दत्त उत्कृष्ट विद्यालय मे आयोजित किया गया । यह कार्यक्रम विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविन्द सिंह धुर्वे एवं सी.एम.राइज प्राचार्य अशोक उपाध्याय के सानिध्य में और बी.आर.सी.प्रभारी बृजेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का आयोजन विकासखंड सह समन्वयक श्याम राव मंडलेकर के मार्गदर्शन एंव सभी संकुल सह समन्वयकों के सहयोग से किया गया।इस अवसर पर जिले से भी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे जिनमें जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी श्रीमती अंजनी सेलेट और जिला सह समन्वयक दीपक पटेल प्रमुख थे। इनके साथ जबलपुर नगर से बीआरसीसी एवं विकासखंड सहसमन्वयक केशव दुबे, कुंडम नेतराम झारिया,पनागर से विनोद कुमार पटेल, नगर 2 से सह जगत पटेल, ग्रामीण से श्रीमती अमृता कोरी, सिहोरा से बृजेश झारिया,शहपुरा से श्रीमती बिंदु गुप्ता और पाटन से भास्कर गुप्ता भी मौजूद रहे।

# सुबोध जैन मध्यप्रदेश लघु उद्योग संघ के प्रदेश अध्यक्ष बने

**जबलपुर।** सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमों की शीर्षस्थ संस्था मध्य प्रदेश लघु उद्योग संघ के सुबोध कुमार जैन प्रदेश अध्यक्ष बने। आप एलाइट क्रांक्रीट प्रोडक्ट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर हैं। श्री जैन का प्रदेश अध्यक्ष पद पर निर्वाचन संस्कारधानी के लिए अत्यंत हर्ष की बात है। सामाजिक, व्यापारिक, औद्योगिक, शिक्षा एवं अनेक संस्थाओं में सुबोध जैन अनेक महत्वपूर्ण पदों को सुशोभित कर रहे हैं, वहीं गोपाल कृष्ण असावा को जबलपुर क्षेत्र का उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया है।मध्य प्रदेश लघु उद्योग संघ 1959-60 से औद्योगिक क्षेत्र में सक्रियता से कार्यरत हैं। यह संस्था मध्य प्रदेश के सभी जिलों के उद्यमों का प्रतिनिधित्व करती है, 1225 से अधिक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की सदस्य संख्या केंद्र एवं राज्य शासन की उद्योग एवं व्यापार से संबंधित समितियों में प्रतिनिधित्व लगभग 50 शासकीय आईटीआई के उन्नयन हेतु जन निजी भागीदारी के अंतर्गत गठित आईएमसी की अध्यक्षता म.प्र. के लघु उद्योग संघ के सदस्यों द्वारा की जाती है।






**श्री ज्ञानचंद वर्मा-** ग्रीन सिटी माढ़ोताल निवासी श्री ज्ञानचंद वर्मा (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रज्जू साहू-** न्यू बिल्डिंग सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री दद्दी प्रसाद साहू की धर्मपत्नी श्रीमती रज्जू साहू का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कुसुम अवस्थी-** गोरखपुर पूर्व छोटी लाइन फाटक के पास निवासी श्री एसपी अवस्थी की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम अवस्थी (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गोवर्धन अग्रवाल-** मिलौनीगंज हरदौल मंदिर के पास निवासी श्री गोवर्धन अग्रवाल (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री श्याम नारायण सिंह-** नीमखेड़ा निवासी श्री श्याम नारायण सिंह (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ललित वानिया-** गोरखपुर गुरूद्वारा के पास अहीर मोहल्ला निवासी श्री ललित वानिया (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री किशन चंद दास-** डीएससी लाइन लोबो कॉलोनी बिलपुरा निवासी श्री किशन चंद दास (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रमाकांत जाट-** कंजड़ मोहल्ला पूर्वी बेलबाग निवासी श्री रमाकांत जाट (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रामकली चौधरी-** रांझी बड़ा पत्थर निवासी श्री जिया लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती रामकली चौधरी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हीरा सिंह ठाकुर-** सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री हीरा सिंह ठाकुर (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती जयंती चौधरी-** समाधि रोड गौर निवासी श्री दामोदर चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती जयंती चौधरी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेंद्र प्रसाद-** गोरखपुर ईसाई मोहल्ला निवासी श्री राजेंद्र प्रसाद (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री सोना लाल पटेल-** रीवा कॉलोनी छापर रामपुर निवासी श्री सोना लाल पटेल (85) का निधन हो गया।अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160



# आज नगर भ्रमण पर निकलेंगे भगवान जगन्नाथ स्वामी

## सिहोरा में रथ यात्रा का भव्य आयोजन

**सिहोरा।** जगन्नाथ के भात को जगत पसारे हाथ हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आज शुक्रवार को धर्म जागरण समिति के तत्वावधान में सिहोरा में भगवान जगन्नाथ स्वामी,बालभद्र एंव बहन सुभद्रा को रथ मे विराजमान कर भव्य शोभायात्रा शाम 4.30 बजे से निकाली जायेगी जो पूजन अर्चन के बाद बाबाशाला कटरा मोहल्ला से प्रारंभ होकर झंड़ा बाजार,कालभैरव चौक,सरावगी मोहल्ला,महावीर चौराहा,मैना कुआं,हरदौल मंदिर से होकर निकलेगी और बाबाताल में सम्पन्न होगी।आज हजारों भक्त गण भगवान का रथ खींचकर पुण्य लाभ अर्जित कर अपने आप को धन्य करेंगे। पुराणों के अनुसार ऐसा कहा जाता है कि भगवान जगन्नाथ की बहन को नगर देखने का मन हुआ तो उनकी बात पर भगवान जगन्नाथ जी और बालभद्र अपनी बहन सुभद्रा के रथ पर बैठकर नगर घूमने गए।इस दौरान वे अपनी मौसी के घर भी गए और सात दिन तक यहां रुकें तभी से ये रथ यात्रा निकालने की परंपरा चली आ रही है।

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं. /स. क्रं.11/19-20 /2025-26
दिनांक:- 26/06/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अमन गुप्ता पिता ओम प्रकाश गुप्ता ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बनर्जी वार्ड के भवन क्रमांक 1182/2 उत्तरायन इनक्लेव साउथ सिविल लाइन समपत्ति के पिन क्रमांक 1000399575 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 1363 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 1040 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 1040 व.फु. आरसीसी विक्रय पत्र, के आधार पर निगम में दर्ज (1) श्री प्रकाश चंद्र खरे पिता डी.आर. खरे (2) श्रीमति इन्द्रा खरे पति प्रकाश चंद्र खरे का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

**FOR CHANGE OF NAME**
It is for general information that I, **SUSE MARY ALICK** D/O Late **A.G. ALICK,** declare that name of mine has been wrongly written as **MANJU** in Service Record of my father. The actual name of mine is **SUSE MARY ALICK,** which may be amended accordingly.
It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.
**(SUSE MARY ALICK)**
**Res. H.No. 3939, C/o Ram Lal Patel, Bajrang Nagar, Maharshi Sudarshan Ward, Ranjhi, Jabalpur (M.P.) 482005,**

**नाम परिवर्तन**
मैं, आर्मी नं. 10437893एफ रैंक हवलदार नाम कापसे सुधीर सुभाष पुत्र स्वर्गीय सुभाष यूनिट 1276 डीएससी प्लाटून आधार कार्ड नं. 2570 4445 1026 ने अपने बेटे का नाम (रिकॉर्ड/सेवा दस्तावेजों के अनुसार बेटे का मौजूदा नाम) प्राजोल से बदलकर कापसे प्रज्वल सुधीर (मेरे बेटे के आधार कार्ड के अनुसार प्रस्तावित/अपनाया नाम) कर दिया है, शपथ पत्र दिनांक 25/06/2025 ये की प्राजोल एवं कापसे प्रज्वल सुधीर दोनों एक ही व्यक्ति है एवं मेरे पुत्र के ही नाम है (स्टाम्प संख्या CX824673 पब्लिक नोटरी रामदास शर्मा, जबलपुर (अदालत का नाम और स्थान) के समक्ष।

खबर संक्षेप

## जियो फाइनेंशियल ने भुगतान बैंक में 190 करोड़ रुपए डाले



**नई दिल्ली।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने अपनी भुगतान बैंक अनुषंगी कंपनी में 190 करोड़ रुपये डाले हैं। शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी को पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी जियो पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के 10 रुपये मूल्य के 19,00,00,000 इक्विटी शेयर नकद मूल्य पर आवंटित किए गए हैं।

## भारतीय स्टार्टअप को पहली छमाही में वित्तपोषण घटा



**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में कुल वित्तपोषण 2025 की पहली छमाही में सालाना आधार पर 25 प्रतिशत घटकर 4.88 अरब डॉलर रह गया है। आंकड़ा आसूचना कंपनी ट्रैक्सन ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी।भारतीय प्रौद्योगिकी स्टार्टअप ने एक साल पहले की समान अवधि में 6.4 अरब डॉलर का निवेश जुटाया था।

## सिग्नेचर ग्लोबल एनसीडी के जरिए 875 करोड़ जुटाएगी

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल ने कारोबार वृद्धि के लिए निजी निर्गम के आधार पर गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र के जरिये 875 करोड़ रुपये तक जुटाने की योजना बनाई है। एक से अधिक किश्तों में निजी निर्गम के आधार पर 875 करोड़ रुपये से अधिक राशि के लिए सुरक्षित सूचीबद्ध गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र जारी करके धन जुटाने को मंजूरी दे दी है।

## सेबी ने बीएसई पर 25 लाख रुपए का जुर्माना लगाया



**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बुधवार को बीएसई पर सभी हितधारकों को कॉरपोरेट खुलासे तक समान पहुंच प्रदान करने में विफल रहने और कारोबार के दौरान लगातार संशोधन करने वाले ब्रोकरों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के लिए 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

## अप्रैल-जून में शहरी क्षेत्रों में कार्यालय स्थल की मांग बढ़ी



**नई दिल्ली।** वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद कंपनियों की अच्छी मांग से अप्रैल-जून की अवधि में सात प्रमुख शहरों में कार्यालय स्थल की पट्टा मांग 11 प्रतिशत बढ़कर 178 लाख वर्ग फुट हो गई। अप्रैल-जून 2024 में सात प्रमुख शहरों में सकल पट्टा मांग 161 लाख वर्ग फुट रही थी।

## विपुल ऑर्गेनिक्स जल उपचार के क्षेत्र में उतरी

**नई दिल्ली।** विशेष रसायन कंपनी विपुल ऑर्गेनिक्स लिमिटेड ने वैश्विक जल उपचार बाजार का लाभ उठाने के लिए 'मेमबरेन' निर्माण में विस्तार करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। यह कदम टिकाऊ प्रौद्योगिकियों में रणनीतिक विविधीकरण को दर्शाता है। सूचीबद्ध कंपनी मुख्य रूप से पिगमेंट और रंगों का काम करती है। कंपनी के प्रबंध निदेशक विपुल पी. शाह ने बयान में कहा, '' यह कदम विशेष रसायनों में हमारी मुख्य ताकत एवं शून्य-तरल निर्वहन प्रौद्योगिकियों के साथ हमारे अनुभव पर आधारित है।

# रेपो दर में कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाएं सभी बैंक : आरबीआई

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- केंद्रीय बैंक ने इसी माह रेपो दर में 0.50 फीसदी घटाई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की एक रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि सभी बैंकों को नीतिगत दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों तक तेजी से पहुंचाते हुए कर्ज को सस्ता करना चाहिए। केंद्रीय बैंक ने इसी महीने प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 0.50 प्रतिशत घटाकर 5.50 प्रतिशत कर दिया है।

रिजर्व बैंक के जून बुलेटिन में प्रकाशित एक लेख में इस बात पर जोर दिया गया है कि दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों तक प्रभावी तरीके से पहुंचाने के लिए वित्तीय स्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। अधिकांश बैंक फरवरी और अप्रैल में घोषित दरों में कटौती का लाभ अपने ग्राहकों तक पहले ही पहुंचा चुके हैं।

### केंद्रीय बैंक ने एक रिपोर्ट में दिया सुझाव

#### बैंकों के लिए कोष लागत को कम करेगा

लेख में कहा गया, "टिकाऊ तरलता प्रदान करने के अलावा, यह बैंकों के लिए कोष की लागत को कम करेगा, जिससे ऋण बाजार में मौद्रिक नीति संचरण की सुविधा होगी।" लेख में कहा गया है कि फरवरी-अप्रैल-2025 के दौरान नीतिगत रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती बैंकों की रेपो से संबद्ध बाहरी मानक आधारित कर्ज दरों (ईबीएलआर) और कोष की सीमान्त लागत आधारित ऋण दर (एमसीएलआर) में दिखती है।



#### बैंकिंग प्रणाली में 2.5 लाख करोड़ की नकदी उपलब्ध होगी

रिजर्व बैंक के जून, 2025 के बुलेटिन में 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' विषय पर प्रकाशित लेख में कहा गया, "वित्तीय स्थितियां ब्याज दर में कटौती का लाभ ऋण बाजार तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए अनुकूल बनी हुई हैं। सीआरआर में कटौती से दिसंबर, 2025 तक बैंकिंग प्रणाली में लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त नकदी उपलब्ध होगी।

*एसबीआई, बीओबी व एचडीएफसी कर चुके कटौती*
*एसबीआई बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) और एचडीएफसी बैंक सहित कई बड़े बैंक छह जून को आरबीआई द्वारा रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की भारी कटौती के कुछ ही दिन के भीतर अपनी मानक ऋण दर से जुड़ी ब्याज दर में इतनी ही कटौती कर चुके हैं।*

*एनडीटीएल तीन फीसदी लाने की घोषणा की थी : इसी महीने रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती के अलावा, आरबीआई ने वर्ष की दूसरी छमाही के दौरान चरणबद्ध तरीके से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में एक प्रतिशत की कटौती करके इसे शुद्ध मांग और सावधि देयताओं (एनडीटीएल) के तीन प्रतिशत तक लाने की घोषणा की थी।*

## भूराजनीतिक तनाव कम होने से बड़ी कंपनियों के शेयरों में खरीदारी

# सेंसेक्स में 1000 अंक का जोरदार उछाल, निवेशकों की बल्ले-बल्ले

- तीन सत्र में निवेशकों की संपत्ति 9.70 लाख करोड़ रुपए बढ़ी
- शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन उछाल दर्ज किया गया
- तनाव शांत होने से निवेशकों की धारणा हुई मजबूत
- अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए में मजबूती दर्ज की गई

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भू-राजनीतिक तनाव कम होने और चुनिंदा बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में जहां 1,000 अंक का जोरदार उछाल आया, वहीं निफ्टी 304 अंक चढ़ गया। विश्लेषकों के मुताबिक, पश्चिम एशिया में जारी तनाव शांत होने और घरेलू स्तर पर उपजे आशावाद ने निवेशकों की धारणा को मजबूती दी। इसके अलावा अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती के रुख से भी तेजी को समर्थन मिला।

#### निफ्टी में रही 304 अंक की तेजी

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,000.36 अंक बढ़कर 83,755.87 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,056.58 अंक चढ़कर 83,812.09 अंक तक पहुंच गया था। निफ्टी भी 304.25 अंक यानी 1.21 प्रतिशत बढ़कर 25,549 अंक पर बंद हुआ।

#### टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस में रही तेजी

सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, अदाणी पोर्ट्स, इटर्नल, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एक्सिस बैंक के शेयरों में प्रमुख रूप से तेजी रही। इसके उलट ट्रेंट, भारतीय स्टेट बैंक, टेक महिंद्रा, मारुति और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में गिरावट का रुख देखने को मिला।



#### जापान का निक्की बढ़त के साथ बंद

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की बढ़त के साथ बंद हुआ, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग के हैंग सेंग में गिरावट रही। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। बुधवार को अमेरिकी बाजार मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे।

#### मिडकैप व स्मालकैप चढ़े

व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.56 प्रतिशत की तेजी रही जबकि स्मॉलकैप 0.12 प्रतिशत चढ़ गया।क्षेत्रवार सूचकांकों में से धातु खंड में सर्वाधिक 2.28 प्रतिशत की तेजी रही। बीएसई पर सूचीबद्ध 2,097 शेयरों में तेजी रही जबकि 1,900 शेयर गिरकर बंद हुए और 156 अन्य के भाव अपरिवर्तित रहे।

#### घरेलू संस्थागत निवेशकों की खरीदी बढ़ी

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''पश्चिम एशिया में युद्धविराम के बाद मानक सूचकांक ने निवेशकों के तगड़े भरोसे को दर्शाया। हालांकि, विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली लगातार जारी है, लेकिन घरेलू संस्थागत निवेशक घरेलू खपत बढ़ने और नकदी की स्थिति सुधरने से शुद्ध खरीदार बने हुए हैं।''

#### तीन सत्र में निवेशकों की संपत्ति 9.70 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

भू-राजनीतिक तनाव कम होने के बाद बढ़ती सकारात्मक धारणा के बीच बाजार में तीन सत्र में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 9.70 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। बीएसई में शामिल कंपनियों का बाजार पूंजीकरण तीन सत्र में 9,70,200.71 करोड़ रुपये बढ़कर 4,57,52,700.57 करोड़ रुपये हो गया।

#### वायदा अनुबंधों के निपटान से बाजार एक फीसदी चढ़ा

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''मासिक वायदा अनुबंधों के निपटान के दिन बाजार एक प्रतिशत से अधिक चढ़ गए। सत्र की शुरुआत से ही सकारात्मक कारोबार हुआ जिसके पीछे बेहतर वैश्विक संकेतों की अहम भूमिका रही। चुनिंदा बड़ी कंपनियों में खरीदारी से बढ़त को मजबूती मिली।''

# साइबर अपराधियों के 700 बैंक शाखाओं में 8.5 लाख फर्जी खातें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- सीबीआई के जांच अधिकारियों ने लगाया पता
- इनका इस्तेमाल डिजिटल चोरी, धोखाधड़ में की जा रही

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 700 से अधिक बैंक शाखाओं में लगभग 8.5 लाख ऐसे 'फर्जी या निष्क्रिय खातों' का पता लगाया है जिनका इस्तेमाल डिजिटल चोरी, धोखाधड़ी वाले निवेश और यूपीआई- आधारित धांधली से अर्जित अवैध कमाई को ठिकाने लगाने के लिए किया जा रहा था।

जांच अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि इन फर्जी खातों पर कार्रवाई करते हुए सीबीआई ने हाल ही में राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में 42 ठिकानों पर एक साथ तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान नौ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया जिनमें कथित बिचौलिये, एजेंट, एग्रीगेटर, खाताधारक और बैंकिंग प्रतिनिधि शामिल हैं। इन पर फर्जी खाते खोलने में मदद करने का आरोप है। 'फर्जी खाता' ऐसा बैंक खाता होता है जो किसी ऐसे व्यक्ति के नाम पर खोला जाता है, जिसे शायद पता भी न हो कि उसके खाते का इस्तेमाल अवैध धन को सफेद करने के लिए किया जा रहा है।



#### फर्जी पहचान पत्रों का उपयोग

सीबीआई ने अपनी जांच में पाया कि इन खातों को अक्सर फर्जी पहचान पत्रों का उपयोग करके खोला जाता था ताकि पीड़ितों से हड़पी राशि को निकालने के बाद इन्हें फौरन बंद किया जा सके। इसकी वजह से अपराधियों को पकड़ पाना मुश्किल हो जाता है।

#### बैंकों में प्रणालीगत खामियां उजागर

सीबीआई के प्रारंभिक निष्कर्षों से पता चला है कि कुछ बैंक अधिकारी, ई-मित्र एजेंट और अन्य बिचौलिये भी इन धोखेबाजों के साथ सक्रिय रूप से मिले हो सकते हैं, जिन्होंने खाते खोलने और अवैध निकासी को अंजाम देने में मदद की। सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि जांच के दौरान कई बैंकों में प्रणालीगत खामियां उजागर हुई हैं।

#### अलर्ट के बाद भी ध्यान देने में विफल

देशभर में फैली 700 से अधिक शाखाओं में लगभग 8.5 लाख फर्जी खाते उचित केवाईसी मानदंडों, ग्राहक की जांच, या प्रारंभिक जोखिम मूल्यांकन के बगैर खोल दिए गए थे। इसके साथ ही कई बैंक शाखा प्रबंधक संदिग्ध लेनदेन का अलर्ट मिलने पर भी गंभीरता से ध्यान देने में विफल रहे।

# अमेरिकी अर्थव्यवस्था में पहली तिमाही में 0.5% की गिरावट

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिकी अर्थव्यवस्था में इस साल जनवरी-मार्च की तिमाही में सालाना आधार पर 0.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में आने के बाद शुरू हुए व्यापार युद्ध से कारोबार प्रभावित होने से ऐसा हुआ है।

अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने बृहस्पतिवार को जनवरी-मार्च, 2025 के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) तिमाही के आंकड़े जारी किए। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, मार्च तिमाही में अमेरिकी अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर पिछले अनुमान से भी खराब रही है।

वाणिज्य विभाग ने पहले कहा था कि पिछली तिमाही में अमेरिकी अर्थव्यवस्था में 0.2 प्रतिशत की गिरावट आएगी। पहली तिमाही में जीडीपी की वृद्धि आयात में उछाल की भेंट चढ़ गई।

अमेरिका में कंपनियां ट्रंप की तरफ से उच्च शुल्क लगाने से पहले विदेशी सामान लाने की होड़ में लग गई थीं। इसके पहले अक्टूबर-दिसंबर, 2024 की तिमाही में अमेरिकी अर्थव्यवस्था 2.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। इस साल मार्च तिमाही के दौरान आयात में 37.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 2020 के बाद सबसे अधिक है। इस उच्च आयात के चलते जीडीपी में करीब 4.7 प्रतिशत अंकों की गिरावट आई। इसके अलावा उपभोक्ता खर्च में भी बड़ी गिरावट दर्ज की गई।



- ट्रंप के सत्ता में आने व व्यापार युद्ध से कारोबार हुआ प्रभावित
- अमेरिकी अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर पिछले अनुमान से भी खराब रही

#### वृद्धि दर तीन फीसदी पर आएगी

*डेटा फर्म फैक्टसेट के एक सर्वेक्षण के मुताबिक, अर्थशास्त्रियों को उम्मीद है कि अप्रैल-जून तिमाही में अमेरिकी अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर फिर से तीन प्रतिशत पर आ जाएगी। वाणिज्य विभाग की मार्च तिमाही की वृद्धि पर यह तीसरी और अंतिम रिपोर्ट थी। विभाग अप्रैल-जून की जीडीपी वृद्धि पर पहली रिपोर्ट 30 जुलाई को जारी करेगा।*

## हिताची को मिला पावरग्रिड से ट्रांसफार्मर आपूर्ति का ऑर्डर



**नई दिल्ली।** हिताची एनर्जी इंडिया को पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया से 765 किलोवॉल्ट (केवी) ट्रांसफार्मर की 30 इकाइयों की आपूर्ति का ऑर्डर मिला है। हिताची एनर्जी इंडियाने बृहस्पतिवार को बयान में बताया कि ये ट्रांसफार्मर हिताची एनर्जी इंडिया के गुजरात के वडोदरा स्थित मानेजा में पावर ट्रांसफार्मर कारखाने में बनाए जाएंगे। बयान में कहा गया है कि यूएचवी एसी 765 केवी ट्रांसफार्मर पावरग्रिड की सुरक्षा, विश्वसनीयता और दक्षता को बढ़ाएंगे, जिससे बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने में मदद मिलेगी। हालांकि, ऑर्डर के वित्तीय विवरण का खुलासा नहीं किया गया। बयान में कहा गया है कि एक बार स्थापित हो जाने पर ये ट्रांसफार्मर भारत में तीन करोड़ घरों की औसत बिजली खपत के बराबर बिजली संचारित कर सकेंगे।

# सोना 98,600 रु. प्रति 10 ग्राम पर स्थिर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर बनी रही। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 98,050 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रही। बृहस्पतिवार को चांदी की कीमतें भी 1,03,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहीं।

वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोना मामूली रूप से बढ़कर 3,334.41 डॉलर प्रति औंस हो गया।



- चांदी की कीमत 1,03,100 रुपए प्रति किलोग्राम पर स्थिर

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''सट्टेबाजों की लिवाली तथा कमजोर अमेरिकी डॉलर की वजह से सोने में बृहस्पतिवार को मामूली बढ़त देखी गई। वहीं अमेरिकी डॉलर सूचकांक गिरकर 97 से नीचे आ गया। यह इसका मार्च, 2022 के बाद सबसे निचला स्तर है। गांधी ने कहा, ''यह गिरावट निराशाजनक अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों, देश और आर्थिक स्वास्थ्य के बारे में चिंताओं और संभावित दरों में कटौती के बारे में बढ़ती अटकलों के कारण हुई।

## एचआईटी ने नाम बदलकर वर्टिस इंफ्रा ट्रस्ट कर लिया

**नई दिल्ली।** बुनियादी ढांचे में निवेश करने वाली (इनविट) कंपनी हाइवेज इन्फ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट (एचआईटी) ने अपना नाम बदलकर वर्टिस इन्फ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट (वर्टिस) कर लिया है। यह बदलाव 18 जून से प्रभावी हो गया है। कंपनी ने एक बयान में नाम बदले जाने की जानकारी देते हुए कहा कि नया नाम लैटिन शब्द 'वर्टो' से लिया गया है, जिसका अर्थ 'विकसित होना' है। कंपनी के मुताबिक, यह नाम विचारशील परिवर्तन की दूरदर्शी मानसिकता को दर्शाता है। इसके पोर्टफोलियो में नौ राज्यों में 27 परिचालन सड़क परियोजनाएं शामिल हैं, जिनमें कई प्रमुख अधिग्रहण भी शामिल हैं। वर्टिस इन्फ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट के कार्यकारी निदेशक एवं संयुक्त सीईओ गौरव चांदना ने कहा, ''यह बदलाव हमारे भविष्य की एक झलक है।

# रिलायंस का पूंजीकरण एक बार फिर 20 लाख करोड़ रुपए के पार

- कंपनी का शेयर 1.90 फीसदी तेजी के साथ 1,495 .20 रुपए पर बंद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में बृहस्पतिवार को करीब दो प्रतिशत की तेजी आई और कंपनी का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) एक बार फिर 20 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया।

बीएसई पर कंपनी का शेयर 1.90 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,495.20 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 2.14 प्रतिशत चढ़कर 1,498.70 रुपये पर पहुंच गया था। एनएसई पर रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 1.90 प्रतिशत चढ़कर 1,495.30 रुपये पर पहुंच गया। इससे कंपनी का बाजार मूल्यांकन 37,837.9 करोड़ रुपये बढ़कर 20,23,375.31 करोड़ रुपये हो गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स बृहस्पतिवार को 1,000.36 अंक बढ़कर 83,755.87 अंक पर बंद हुआ।




*एचडीएफसी व टीसीएस शीर्ष पांच कंपनियों में : इसके बाद शीर्ष पांच कंपनियों में एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 15,51,218.93 करोड़ रुपये, आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का 12,45,219.09 करोड़ रुपये, भारती एयरटेल का 11,48,518.05 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 10,27,838.79 करोड़ है।*

## माइक्रोसाफ्ट को भी छोड़ा पीछे; कंपनी का मार्केट कैप 365.8 करोड़

# फिर से एनवीडिया बनी दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सेमीकंडक्टर चिप बनाने वाली कंपनी एनवीडिया के शेयरों में गजब का उछाल आया। कंपनी के शेयर में 4 प्रतिशत से अधिक की तेजी रही, जिससे इसका मार्केट कैप बढ़कर 3.763 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया। इसी के साथ एनवीडिया, माइक्रोसाफ्ट को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी बन गई। 3.658 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के साथ माइक्रोसॉफ्ट दुनिया की दूसरी सबसे वैल्यूएबल कंपनी है।

कारोबार के दौरान 4.33 प्रतिशत की बढ़त के साथ एनवीडिया के शेयर ने 154.10 डॉलर के नए रिकॉर्ड हाई लेवल को छू लिया। एनवीडिया के शेयरों में यह तेजी लूप कैपिटल की रिपोर्ट के बाद आई, जिसने कंपनी के शेयरों पर टारगेट प्राइस को 175 डॉलर से बढ़ाकर 250 डॉलर कर दिया।

### कंपनी के शेयर में चार फीसदी से भी अधिक की तेजी दर्ज की गई

#### स्टॉक पर बाई की रेटिंग कायम

लूप कैपिटल ने रिसर्च फर्म ने स्टॉक पर अपनी 'बाई' रेटिंग को भी बरकरार रखा। लूप कैपिटल के एनालिस्ट ने अपनी रिपोर्ट में कहा है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते इस्तेमाल के साथ मार्केट जनरेटिव एआई को अपनाने की 'गोल्डन वेव' में एंट्री ले रहा है। ऐसे में एनवीडिया की डिमांड अनुमान से कहीं अधिक मजबूत है।




#### ये तीन कंपनियां एक-दूसरे को दे रहीं टक्कर

दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी बनने की होड़ में एनवीडिया, माइक्रोसाफ्ट और एप्पल लगातार एक-दूसरे को टक्कर दे रहे हैं। हाल ही में जून की शुरुआत में एनवीडिया को पछाड़कर माइक्रोसाफ्ट दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी बनी, लेकिन अब एनवीडिया फिर से टॉप पर है। बुधवार को शेयर प्राइस में 0.63 प्रतिशत की बढ़त के साथ एप्पल लगभग 3.010 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के साथ तीसरे स्थान पर बना हुआ है।

#### दुनिया की सबसे वैन्यूएबल कंपनियां

एनवीडिया – 3.763 ट्रिलियन डॉलर, माइक्रोसॉफ्ट – 3.658 ट्रिलियन डॉलर, एप्पल – 3.010 ट्रिलियन डॉलर,अमेजन – 2.250 ट्रिलियन डॉलर,अल्फाबेट (गूगल की पैरेंट कंपनी) – 2.075 ट्रिलियन डॉलर,मेटा प्लेटफॉर्म (फेसबुक) – 1.781 ट्रिलियन डॉलर,सऊदी अरामको – 1.569 ट्रिलियन डॉलर,ब्रॉडकॉम – 1.244 ट्रिलियन डॉलर,टीएसएमसी (ताइवान सेमीकंडक्टर) – 1.155 ट्रिलियन डॉलर,टेस्ला – 1.055 ट्रिलियन डॉलर।

# एनएसई पर दो-तीन सप्ताह में शुरू होंगे मासिक बिजली वायदा अनुबंध

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह अगले दो-तीन सप्ताह में मासिक बिजली वायदा अनुबंधों की शुरुआत करेगा। बिजली वायदा अनुबंध एक ऐसा उत्पाद है जिसमें बिजली खरीदारों, विक्रेताओं, व्यापारियों और औद्योगिक एवं खुदरा विक्रेताओं को मूल्य जोखिमों का प्रबंधन करने की अनुमति होगी।

एनएसई के स्थिरता, बिजली, कार्बन बाजार एवं सूचीबद्धता प्रमुख हरीश के. आहूजा ने कहा, 'हमें सभी स्वीकृतियां मिल गई हैं। हम सभी हितधारकों से बात कर रहे हैं। हमारी आंतरिक टीम पूरी तरह से तैयार है। अगले दो-तीन सप्ताह में हम इसकी शुरुआत की तारीख घोषित करेंगे।' तारीख की घोषणा के कुछ दिन के ही भीतर बिजली वायदा अनुबंधों की एनएसई पर शुरुआत हो जाएगी। आहूजा ने कहा कि मासिक अनुबंध पूरे साल उपलब्ध रहेगा और यह हर महीने के पहले कारोबारी दिन शुरू होगा और अनुबंध खत्म होने से एक दिन पहले बंद हो जाएगा।




- मूल्य जोखिमों का प्रबंधन करने की अनुमति होगी

## चिंतन

# एससीओ मंच से आतंकवाद पर चीन-पाक को कड़ा संदेश

आतंकवाद पर कड़ा संदेश देना जरूरी है। चीन का दोगलापन नहीं चलेगा। एक तरफ चीन वैश्विक मंच पर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई की बात करता है, दूसरी तरफ चीनी प्रभुत्व वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के संयुक्त बयान में पाकिस्तान को खुश करने के लिए पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना का जिक्र तक नहीं किया जाता है, बल्कि बलूचिस्तान में चल रहे बलूच लिब्रेशन आर्मी के विद्रोह में इशारे में भारत के हाथ का उल्लेख किया जाता है। चूंकि एससीओ सम्मेलन चीन में हो रहा है, ऐसे में संयुक्त बयान में सभी सदस्य देशों के हितों को तवज्जो दिलाना चीन का ही दायित्व है। पहलगाम की ताजा आतंकी घटना का एससीओ के बयान में शामिल नहीं करना चीन के आतंकवाद के प्रति दोहरे रवैये को इंगित करता है। भारत ने संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर चीन और पाकिस्तान को दो टूक संदेश दिया है कि आतंकवाद को लेकर सिलेक्टिव रुख नहीं चलेगा। इसका नतीजा हुआ कि एससीओ का संयुक्त बयान जारी नहीं हो सका। भारत ने साफ कहा, कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को नीति के उपकरण के रूप में इस्तेमाल करते हैं और आतंकवादियों को आश्रय देते हैं। ऐसे दोहरे मापदंडों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। एससीओ को ऐसे देशों की आलोचना करने में संकोच नहीं करना चाहिए। शांति और समृद्धि आतंक के साथ नहीं रह सकते। एससीओ सदस्यों से आतंकवाद के खतरे के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होने की जरूरत है। यूं तो एससीओ बैठक में क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी सहयोग और सदस्य देशों के बीच सैन्य सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया, लेकिन आतंकवाद को लेकर भारत के कड़े रुख व पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान स्थित आतंकी गुट के हाथ की बात जगजाहिर होने के बावजूद एससीओ के संयुक्त बयान में आतंकी घटना की निंदा न होना व पाकिस्तान को लेकर कुछ भी नहीं कहा जाना, एससीओ के लक्ष्य की सार्थकता को ही निरर्थक बना रहा है। एससीओ के ध्येय में आतंकवाद के खिलाफ एकजुट लड़ाई की बात है। चीन के चलते कभी भी एससीओ में भारत के हितों की रक्षा नहीं होगी, इसलिए भारत का इसमें बना रहना व्यर्थ है, समय व ऊर्जा गंवाने जैसा है। चीन कभी दिल से भारत का हित चाहेगा भी नहीं, इसलिए उसकी छतरी वाले इस संगठन में भारत के रहने का कोई औचित्य ही नहीं है। 2001 में स्थापित, एससीओ में वर्तमान में 10 सदस्य देश हैं- बेलारूस, चीन, भारत, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान। चीन की गुप्त कोशिश एससीओ में बांग्लादेश को भी शामिल कराने की है, हालांकि अभी तक इस बाबत कुछ कहा नहीं गया है, पर एससीओ देशों के रक्षा मंत्रियों की शिखर बैठक से कुछ दिन पहले 19 जून को चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश की चीनी शहर कुनमिंग, युन्नान में पहली बार त्रिपक्षीय बैठक हुई। बांग्लादेश में पिछले साल हुए सत्ता परिवर्तन और पाक-बांग्लादेश के बीच बढ़ती नजदीकी के बाद भारत के खिलाफ चीन, पाक व बांग्लादेश का त्रिकोण बन रहा है। वर्ष 2024 में दिसंबर में मोहम्मद यूनुस और शहबाज शरीफ की मुलाकात के बाद सैन्य और आर्थिक सहयोग शुरू हुआ है। भारत को जहां आतंकवाद के खिलाफ कठोर रुख बनाए रखना है, वहीं इस नए त्रिकोण से निपटने के लिए भी सामरिक व कूटनीतिक तैयारी करनी है।

# एटमी अस्त्रों के बहाने युद्ध के मायने



युद्ध विराम
प्रमोद भार्गव

इजरायल ने ट्रंप की शह पर ईरान पर मिसाइलों से हमले इसलिए किए, जिससे उसकी परमाणु क्षमता को नष्ट कर अपने देश की रक्षा कर ली जाए। इसी दौरान अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमले किए और दावा किया कि इन परमाणु संयंत्रों को इतना नुकसान हो गया है कि अब कई साल तक ईरान परमाणु बम नहीं बना पाएगा। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू कह रहे हैं कि ईरान की परमाणु हथियार बनाने की क्षमता नष्ट हो गई है। वहीं पलटवार करते हुए ईरान ने कहा है कि वह अपना परमाणु कार्यक्रम जारी रखेगा। ट्रंप ने भी कह दिया कि ईरान बम बनाने से बहुत दूर हो गया है। तब इस युद्ध का परिणाम क्या निकला ?

ईरान-इजरायल के बीच 12 दिन युद्ध चला, बीच में अमेरिका द्वारा ईरान के एक साथ तीन परमाणु ठिकानों पर हमला और जवाबी कार्यवाही में ईरान का कतर में स्थित अमेरिका के सैन्य ठिकाने पर अल-उदैद हमले का आखिरी परिणाम क्या निकला? कहना मुश्किल है। यह युद्ध और इसमें नटखट बच्चे की तरह हरकतें देखने में आई हैं। ये हरकतें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रही हैं। इजरायल ने ट्रंप की शह पर ईरान पर मिसाइलों से हमले इसलिए किए, जिससे उसकी परमाणु क्षमता को नष्ट कर अपने देश की रक्षा कर ली जाए। इसी दौरान आ बैल मुझे मार कहावत को चरितार्थ करते हुए अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमले किए और दावा किया कि इन परमाणु संयंत्रों को इतना नुकसान हो गया है कि अब कई साल तक ईरान परमाणु बम नहीं बना पाएगा।

ये बम बनाना तब और मुश्किल हो गया है, जब इजरायल ने ईरान पर किए पहले ही हमले में वहां के अनेक परमाणु वैज्ञानिकों को मार दिया था। युद्ध के ग्यारहवें दिन ट्रंप ने दावा किया कि दोनों देश युद्ध विराम के लिए तैयार हो गए हैं। परंतु इस घोषणा के बाद दोनों ही देशों ने एक-दूसरे पर हमले किए। यही नहीं, ईरान ने भी अमेरिका के अरब देशों में स्थित सैन्य ठिकानों पर हमले किए। इन हमलों के संदर्भ में ट्रंप ने कहा कि उसे कोई ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है। इसलिए अमेरिका ने ईरान पर कोई जवाबी हमला नहीं किया और ट्रंप ने दावा कर दिया कि उनकी मध्यस्थता से युद्ध विराम लागू हो गया है। कतर ने भी इस युद्ध विराम में मध्यस्थता की भूमिका अदा की, लेकिन इस युद्ध की जरूरत क्या थी, यह सवाल जस का तस बना हुआ है। दरअसल इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू कह रहे हैं कि ईरान की परमाणु हथियार बनाने की क्षमता नष्ट हो गई है। वहीं पलटवार करते हुए ईरान ने कहा है कि वह अपना परमाणु कार्यक्रम जारी रखेगा। ट्रंप ने भी कह दिया कि ईरान बम बनाने से बहुत दूर हो गया है। तब इस युद्ध का परिणाम क्या निकला ? परमाणु हथियारों के जानकार कह रहे हैं कि ईरान के पास 20 परमाणु हथियार बनाने की क्षमता थी, जो अब घटकर 6 बम बनाने की रह गई है। जबकि ट्रंप का घोषित लथ्य था कि ईरान यूरेनियम क्षमता बढ़ाने के लिए जिस तेजी से संवर्धन कर रहा है, वह तय सीमा से बाहर की बात होती जा रही है। लेकिन ईरान की परमाणु बम बनाने की क्षमता कम भले ही हो गई हो, पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। यह तथ्य तीनों देशों के आए बयानों से सत्यापित होता है। अतएव ईरान पर किया गया बेवजह हमला, कुछ वैसा ही रहा जैसा 2003 में अमेरिकी राष्ट्रपति बुश ने ईराक पर यह कहते हुए किया था कि ईराक के पास बड़ी मात्रा में जैविक हथियार हैं। जबकि युद्ध के दौरान और युद्ध के बाद अमेरिका जैविक हथियार होने का कोई प्रमाण दुनिया को नहीं दे पाया। हां, सद्दाम हुसैन को मौत के घाट उतारने के बाद तेल के कुओं पर जरूर कब्जा कर लिया। बावजूद यह आशंका बनी हुई है कि ईरान के परमाणु ठिकानों पर जो बम गिराए हैं, उनसे यदि रिसाव होता है तो एक बड़े भू-क्षेत्र में परमाणु विकिरण का संकट पैदा हो सकता है। अमेरिका ने ईरान के परमाणु संवर्धन प्रतिष्ठान फोर्दो, नतांज और इस्फहान पर अत्याधुनिक बी-2 घातक बमों से हमला किया था। इन बमों को सटीक निशाने पर दागने के लिए



अमेरिकी पनडुब्बियों ने पहले दो मिसाइलों से बम गिराए, जिससे बंकर बस्टर बमों के लिए मैदान साफ किया गया। इसके बाद आसमान से एक के बाद एक 14 जीबीयू-57 बी बंकर बस्टर दाग दिया। इस पूरे अभियान को नतीजे तक पहुंचाने के लिए अमेरिका ने 15 युद्धक विमानों का इस्तेमाल किया। उपग्रह द्वारा निर्देशित 2400 किलो परमाणु विस्फोटक साथ ले जाने वाला यह बम जमीन में घूमता हुआ 60 मीटर गहराई तक जाने के बाद विस्फोट करके अपने लक्ष्य साधने में सफल हुआ। अमेरिका ने तीनों ठिकानों पर 14000 किलो विस्फोटक वाले बम गिराए थे, अतएव भविष्य में विकिरण का खतरा पैदा हो सकता है? अमेरिका ने जिन तीन परमाणु स्थलों पर हमला किया है, वह सभी ईरान के प्रमुख यूरेनियम संवर्धन ठिकाने हैं। अमेरिका का यह हमला दुनिया के अंतरराष्ट्रीय कानून और अपने ही देश के कानूनों की परवाह नहीं करता है। इसीलिए अमेरिका के भीतर इस परमाणु हमले को लेकर अमेरिकी जनमत विभाजित दिखाई दे रहा है। दरअसल, किसी देश पर हमला करने के लिए ट्रंप को अमेरिकी संसद में हमले का प्रस्ताव लाकर अनुमोदन की जरूरत थी, परंतु उन्होंने इस प्रक्रिया पर अमल नहीं किया। जबकि अमेरिका की ही बात करें तो अप्रैल 2003 में इराक पर हमले के समय बुश ने संसद से मंजूरी ली थी। इसलिए ट्रंप के समर्थकों के साथ विपक्ष भी नाराज है। नाटो देश भी इस युद्ध पर सहमत दिखाई नहीं दिए। रूस और चीन खुले रूप में ईरान के पक्ष में खड़े दिखाई दिए। चूंकि भारत के ईरान और इजरायल दोनों से ही मधुर, कूटनीतिक संबंध हैं, इसलिए तटस्थ रहते हुए शांति की पहल करता रहा। अंतरराष्ट्रीय कानून परमाणु बम के उपयोग को मानवता के विरुद्ध अमानुषिक कृत्य मानते हैं। इनके उपयोग के बाद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के कठोर आर्थिक व राजनीतिक प्रतिबंधों का सामना भी करना पड़ता है। लेकिन जितनी भी अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं हैं, वे सब अमेरिका या अन्य पश्चिमी देशों के दबाव में रहती हैं। यही देश इन संस्थानों को चलाने के लिए धन मुहैया कराते हैं और इन्हीं देशों के लोग इन संस्थानों के सदस्य होते हैं, इसलिए यहां पक्षपात साफ दिखाई देता है। अब ईरान में परमाणु विकिरण फैल भी जाए, तब भी अमेरिका के विरुद्ध कोई प्रतिबंध लगाना असंभव है।

ईरान ने अमेरिकी सहयोग से 1957 में परमाणु कार्यक्रम शुरू किया था। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद अमेरिका ने ईरान को सहयोग करना बंद कर दिया। बावजूद पश्चिमी देश ईरान पर परमाणु बम बना लेने का आरोप लगाते रहे। परमाणु अप्रसार संधि में शामिल होने के बाद भी ईरान पर शंकाएं की जाती रहीं। इजरायल ने जासूसी करके कुछ ऐसे सबूत जुटाए जिनसे यूरेनियम संवर्धन की आशंका मजबूत हुई। ईरान ने पहले संवर्धन रोक दिया था, लेकिन इजरायल की बढ़ती सामरिक क्षमता के चलते उसने गुपचुप परमाणु कार्यक्रम षुरू कर दिया था। इस कारण ईरान पर पश्चिमी देशों ने यह कहते हुए अनेक आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए थे कि ईरान परमाणु बम बनाने के निकट पहुंच गया है। बाद में कई साल चली वार्ता के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने प्रतिबंध हटा लिए थे। इस समझौतें में ईरान को असैन्य यूरेनियम संवर्धन को 3.67 प्रतिशत तक रखना मान्य कर लिया था। लेकिन 2018 में जब डोनाल्ड ट्रंप पहली बार राष्ट्रपति बने तो उन्होंने समझौते से हाथ खींच लिए और ईरान पर कई प्रतिबंध लगा दिए। मई 2025 में आईएईए ने दावा किया कि ईरान के पास 60 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम की मात्रा 408 किलो है। इससे कई परमाणु बम बनाए जा सकते हैं। इसे ही नष्ट करने के लिए युद्ध और युद्ध विराम का यह खेल खेला गया, लेकिन अब ईरान ने कह दिया है कि वह अपना परमाणु कार्यक्रम जारी रखेगा। तब फिर इस युद्ध के परिणाम क्या निकले।

(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## शुभ उड़ान
प्रो. आर.के. जैन



# अंतरिक्ष से भारत की हुंकार

जब एक भारतीय ने सितारों को छू लिया, तो वह पल केवल अंतरिक्ष की यात्रा नहीं था, वह 140 करोड़ दिलों की धड़कनों का उत्सव था, भारत की आत्मा का उद्घोष था, हमारी सांस्कृतिक विरासत का ब्रह्मांड में लहराता तिरंगा था। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने जब ड्रैगन कैप्सूल से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की ओर कदम बढ़ाया, तो वह केवल एक अंतरिक्ष यात्री की उड़ान नहीं थी, वह भारत के सपनों, संकल्प और वैज्ञानिक शक्ति की अनंत यात्रा थी। यह वह क्षण था जब भारत ने न केवल धरती की सीमाएं लांघीं, बल्कि सितारों के पार अपनी पहचान को अमर कर दिया। 25 जून 2025 को, भारतीय समयानुसार दोपहर 12:01 बजे, फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स का फाल्कन-9 रॉकेट आकाश को चीरता हुआ अंतरिक्ष की ओर बढ़ा। ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में सवार थे भारतीय वायुसेना के शुभांशु शुक्ला, जो एक्सिओम-4 मिशन के पायलट की भूमिका में थे। उनके साथ थे कमांडर पैगी व्हिटसन (पूर्व नासा अंतरिक्ष यात्री, अमेरिका), मिशन विशेषज्ञ स्लावोश उज्नांस्की-विस्निव्स्की (पोलैंड), और तिबोर कपु (हंगरी)। यह मिशन नासा, एक्सिओम स्पेस और स्पेसएक्स की साझेदारी का प्रतीक है, जिसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का समर्थन प्राप्त है। लॉन्च के महज 10 मिनट बाद, शुभांशु और उनकी टीम 7.5 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे थे। यह 14-दिवसीय मिशन 60 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोगों का मंच है, जिनमें सात इसरो द्वारा डिजाइन किए गए हैं। ये प्रयोग भारत की वैज्ञानिक प्रगति को विश्व मंच पर चमकाने का अवसर हैं, जो न केवल तकनीकी उपलब्धि है, बल्कि भारत के भविष्य के अंतरिक्ष सपनों का आधार भी है। शुभांशु की यह यात्रा 1984 में राकेश शर्मा की ऐतिहासिक सोवियत सैल्यूट-7 मिशन के बाद भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान में शानदार वापसी है। 41 साल बाद, शुभांशु आईएसएस पहुंचने वाले पहले भारतीय बनने जा रहे हैं, जो भारत के अंतरिक्ष इतिहास में स्वर्णिम स्याही से लिखा जाएगा। यह केवल एक व्यक्ति की उड़ान नहीं, बल्कि भारत की उस जिजीविषा का प्रतीक है, जो सीमाओं को तोड़कर अनंत की ओर बढ़ रही है। इस मिशन की आत्मा भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत है। शुभांशु ने अपने साथ एक सॉफ्ट टॉय हंस लिया, जिसे भारतीय शास्त्रों में ज्ञान और विवेक का प्रतीक माना जाता है। यह हंस अंतरिक्ष की अनंतता में तैर रहा है, जैसे भारत की सांस्कृतिक विरासत सितारों के बीच अपनी चमक बिखेर रही हो। लॉन्च के दौरान, उनके कंधे पर लहराता तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं था, वह 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं, गर्व और एकता का प्रतीक था। यह तिरंगा गर्व से कह रहा था कि यह उड़ान केवल शुभांशु की नहीं, बल्कि हर उस भारतीय की है, जो खेतों से लेकर प्रयोगशालाओं तक, सपनों को हकीकत में बदल रहा है। शुभांशु ने भारतीय खान-पान को भी अंतरिक्ष की ऊंचाइयों तक पहुंचाया। आम का रस, गाजर का हलवा और मूंग दाल का हलवा उनके साथ गए, जो वे अपने साथी अंतरिक्ष यात्रियों के साथ साझा करेंगे। इसके अलावा, वे माइक्रोग्रैविटी में योग करने की योजना बना रहे हैं, जिससे भारतीय संस्कृति का वैश्विक मंच पर एक अनूठा प्रदर्शन होगा। यह वह क्षण है जब परंपरा और प्रौद्योगिकी ने एक-दूसरे का हाथ थामा, और भारत ने साबित कर दिया कि वह न केवल विज्ञान में, बल्कि संस्कृति में भी अग्रणी है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से, यह मिशन भारत के लिए एक मील का पत्थर है। शुभांशु सात भारतीय प्रयोग करेंगे, जिनमें माइक्रोग्रैविटी में मूंग और मेथी के अंकुरण का अध्ययन और मांसपेशियों की हानि का विश्लेषण शामिल है। ये प्रयोग भारत और अमेरिका की साझेदारी का परिणाम हैं और इसरो के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन के लिए महत्वपूर्ण अनुभव प्रदान करेंगे। गगनयान, जो 2026 में लॉन्च होने वाला है, भारत का पहला स्वदेशी मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन होगा। शुभांशु, जो इसके लिए चुने गए चार अंतरिक्ष यात्रियों में से एक हैं, इस मिशन के लिए अमूल्य अनुभव ला रहे हैं। कुल 60 से अधिक प्रयोग, जिनमें सामग्री विज्ञान, जैविक अनुसंधान और मानव स्वास्थ्य पर माइक्रोग्रैविटी के प्रभाव शामिल हैं, भारत के भविष्य के मिशनों—जैसे 2035 तक स्वदेशी अंतरिक्ष स्टेशन और 2040 तक चंद्रमा पर भारतीय अंतरिक्ष यात्री भेजने के लिए नींव रखेंगे। यह वह दस्तक है जो ब्रह्मांड के दरवाजे पर भारत की उपस्थिति को अमर कर रही है, न केवल एक यात्री के रूप में, बल्कि एक मार्गदर्शक के रूप में। यह न कोई अंत है, न कोई पड़ाव। यह तो एक नई शुरुआत है, उस भारत की, जो अब ब्रह्मांड की गहराइयों में अपनी कहानी लिख रहा है, और जिसकी गूंज सितारों से सितारों तक अनंत काल तक गूंजेगी। यह भारत का वह उद्घोष है, जो कहता है कि "हम आए हैं, और हम रहेंगे, धरती पर, आकाश में, और सितारों के पार!"

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# चेतना की चौथी अवस्था है शिव तत्व



संकलित
**दर्शन**

शिव को अनुभव करने का प्रयास न करें। आपको बस उस पल में मौजूद रहना है और निश्चिंत रहना है, शिव तत्व पहले से ही वहां मौजूद है। हमारी चेतना की 3 अवस्थाएं हैं - जाग्रत, स्वप्न और सुषुप्ति, और चेतना की एक चौथी अवस्था भी है, जहां हम न तो जाग्रत होते हैं, न स्वप्न देखते हैं और न ही सोते हैं। इसका अनुभव ध्यान में होता है। उस चौथी अवस्था की झलक को ही शिव तत्व कहा जाता है। उपनिषद कहते हैं शिवम्, शांतम्, अद्वैतम्, चतुर्थम्, मन्यन्ते, सा आत्मा, सा विज्ञेय। अर्थात शुभ, शांतिपूर्ण चौथी अवस्था, जहां दो नहीं हैं, वह तुम्हारा स्वरूप है, वही जानने योग्य है। आपको क्या लगता है कि आप क्या हैं? आप केवल एक नाम नहीं हैं, मात्र एक रूप नहीं हैं। आप वह प्रकाशमान चेतना हैं जो शिव तत्व है। शिव का मंदिर पत्थरों से नहीं मनुष्य की चेतना से बना है। वह जो संपूर्ण ब्रह्मांड को समाहित करता है, वह सत्ता जिसमें हर जीवन समाया है, वह रहस्यमय शिव तत्व है। नटराज स्वयं चेतना हैं, उनमें पांच तत्वों को दर्शाया गया है। चेतना का नृत्य संपूर्ण ब्रह्मांड है। यह ब्रह्मांड संघर्ष या कष्ट नहीं दे रहा है; यह हर क्षण उत्सव मना रहा है। ये आनंद है, जो यह नहीं जानता, वह दुःखी होता है, निराश होता है, पीड़ित होता है। जो यह जानता है कि यह संपूर्ण सृष्टि एक नृत्य है, उसे आनंद मिलता है। यह सत्य शिव तत्व है।

# जमींदार और मजदूर के कर्म का फल



संकलित
**प्रेरणा**

एक गांव में जमींदार और उसके एक मजदूर की साथ ही मौत हुई। दोनों यमलोक पहुंचे। धर्मराज ने जमींदार से कहाः आज से तुम मजदूर की सेवा करोगे। मजदूर से कहाः अब तुम कोई काम नहीं करोगे, आराम से यहां रहोगे। जमींदार परेशान हो गया। पृथ्वी पर तो मजदूर जमींदार की सेवा करता था, पर अब उल्टा होने वाला था। जमींदार ने कहाः भगवन, आप ने मुझे यह सजा क्यों दी? मैं तो भगवान का परम भक्त हूं। प्रतिदिन मंदिर जाता था। देसी घी से भगवान की आरती करता था और बहुमूल्य चीजें दान करता था। धर्म के अन्य आयोजन भी मैं करता ही रहता था। धर्मराज ने मजदूर से पूछाः तुम क्या करते थे पृथ्वी पर? मजदूर ने कहाः भगवन, मैं गरीब मजदूर था। दिन भर जमींदार के खेत में मेहनत मजदूरी करता था। मजदूरी में उनके यहां से जितना मिलता था, उसी में परिवार के साथ गुजारा करता था। मोह माया से दूर जब समय मिलता था तब भगवान को याद कर लेता था। भगवान से कभी कुछ मांगा नहीं। गरीबी के कारण प्रतिदिन मंदिर में आरती तो नहीं कर पाता था, लेकिन जब घर में तेल होता तब मंदिर में आरती करता था और आरती के बाद दीपक को अंधेरी गली में रख देता था ताकि अंधेरे में आने-जाने वाले लोगों को प्रकाश मिले। धर्मराज ने जमींदार से कहाः आपने सुन ली न मजदूर की बात? भगवान धन-दौलत और अहंकार से खुश नहीं होते। भगवान मेहनत और ईमानदारी से कमाने वाले व्यक्ति से प्रसन्न रहते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध को मिले त्वरित न्याय

देश में बढ़ रहे महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराध को त्वरित न्याय के लिए फास्टट्रैक कोर्ट के गठन पर गृहमंत्री अमित शाह ने जोर दिया। वाराणसी में आयोजिक एक बैठक में गृहमंत्री ने चार राज्यों के मुख्यमंत्रियों से इस विषय पर बात की ताकि पीढ़ितों को त्वरित न्याय मिल सके। देश में जिस तेजी से यौन अपराध बढ़ रहे हैं उसकी रोक थाम के लिए कदम उठाना जरूरी है। देश में जिस तेजी से दुष्कर्म की घटनाएं आए दिनों घट रही है उसकी रोक थाम के लिए फास्टट्रैक कोर्ट का गठन किया जाना चाहिए ताकि प्रभावितों को न्याय मिलने में देरी ना हो और अपराधी बच कर न निकल पाए।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### प्रति व्यक्ति आय बढ़ी



डबल इंजन की सरकार ने जो कार्य प्रारंभ किए, आज उसका परिणाम है कि उत्तर प्रदेश के अंदर 6 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से उबारने व अर्थव्यवस्था और प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने में मदद मिली है।
**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### नवाचार को बढ़ावा



हमारे युवा वाकई असाधारण रूप से प्रतिभाशाली, तकनीक से प्रेरित और दुनिया का सामना करने के लिए तैयार हैं। यह आपसी विकास का एक अवसर है, जो व्यवसायों के लिए नवाचार को बढ़ावा देगा और साथ ही हमारे राज्य के भविष्य को भी सशक्त बनाएगा।
**-एन चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश**

### प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन



मध्यप्रदेश प्राकृतिक खेती में अग्रणी है। हम शीघ्र ही प्राकृतिक खेती को अधिक प्रोत्साहन देने वाली योजना बनाएंगे, मंडियों में दोनों प्रकार की फसलों के उपार्जन और विक्रय की व्यवस्था करेंगे, ताकि किसान परेशान न हों।
**-डा. मोहन यादव, सीएम, मप्र**

### दुश्मनों की ज़रूरत नहीं



जब ज़ोहरान ममदानी अपना मुंह खोलते हैं, तो पाकिस्तान की पीआर टीम छुट्टी ले लेती है। भारत को उनके जैसे सहयोगी के रूप में दुश्मनों की ज़रूरत नहीं है। वह न्यूयॉर्क से सिर्फ हवा हवाई बातें करते हैं।
**-अभिषेक सिंघवी, कांग्रेस सांसद**

## करंट अफेयर


# वियतनाम ने आठ अपराधों के लिए मृत्युदंड किया खत्म



वियतनाम ने कानूनी सुधारों के तहत आठ अपराधों के लिए मृत्युदंड की सजा को समाप्त कर दिया। इस फैसले से देश के सबसे बड़े वित्तीय धोखाधड़ी मामले में कारावास की सजा काट रहे रियल एस्टेट कारोबारी को राहत मिल सकती है। वियतनाम में कानूनी सुधारों के तहत आठ अपराधों के लिए मृत्युदंड की सजा को समाप्त कर दिया गया, जिसमें सरकार को हटाने की कोशिश करना, राज्य के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाना, नकली दवा बनाना व बेचना, युद्ध शुरू करना, जासूसी करना, मादक पदार्थों की तस्करी, गबन और रिश्वत लेना शामिल है। सरकारी मीडिया के अनुसार, वियतनामी सांसदों ने बुधवार को सुधारों को पारित किया। कानूनी सुधारों के बाद वियतनाम के सबसे बड़े वित्तीय धोखाधड़ी मामले में संलिप्तता के लिए मृत्युदंड की सजा पाने वाली ट्रुओंग माई लान को राहत मिल सकती है। लान के वकील फान मिन्ह होआंग ने बृहस्पतिवार को 'द एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि रियल एस्टेट कंपनी 'वान थिन्ह फाट' की 67 वर्षीय अध्यक्ष अब नए नियमों के अनुसार 'मृत्युदंड से छूट के लिए पात्र' होंगी। लान को 12 .5 अरब अमेरिकी डॉलर की धोखाधड़ी में शामिल होने के लिए फांसी की सजा दी गयी है।

## ऑफ बीट

# फायदा या नुकसान स्क्रीन कंटेंट पर निर्भर करता है



आज लोग अपना ज्यादातर वक्त स्मार्टफोन, कम्प्यूटर, टैबलेट, टेलीविजन या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों जैसे डिजीटल स्क्रीन पर बिताते हैं और इस पर दुनियाभर में विशेषज्ञों तथा माता-पिता के बीच बहस छिड़ी हुई है कि क्या छोटे बच्चों को इन डिजीटल उपकरणों का इस्तेमाल करने देना चाहिए। तो फिर 'स्क्रीन टाइम' का बच्चे के तंत्रिका-मनोवैज्ञानिक विकास पर वास्तविक प्रभाव क्या है? कई बाल चिकित्सा संघ बचपन में खासतौर से पांच साल की आयु तक के बच्चों के लिए स्क्रीन टाइम को सीमित रखने की सलाह देते हैं लेकिन अनुसंधान से पता चलता है कि यह तस्वीर पूरी तरह से सच नहीं है। बच्चे स्क्रीन टाइम में क्या देखते हैं, वह इसके प्रभाव के लिए महत्वपूर्ण है। कई अध्ययनों में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि स्क्रीन के लंबे समय तक उपयोग से बच्चों में आंखों की थकान, आंखों में सूखापन और निकट दृष्टि दोष हो सकता है। इसके अलावा, बच्चों को जिस प्राकृतिक उत्तेजना की ज़रूरत होती है, तकनीक उसकी जगह नहीं ले सकती और न ही लेनी चाहिए।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी

# पटना पहुंची ईसी की टीम, प्रक्रिया, सुरक्षा और बूथ प्रबंधन की करेगी समीक्षा

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने कमर कस ली है और तैयारियां शुरू कर दी हैं। वहीं चुनाव आयोग भी निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर अपनी तैयारियों में जुट गया है।

इसी सिलसिले में गुरुवार को चुनाव आयोग की टीम पटना पहुंची। इस टीम में 9 सदस्य शामिल हैं। बताया जा रहा है कि टीम पहले राज्य चुनाव आयोग के अधिकारियों के साथ मुलाकात करेगी और चुनावी प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था और बूथ प्रबंधन की समीक्षा भी करेगी।

राज्य चुनाव आयोग के अधिकारियों के साथ करेगी मंथन

मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी ली

## 3 दिन तक प्रमंडलीय मुख्यालयों में होगी बैठक



बताया गया कि टीम में शामिल अधिकारी अगले तीन दिनों तक अलग-अलग प्रमंडलीय मुख्यालयों में बैठक करेंगे। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि यह टीम सभी प्रमंडलों के आयुक्त और सभी निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक करेगी। इस दौरान राज्य को चार भागों में बांटकर सभी प्रमंडलीय आयुक्त, जिलाधिकारी की मौजूदगी में निर्वाचन पदाधिकारी और सहायक निर्वाचन पदाधिकारी संग प्रशिक्षण बैठक करेगी।

**पटना, बेगूसराय, मोतिहारी और पूर्णिया में प्रशिक्षण बैठक होगी**

अलग-अलग टीम पटना, बेगुसराय, मोतिहारी और पूर्णिया में चुनाव संबंधी प्रशिक्षण बैठक करेगी। बुधवार को बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन विभाग में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के राज्यस्तरीय प्रतिनिधियों के साथ बैठक की थी। इस क्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने 25 जून से 26 जून जुलाई तक चुनाव आयोग के निर्देश पर चलने वाले घर-घर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी थी।

### राज्य स्तरीय प्रतिनिधियों को भी बुलाया

इस बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को चुनाव आयोग के निर्देश की प्रति भी उपलब्ध कराई गई। इस क्रम में बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों (सीईओ) विनोद सिंह गुंजियाल ने राज्य के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के राज्य स्तरीय प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि उनके प्रतिनिधि जिलास्तरीय बैठकों में अनिवार्य रूप से भाग लें ताकि उनके सुझाव प्राप्त हो सकें। बताया गया कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी के स्तर पर मतदाता सूची के युक्तिकरण के क्रम में राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर सुझाव प्राप्त किया जाना है।

वोटर लिस्ट को लेकर ममता का ईसी पर हमला

## प्रक्रिया पर उठाए सवाल, एनआरसी से की तुलना



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि बिहार चुनाव के नाम पर पूरे देश में एनआरसी जैसी प्रक्रिया लागू करने की तैयारी हो रही है। उन्होंने इसे देश के लोकतंत्र के लिए खतरनाक और अलार्मिंग करार दिया। ममता ने कहा कि राज्य सरकार को चुनाव आयोग से कुछ दस्तावेज प्राप्त हुए हैं, जिनमें मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए माता-पिता के जन्म प्रमाण पत्र जमा करने की बात कही गई है।

**इनका असली निशाना बंगाल**

ममता का कहना है कि यह फिलहाल बिहार में लागू किया गया है, लेकिन साफ है कि इसे देश के हर राज्य में लागू किया जाएगा। असली निशाना बंगाल है, क्योंकि वे प्रवासी मजदूरों और गरीब वोटरों से डरते हैं। ममता ने सवाल उठाया कि गरीबों और श्रमिकों के पास अपने माता-पिता के प्रमाण पत्र कहां से आएंगे? उन्होंने इस नई प्रक्रिया को अधिक खतरनाक बताया। ये लोग जान-बूझकर गरीबों और युवा वोटरों का हक छीनना चाहते हैं।

## खबर संक्षेप

### आपातकाल पर कांग्रेस ने भाजपा पर किया केस

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल पर अपमानजनक



पोस्ट को लेकर बवाल मचा है। कर्नाटक कांग्रेस नेता एस मनोहर ने भाजपा के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया है। एक्स पोस्ट में इंदिरा का एक एआई जनरेटेड वीडियो दिखाया गया था। इसमें इंदिरा की फोटो पर छोटी मूंछें दिखाई गई थीं।

### 'आप' के पूर्व मंत्रियों सौरभ व सत्येंद्र पर मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की एसीबी ने आप की पिछली सरकार में स्वास्थ्य अवसंरचना



परियोजनाओं में कथित भ्रष्टाचार के संबंध में पूर्व मंत्रियों सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पूर्व स्वास्थ्य मंत्रियों भारद्वाज और जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एसीबी ने कार्रवाई की।

### सहायक औषधि नियंत्रक के 40 खाते फ्रीज

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के एक सहायक औषधि नियंत्रक के खिलाफ छापेमारी के बाद करीब



40 बैंक और सावधि जमा खातों को 'फ्रीज' किया। 2एसयूवी जब्त की और बेहिसाब शराब की 60 बोतलें बरामद की। निशांत सरीन, उनके ससुर और एक कथित सहयोगी कोमल खन्ना पर कार्रवाई की। इन पर रिश्वत का आरोप है।

### महाराष्ट्र ने 10 फीसदी तक सस्ती की बिजली

**मुंबई।** महाराष्ट्र के लोगों के लिए फडणवीस सरकार ने बिजली के दामों में बड़ी कटौती करने का



ऐलान किया है। ये सबसे बड़ी कटौती है। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने घोषणा की है कि राज्य में बिजली के दाम में 1 साल में 10 फीसदी और आने वाले 5 वर्षों में 26 प्रतिशत तक की कटौती की जाएगी।

भारत मंडपम में राजभाषा विभाग के स्वर्ण जयंती समारोह में बोले शाह

# हिंदी किसी भाषा की दुश्मन और विरोधी नहीं ये देश की एकजुटता का सशक्त माध्यम बने

## भारतीय भाषाओं के विकास, समृद्धि और उनकी उपयोगिता पर दिया जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को केंद्र और राज्यों में ऑफिशियल वर्क के लिए भारतीय भाषाओं के इस्तेमाल पर फिर से जोर दिया। उन्होंने कहा कि मैं पूरे दिल से मानता हूं कि हिंदी किसी भी भारतीय भाषा की दुश्मन नहीं हो सकती। हिंदी सभी भारतीय भाषाओं की मित्र है और हिंदी और भारतीय भाषाएं मिलकर हमारे स्वाभिमान कार्यक्रम को उसके अंतिम लक्ष्य तक पहुंचा सकती हैं। शाह ने कहा कि किसी भाषा का विरोध नहीं है, किसी विदेशी भाषा का विरोध नहीं होना चाहिए, लेकिन आग्रह अपनी भाषा के गौरव का होना चाहिए, आग्रह अपनी भाषा बोलने का होना चाहिए, आग्रह अपनी भाषा में सोचने का होना चाहिए। हमें गुलामी की मानसिकता से मुक्त होना चाहिए और जब तक व्यक्ति अपनी भाषा पर गर्व नहीं करेगा, अपनी भाषा में अपनी बात नहीं कहेगा, तब तक हम गुलामी की मानसिकता से मुक्त नहीं हो सकते। दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित राजभाषा विभाग के स्वर्ण जयंती समारोह में बोल रहे थे।

**ये स्वाभिमान को लक्ष्य तक पहुंचाएंगी**

**हमारी भाषाएं देश को एकजुट करने का जरिया**



शाह ने कहा कि पिछले कुछ दशकों में भाषा का इस्तेमाल भारत को बांटने के साधन के रूप में किया गया। वे इसे तोड़ नहीं पाए, लेकिन प्रयास किए गए। हम सुनिश्चित करेंगे कि हमारी भाषाएं भारत को एकजुट करने का एक सशक्त माध्यम बनें। शाह ने कहा कि सरकारी कामकाज में भारतीय भाषाओं का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल होना चाहिए, सिर्फ केंद्र सरकार में ही नहीं बल्कि राज्य सरकार में भी। इसके लिए हम राज्यों से भी संपर्क करेंगे, उन्हें समझाने और राजी करने की कोशिश करेंगे।

**13 भाषाओं में रहे जेईई, नीट व सीयूईटी के पेपर**

शाह ने कहा कि जेईई, नीट और सीयूईटी के पेपर अब 13 भाषाओं में हो रहे हैं। पहले सीएपीएफकी कांस्टेबल भर्ती के लिए आप केवल इंग्लिश या हिंदी में ही आवेदन कर सकते थे। हमने इसे लचीला बनाया और 13 भाषाओं में परीक्षा की इजाजत दी और आज मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि 95 फीसदी उम्मीदवार अपनी मातृभाषा में कांस्टेबल परीक्षा दे रहे हैं। यह बताता है कि भारतीय भाषाओं का भविष्य उज्ज्वल है।



### युवाओं के लिए 'नशा' सबसे बड़ी समस्या

गृहमंत्री शाह ने अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस पर कहा कि नशा हमारे युवाओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। सरकार नशा तस्करी करने वाले गिरोहों (नार्को-कार्टेल) के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है और नशे की लत में फंसे युवाओं को सामान्य जीवन में वापस लाने के लिए काम कर रही है। आज 26 जून को अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी और अवैध तस्करी दिवस के अवसर पर शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स हैंडल पर पोस्ट कर यह बात कही।

**गुलामी की मानसिकता से मुक्ति मिलेगी**

शाह ने यह भी कहा कि आने वाले समय में केंद्र और राज्यों के प्रशासन में भारतीय भाषाओं का उपयोग और भी बढ़ेगा। वह इसके लिए राज्यों से संपर्क करेंगे और उन्हें समझाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर शाह ने राजभाषा हिन्दी और सभी भारतीय भाषाओं के प्रेमियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा आग्रह अपनी भाषा के सम्मान और उपयोग का होना चाहिए। जब तक हम अपनी भाषा में सोचेंगे और गर्व से बोलेंगे नहीं, तब तक गुलामी की मानसिकता से मुक्ति संभव नहीं है।

**हिंदी सभी भाषाओं की दोस्त:** शाह ने कहा कि हिंदी भाषा किसी भी दूसरे भारतीय भाषा की दुश्मन नहीं है। हिंदी सभी भारतीय भाषाओं की दोस्त है और हिंदी एवं भारतीय भाषाएं मिलकर हमारे स्वाभिमान कार्यक्रम को उसके अंतिम लक्ष्य तक पहुंचा सकती हैं।

**भाषा का इस्तेमाल देश को बांटने के लिए किया गया**

शाह ने कहा कि पिछले कुछ दशकों में भाषा का इस्तेमाल भारत को बांटने के माध्यम के रूप में किया गया। वे इसे तोड़ नहीं पाए लेकिन कोशिश पूरी की गई। इसके लिए आधिकारिक भाषा विभाग काम करेगा।

**उद्धव ने भाजपा पर लगाया आरोप**

*भाजपा बांट रही, हम किसी भाषा से नफरत नहीं करते*



मुंबई। शिवसेना यूबीटी चीफ उद्धव ठाकरे ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी भाषा के आधार पर लोगों में विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रही है और सत्तारूढ़ पार्टी पर महाराष्ट्र में लैंग्वेज इमरजेंसी लगाने का आरोप लगाया। उद्धव ने कहा कि उनकी पार्टी हिंदी के विरोध में नहीं है, लेकिन मुख्य तौर पर मराठी भाषी राज्य में इसे लागू करने के खिलाफ है। हम किसी भाषा का विरोध या नफरत नहीं करते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम किसी भी भाषा को लागू करने की इजाजत देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का छिपा हुआ एजेंडा हिंदी को लागू करना है।

जल शक्ति मंत्री पाटिल की दो टूक

# ध्यान से सुन ले पाकिस्तान हमारा पानी कहीं नहीं जाएगा




**उनकी धमकियों से भारत डरने वाला नहीं**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सिंधु जल संधि स्थगित कर दी थी। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने कहा था कि अगर भारत ने सिंधु जल संधि को स्थगित कर नदी को डायवर्ट करने या डैम बनाने की कोशिश की तो भारत के खिलाफ जंग लड़ी जाएगी। इस पर अब केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल का रिएक्शन सामने आया है। उन्होंने कहा कि पानी कहीं नहीं जाएगा। पाकिस्तान के तरबेला, मंगला और नीलम-झेलम जैसे हाईड्रो पावर प्लांट नदी के प्रवाह पर निर्भर हैं। ये प्लांट पाकिस्तान की बिजली में लगभग 30 प्रतिशत का योगदान करते हैं। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था बहुत हद तक पानी पर निर्भर है। अकेले कृषि जीडीपी में 24 प्रतिशत से अधिक का योगदान देती है और आबादी के एक बड़े हिस्से को रोजगार देती है।

मीडिया से बातचीत में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने कहा कि मैं आपको एक लाइन में इतना कह सकता हूं कि पानी कहीं नहीं जाएगा। बाकी बिलावल क्या कहते हैं वो उनका प्रश्न है। उनको वहां पर अपनी पॉलिटिक्स करनी है। इसलिए वो कुछ भी कहते रहें। उन्होंने तो धमकियां भी दी थी कि पानी नहीं बहेगा तो खून बहेगा। ये तो आपने सुना होगा। ऐसी गीदड़ धमकियों से तो हम डरते भी नहीं है। मगर कुछ बातें समय पर ही अच्छी लगती हैं। इसलिए उसका समय पर ही जवाब मिलना अच्छा है।

### बिलावल ने यह कहा था



मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बिलावल भुट्टो ने भारत पर 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद 1960 के समझौते को एकतरफा तरीके से रोककर अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। बिलावल ने कहा कि भारत के पास दो विकल्प हैं या तो वह निष्पक्ष रूप से पानी बांटे या फिर हम सभी छह नदियों से पानी लेंगे। 1960 में साइन की गई और विश्व बैंक की मध्यस्थता से संपन्न सिंधु जल संधि , भारत और पाकिस्तान के बीच छह नदियों के जल के बंटवारे को नियंत्रित करती है।

विधायक का विवादित बयान

## कपड़े-जूते-मोबाइल और योजनाओं का पैसा सब हमारे ही कारण मिले

एजेंसी ▶▶ औरंगाबाद



महाराष्ट्र में भाजपा विधायक बाबनराव लोणिकर अपने विवादित बयान को लेकर विपक्ष के निशाने पर आ गए हैं। जलना जिले के परतूर विधानसभा क्षेत्र में 'हर घर सोलर' योजना के कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि जो लोग भाजपा और सरकार की आलोचना करते हैं, उन्हें यह समझना चाहिए कि उनके पास जो कपड़े, जूते, मोबाइल फोन और योजनाओं का पैसा है, वह सब भाजपा की वजह से है। कार्यक्रम में बोलते हुए बाबनराव ने दावा किया कि भाजपा सरकार की वजह से गांवों में पानी की टंकियां, पक्की सड़कें, सामुदायिक भवन और अन्य विकास कार्य हुए हैं। जो लोग मीडिया पर हमारी आलोचना करते हैं, उनके घरों में पानी की सुविधा, सड़कें, उनके माता-पिता की पेंशन और किसान सम्मान निधि के पैसे सब हमारी ही देन हैं।

कांग्रेस और थरूर में बयानबाजी तेज

## थरूर बनाम कांग्रेस की लड़ाई अब 'बाज' और 'पंछी' पर आई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



शशि थरूर को लेकर कांग्रेस पार्टी में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है, इसका एक ताजा नजारा दिखा है। अब पंछियों की भाषा में पार्टी के नेता एकदूसरे पर वार-प्रतिवार कर रहे हैं। एक दिन पहले थरूर ने जहां पंछियों का जिक्र करते हुए कहा था कि आसमान में उड़ने के लिए पक्षियों को किसी की इजाजत की जरूरत नहीं होती। अब कांग्रेस के ही वरिष्ठ नेता मणिकम टैगोर ने पलटवार करते हुए कहा है कि पंछियों को आसमान में उड़ने वाले बाज, गिद्ध और चील से बचकर रहना चाहिए। इससे एक दिन पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था कि हमारे लिए देश पहले है, लेकिन कुछ लोगों के लिए सबसे पहले मोदी बन गए हैं। थरूर बनाम कांग्रेस की इस नई रस्साकशी की शुरुआत अखबार में छपे एक लेख से हुई है। थरूर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की थी।

540 करोड़ का ड्रग और मनी लान्ड्रिंग का मामला

# 7 दिन की रिमांड पर बिक्रम मजीठिया प्रदर्शन कर रहे अकाली नेता गिरफ्तार

## शिरोमणि अकाली दल ने नारेबाजी और विरोध किया

एजेंसी ▶▶ अमृतसर

पंजाब विजिलेंस ने 540 करोड़ के ड्रग व मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ



नेता और पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया को अमृतसर से गिरफ्तार किया था। मजीठिया को अदालत ने 7 दिन के रिमांड पर भेजा है। उनकी पत्नी विधायक गनीव कौर के चंडीगढ़ स्थिति आवास पर भी विजिलेंस की टीम ने दबिश दी। समर्थकों ने विरोध किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

**सर्चिंग कर सबूत जुटाया**

विजिलेंस की टीम ने मजीठिया के आवास पर सुबह साढ़े छह बजे से साढ़े बारह बजे तक सर्च अभियान चलाया। कई महत्वपूर्ण सबूत इकट्ठे किए। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद विजिलेंस के एआईजी स्वर्णदीप सिंह की अगुआई में टीम मजीठिया को मोहाली लेकर पहुंची। जांच टीम ने बताया कि मजीठिया के स्टाफ और मजीठा हलके से विधायक उनकी पत्नी कौर ने पुलिस को किसी तरह का सहयोग नहीं दिया। मजीठिया के खिलाफ मोहाली विजिलेंस थाने में आमदनी से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में केस दर्ज किया गया है। विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि जांच के दौरान एसआईटी को मजीठिया के खिलाफ ड्रग मनी और हवाला कारोबार करने के सुबूत मिले हैं।

बंबई उच्च न्यायालय ने अहम फैसला सुनाया

# पत्नी कमाने वाली हो, तो उसे गुजारा भत्ते से वंचित नहीं किया जा सकता

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बंबई उच्च न्यायालय ने एक फैसले में कहा है कि एक महिला को अलग रह रहे अपने पति से मिलने वाली वित्तीय सहायता से सिर्फ इसलिए वंचित नहीं किया जा सकता, क्योंकि वह कमाती है। न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की पीठ ने 18 जून के आदेश में कहा कि पत्नी उसी जीवन स्तर की हकदार है, जिस तरह का जीवन वह पति से अलग होने से पहले ससुराल में गुजार रही थी। फैसले की प्रति गुरुवार को दी।

**न्यायमूर्ति मंजूषा ने की टिप्पणी**



**याची की याचिका खारिज की**

अदालत ने व्यक्ति की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसे अगस्त 2023 के कुटुंब अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए दायर किया गया था। अदालत ने व्यक्ति को अपनी पत्नी को 15,000 रुपये मासिक गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिया था। याचिकाकर्ता ने कहा कि पत्नी कामकाजी महिला है।

**याची को जिम्मेदार माना :** न्यायमूर्ति देशपांडे ने कहा कि केवल इसलिए कि पत्नी कमा रही है, उसे अपने पति से मिलने वाली आर्थिक सहायता से वंचित नहीं किया जा सकता है। याचिकाकर्ता पत्नी की तुलना में कहीं अधिक कमाता है, जबकि उसकी कोई वित्तीय जिम्मेदारी नहीं है।

रथ यात्रा से पहले हजारों लोग पुरी के प्राचीन मंदिर में उमड़े

# रत्न बेदी पर भगवान जगन्नाथ के 'नबाजौबन' दर्शन किए

## मंदिर सुबह आठ बजे से 10.30 बजे तक भक्तों के लिए खुला रहा

एजेंसी ▶▶ पुरी

भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा से एक दिन पहले बृहस्पतिवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालु ओडिशा के पुरी में 12वीं सदी के मंदिर में भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के 'नबाजौबन दर्शन' के लिए उमड़ पड़े। श्रद्धालु सूर्योदय से पहले ही मंदिर के 'सिंह द्वार' पर पहुंच गए और 'रत्न बेदी' (गर्भगृह में पवित्र मंच) पर भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के 'नबाजौबन दर्शन' (युवा रूप) किए। स्नान अनुष्ठान के बाद 11 जून को भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के सार्वजनिक दर्शन बंद कर दिए गए थे।



**अस्वस्थ हो जाने के कारण सार्वजनिक दर्शन नहीं होते**

शोधकर्ता भास्कर मिश्रा ने कहा कि माना जाता है कि स्नान अनुष्ठान के बाद भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा अस्वस्थ हो जाने के कारण सार्वजनिक दर्शन के लिए उपलब्ध नहीं होते हैं। रथ यात्रा से पहले पखवाड़े भर तक वे 'अनासर घर' (अलगाव कक्ष) में पृथक-वास में रहते हैं। मंदिर सुबह 8-10.30 बजे तक खुला रहेगा।

महाकुंभ के बाद अब पुरी रथ यात्रा में सेवा देगा अडाणी समूह

## 40 लाख को भोजन और पेय पदार्थ निशुल्क देगा

अडाणी समूह भारत के सबसे प्रतिष्ठित धार्मिक आयोजन में से एक ओडिशा के पुरी में रथ यात्रा में सेवा देगा। इस वर्ष की शुरुआत में



समूह ने प्रयागराज में महाकुंभ मेले के दौरान लोगों को भोजन कराने की अपनी स्वयंसेवी पहल की थी।

समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी का मानना है कि 'सेवा ही साधना है' और इसी को ध्यान में रखते हुए समूह 26 जून से 8 जुलाई तक व्यापक सेवा शुरू कर रहा है।

**कपड़े, जैकेट, छाते और रेनकोट दिए जाएंगे**

इस पहल के तहत करीब 40 लाख भोजन तथा पेय पदार्थ तीर्थयात्रियों और अधिकारियों को निःशुल्क वितरित जाएंगे। समुद्र तट की सफाई और आधिकारिक स्वयंसेवकों के लिए निःशुल्क टी-शर्ट; नगरपालिका कर्मचारियों के लिए 'फ्लोरोसेंट' सुरक्षा बनियान और अधिकारियों तथा भक्तों को विभिन्न प्रकार की जैकेट, रेनकोट, टोपी और छाते भी दिए जाएंगे।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दी बड़ी सौगात, 18 करोड़ रुपए से नवनिर्मित भवन का किया लोकार्पण

# 'स्नेह धाम' में बुजुर्गों को मिलेगी भोजन चिकित्सा, मनोरंजन, स्वाध्याय की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में स्नेहधाम भवन के लोकार्पण अवसर पर कहा कि यह प्रकल्प केवल सामाजिक सुरक्षा नहीं, बल्कि सुरक्षित आवास सुविधा भी सुनिश्चित करता है। यह अपने आप में एक बड़ा और संवेदनशील कदम है, जो वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान और उत्तरदायित्व की भावना को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों की सेवा, सम्मान और सुरक्षा हमारी संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग है।

मप्र में अपने तरह की इस पहली अभिनव पहल का लोकार्पण मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को किया। स्नेहधाम भवन में बुजुर्गों के लिए भोजन, चिकित्सा, मनोरंजन, स्वाध्याय, ध्यान और परामर्श जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे वे सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकें। यहां बुजुर्गों की सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा, सम्मानजनक जीवन और सुरक्षित आवास सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इंदौर मुं 18 करोड़ रुपए की लागत से स्नेह धाम भवन इंदौर विकास प्राधिकरण की ओर से बनाया गया है।

### खास बातें

- सीएम ने कहा, बुजुर्गों की सेवा, सम्मान और सुरक्षा भारतीय संस्कृति का हिस्सा
- स्नेहधाम जैसे प्रकल्प बुजुर्गों के लिए होंगे वरदान साबित



### 565 करोड़ रुपए से अधिक के लागत के विकास कार्यों की दी सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में इंदौर को 565 करोड़ रुपए से अधिक के लागत के विकास कार्यों की सौगात दी। इस मौके पर लगभग 90 करोड़ रुपए लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण किया और 476 करोड़ रुपए से अधिक लागत के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि समय के साथ सामाजिक ढांचा बदला है। कई बुजुर्ग दंपती आज अकेले हैं, किसी के बच्चे विदेश में हैं तो कोई नौकरी के कारण दूर शहरों में रहते हैं। ऐसे में वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुरक्षित, आत्मसम्मानजनक और सुसज्जित आवास की आवश्यकता को स्नेहधाम जैसी पहलें पूरी करेंगी।

### सर्वसुविधायुक्त स्नेह धाम-प्रदेश में अपने तरह की पहली अभिनव पहल

इंदौर विकास प्राधिकरण ने एक अभिनव पहल की है। योजना क्रमांक 134 के तहत लगभग 20 हजार वर्गफीट के भूखंड पर स्नेहधाम सीनियर सिटीजन कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया गया है। इस 6 मंजिला भवन में कुल 32 फ्लैट बनाए गए हैं। जिसमें 2 बीएचके के 22 फ्लैट तथा 1 बीएचके के 10 फ्लैट शामिल हैं। लगभग 18 करोड़ रुपए की लागत से तैयार इस भवन में वरिष्ठ नागरिकों के अनुकूल सभी आधुनिक सुविधाएं दी गई हैं।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए दो लिफ्ट भी

*इस भवन में वरिष्ठ नागरिकों के लिए दो लिफ्ट भी रहेगी। प्रत्येक फ्लेट में 24x7 पानी, बिजली, गीजर, स्टडी टेबल, सोफा, टीवी, फ्रिज, माइक्रोवेव, आदि सुविधाएं हैं। कॉल करने पर चाय, नाश्ता, भोजन की रूम सर्विस भी रहेगी। साथ ही प्रथम तल पर मॉड्यूलर किचन, स्टाफ, डाइनिंग हॉल आदि हैं। सुबह चाय से लेकर रात्रि भोजन तक की सभी व्यवस्थाएं की गई है। भोजन का मीनू भी सर्वसम्मति से तय होगा। परिसर में वॉक करने के साथ-साथ इनडोर गेम्स जैसे बिलियर्ड्स, कैरम, चैस आदि की सुविधा उपलब्ध है। योग, प्राणायाम के लिए अलग से प्रशिक्षक रहेंगे। स्वास्थ्य सुविधा की दृष्टि से नियमित चेकअप के लिए नर्सिंग स्टाफ 24x7 रहेगा। विस्तृत जांच व उपचार के लिए निकटतम अस्पताल से अनुबंध किया गया है ताकि तत्काल उपचार प्राप्त हो सके।*

## नर्मदा जल का प्रदेश हित में शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करें

# नर्मदा घाटी परियोजनाओं के संचालन में सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नर्मदा नदी राज्य की जीवनदायिनी है। नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के तहत संचालित गतिविधियों से प्रदेश में सिंचाई के रकबे और ऊर्जा उत्पादन में बहुत वृद्धि हुई है, जिसके चलते प्रदेशवासियों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना के अंतर्गत निर्मित सिंचाई व्यवस्था में सौर ऊर्जा के उपयोग को अधिक से अधिक प्रोत्साहित किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की 267वीं बैठक बुधवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में हुई। अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, मनीष रस्तोगी सहित प्राधिकरण के अन्य अधिकारी बैठक में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल उद्वहन में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाने से बिजली पर होने वाले व्यय में कमी लाई जा सकेगी। किसानों को भी सिंचाई में सौर ऊर्जा के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाए। मां नर्मदा के जल का प्रदेश के हित में अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की 267वीं बैठक



### स्लीमनाबाद टनल के तकनीकी पहलुओं और सिंचाई परियोजनाओं पर हुई चर्चा

*बैठक में शहीद ईलाप सिंह माईक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना जिला हरदा, सेंधवा माईक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना जिला बड़वानी, निवाली उद्वहन सिंचाई परियोजना जिला बड़वानी, धार उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना, मां रेवा उद्वहन सिंचाई परियोजना जिला देवास की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति के संबंध में निर्णय लिए गए। बैठक में निर्माणाधीन स्लीमनाबाद टनल के तकनीकी पहलुओं पर चर्चा हुई। इसके साथ ही डोबी सिंचाई परियोजना, भीकनगांव बिंजलवाड़ा माईक्रो सिंचाई परियोजना, आईएसपी-पार्वती लिंक परियोजना, खालवा उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना जिला खंडवा की समयवृद्धि प्रस्ताव पर भी बैठक में विचार-विमर्श हुआ।*

### मोरंड गंजाल बांध एवं दाबयुक्त सिंचाई परियोजना पर हुआ निर्णय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में मोरंड गंजाल बांध एवं दाबयुक्त सिंचाई परियोजना के निर्माण में आईएसपी जलाशय और अपर नर्मदा परियोजना के कमांड में निर्माण कार्य आरंभ करने के संबंध में निर्णय लिया गया। बैठक में विजयराघवगढ़ उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना, गुनौर माईक्रो सिंचाई परियोजना, झिरन्या एक्सटेंशन (विस्तार) माईक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना, बड़ादेव चरगंवा सूक्ष्म उद्वहन सिंचाई परियोजना, खेड़ी बुजुर्ग उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना जिला धार की प्रशासकीय स्वीकृति के संबंध में विचार-विमर्श हुआ। बैठक में नर्मदा नदी के धार्मिक एवं सामाजिक और पर्यटन महत्व के स्थलों पर घाट निर्माण के संबंध में कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए।

## मुख्यमंत्री ने कहा- सरकार बहन-बेटियों की मदद के लिए सदैव तत्पर


# सीएम डॉ. यादव ने कतर से स्वदेश लौटीं मनीषा की कुशलक्षेम जानी

वीडियो कॉल पर बातचीत में मनीषा ने माना डॉ. मोहन का आभार

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इजरायल-ईरान युद्ध के चलते कतर से वापसी के लिए रह गई उज्जैन निवासी मनीषा भटनागर की सकुशल स्वदेश वापसी के बाद उनसे वीडियो कॉल पर चर्चा कर उनकी कुशलक्षेम पूछी।

डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार बहन-बेटियों को हर संभव मदद देने के लिए तत्पर है। श्रीमती भटनागर ने उज्जैन वापसी के लिए मुख्यमंत्री का आभार माना। उन्होंने कहा कि कतर से भारत लौटने में प्रदेश सरकार का भरपूर सहयोग मिला। संकट के क्षणों में पूर्ण विश्वास था कि देश और प्रदेश की सरकार हमारी चिंता कर रही है और हम निश्चित ही सुरक्षित स्वदेश लौटेंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने श्रीमती भटनागर से एयरलाइंस में उनके कामकाज की जानकारी भी ली। उल्लेखनीय है कि श्रीमती भटनागर कतर एयरवेज में सीनियर केबिन क्रू हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उनकी सकुशल वापसी के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से सहयोग के लिए अनुरोध किया था। उन्होंने प्रदेश के संबंधित अधिकारियों को केंद्र सरकार के संपर्क में रहते हुए श्रीमती भटनागर की सकुशल स्वदेश वापसी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे।



## ग्वालियर में प्रांतीय विचार एवं प्रशिक्षण वर्ग 28-29 को

# स्वदेशी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएगा स्वदेशी जागरण मंच, लगाई जाएगी प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वदेशी जागरण मंच, मध्य भारत प्रांत द्वारा स्वावलंबी भारत अभियान के तहत दो दिवसीय प्रांतीय विचार वर्ग एवं प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन 28 और 29 जून को ग्वालियर में किया जाएगा। इस वर्ग का उद्देश्य भारत को आत्मनिर्भर बनाना और स्वदेशी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। प्रशिक्षण वर्ग में स्वदेशी नीति, आर्थिक स्वतंत्रता तथा भारत की वैश्विक भूमिका पर चर्चा की जाएगी। 'वोकल फॉर लोकल' और 'मेक इन इंडिया' को व्यवहार में लाने पर बल दिया जाएगा।

### 'पहले स्वयं, फिर हर घर स्वदेशी' का लेंगे संकल्प

*भोपाल विभाग के ज्योति कांत ने बताया कि उद्घाटन सत्र में ग्वालियर के प्रबुद्ध जन, सामाजिक कार्यकर्ता, उद्यमी और शिक्षक उपस्थित रहेंगे। इस दौरान स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन की चर्चा के साथ पहले स्वयं, फिर हर घर स्वदेशी का संकल्प लिया जाएगा। प्रांत संयोजक श्रीकांत बुधौलिया ने बताया कि इस वर्ग में अखिल भारतीय पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।*

### मध्य भारत प्रांत के 16 जिलों से शामिल होंगे कार्यकर्ता: सीमा

प्रांत महिला कार्य सह प्रमुख सीमा भारद्वाज ने बताया कि मध्य भारत प्रांत के 16 जिलों से कार्यकर्ता इस प्रशिक्षण में शामिल होंगे। आयोजन में अखिल भारतीय महिला कार्य सह प्रमुख प्रतिभा चतुर्वेदी, लघु उद्योग भारती की स्वावलंबी भारत अभियान सह समन्वयक प्रतिभा शुक्ला, सेवा भारती की सुनीता जैन, मंडीदीप से प्रीति चौरसिया, अरेड़ी गांव से जीवन यादव, मंजू राजोरिया सहित महिलाएं शामिल होंगीं।

## टैक्स लॉ बार एसोसिएशन की कार्यशाला

# आयकर की धारा 80 जेजेएए में 3 वर्ष तक मिलेगी 30 फीसदी की छूट

चार्टर्ड अकाउंटेंट चावला ने दी नई टैक्स रिजाइम में उपलब्ध आयकर में बचत के तरीकों की जानकारी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

किसी इंडस्ट्री द्वारा जो की प्रोविडेंट फंड में पंजीकृत है नए कर्मचारियों को रखने पर आयकर की धारा 80 जेजेएए के अंतर्गत उन्हें दिए गए वेतन पर 30 फीसदी की छूट मिलेगी, जो कि 3 साल तक ली जा सकती है, इसमें कुछ शर्ते हैं जिनका पालन करना आवश्यक है।

यह जानकारी युवा चार्टर्ड अकाउंटेंट कार्तिक चावला ने टैक्स लॉ बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यशाला में आयकर की नई टैक्स रिजाइम में भी उपलब्ध आयकर में बचत के तरीकों के बारे में उपस्थित सलाहकारों को दी। उन्होंने बताया कि किसी इंडस्ट्री द्वारा जो की प्रोविडेंट फंड में पंजीकृत है नए कर्मचारियों को रखने पर आयकर की धारा 80 जेजेएए के अंतर्गत उन्हें दिए गए वेतन पर 30 फीसदी की छूट मिलेगी जो की 3 साल तक ली जा सकती है, इसमें कुछ शर्ते हैं जिनका पालन करना आवश्यक है।

### आयकर से 100 फीसदी छूट मिलेगी, परंतु टर्नओवर 100 करोड़ से कम हो

उन्होंने बताया कि आयकर की धारा 80 आईएसी में नए स्टार्टअप को 3 साल तक आयकर से 100 फीसदी छूट मिलेगी, परंतु उसका टर्नओवर 100 करोड़ से कम होना चाहिए एवं वह एलएलपी या कंपनी कानून के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। उन्होंने बताया कि किसी निर्माता द्वारा वर्ष के दौरान खरीदी गई नई मशीनरी पर 20 फीसदी तक अतिरिक्त डेप्रेसियेशन का लाभ उठाया जा सकता है।

### नई आयकर रिजीम में भी दिलाया जा सकता है क्लाइंट को फायदा

*सलाहकारों द्वारा इस प्रकार नई आयकर रिजीम में भी अपने क्लाइंट को फायदा दिलवाया जा सकता है। किसी व्यक्ति द्वारा शादी के समय रिश्तेदारों व दोस्तों से प्राप्त गिफ्ट किसी भी सीमा तक कर मुक्त है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष मृदुल आर्य ने की। इस मौके पर सचिव मनोज पारख, सहसचिव संदीप चौहान, वरिष्ठ सदस्य संजय श्रीवास्तव, गोविंद वसंता ,हेमंत जैन आदि उपस्थित थे।*

# खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पद के लिए पात्र हुए आयुष डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अब आयुष डॉक्टर भी खाद्य सुरक्षा अधिकारी पद के लिए पात्र होंगे। केंद्र सरकार ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पद के लिए अब बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड शल्य चिकित्सा विषय में स्नातक की डिग्री को मान्यता दी गई है, जिसे भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने केंद्र सरकार के अनुमोदन से स्वीकृत किया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी में तीन पद की मान्यता आयुष विभाग को दे दी गई है। ज्ञात हो कि पूर्व में मप्र सरकार खाद्य सुरक्षा अधिकारी में शैक्षणिक अहर्ताओं में त्रुटियों का नीमा द्वारा विरोध के कारण मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पदों पर भर्ती के लिए वर्ष 2024 में जारी किए गए विज्ञापन क्रमांक 57/2024 दिनांक 31 दिसंबर 2024 को निरस्त कर दिया था। परंतु अब मप्र लोक सेवा आयोग ने केंद्र सरकार के निर्णय को मान्य कर खाद्य सुरक्षा अधिकारी की भर्ती में आयुष विभाग को सम्मिलित कर लिया है। नीमा छात्र संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. हरेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि आहार शुद्धौ सत्वशुद्धिः आहार से ही मन पवित्र रहता है। मप्र लोक सेवा आयोग ने नीमा द्वारा भेजे गए पत्र पर विचार कर खाद्य सुरक्षा अधिकारी के लिए निकाली गई पोस्ट पर केंद्र सरकार के निर्णय का परिपालन कर आयुष विभाग को भी सम्मिलित कर लिया है। इस सराहनीय कार्य की हम प्रशंसा करते हैं। अब आयुष छात्र इन पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन कर सकतें है।

## तालाब में साइकिल धोने गए थे मासूम

# दो मासूम बच्चों की तालाब में डूबने से दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरगुजा



जिले के सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम केरजू में बुधवार शाम तालाब में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। इस घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। बताया जा रहा है कि आरव और अंश पड़ोसी थे और हमेशा साथ खेलते थे। इस हादसे से उनके परिवार और गांव में मातम का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम केरजू निवासी नवीन अग्रवाल का नौ वर्षीय पुत्र आरव अग्रवाल और संजय अग्रवाल का सात वर्षीय पुत्र अंश अग्रवाल दोस्तों के साथ खेलने के बाद तालाब में साइकिल धोने गए थे। इस दौरान उनका पैर फिसला और दोनों गहरे पानी में डूब गए। अन्य बच्चों के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने उन्हें तालाब से निकाला और कांसाबेल अस्पताल ले गए। वहां से अंबिकापुर रेफर किए जाने पर परिजन दोनों को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज ले गए।

## स्थिति नियंत्रित करने का चल रहा प्रयास, ओपीडी में घटी मरीजों की संख्या

# 50 से अधिक लोगों के बीमार होने का कारण दूषित पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले के ग्राम तरौद में दूषित पानी के कारण डायरिया का प्रकोप फैल गया है। 20 जून के बाद से अब तक 50 से अधिक लोग इस बीमारी की चपेट में आ चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, पाइपलाइन में लीकेज के कारण दूषित पानी की आपूर्ति हुई, जिससे यह स्थिति उत्पन्न हुई।

हालांकि तीन मौतों को स्वास्थ्य विभाग ने डायरिया से संबंधित न बताकर अन्य बीमारियों का कारण बताया है। स्वास्थ्य विभाग ने गांव में अस्थायी चिकित्सा शिविर स्थापित किया है और गंभीर मरीजों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए उपाय किए जा रहे हैं और अब ओपीडी में मरीजों की संख्या कम हो रही है।



### 24 घंटे उपलब्ध रहेगी डॉक्टरों की सुविधा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. महेश सूर्यवंशी ने बताया कि पाइपलाइन में लीकेज के कारण दूषित पानी की आपूर्ति से संक्रमण फैला। इसे नियंत्रित करने के लिए गांव के उप-स्वास्थ्य केंद्र पर 24 घंटे डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है। पिछले दो दिनों से कोई नया मरीज सामने नहीं आया है और अस्पताल में भर्ती अधिकतर मरीजों को छुट्टी दे दी गई है। वर्तमान में केवल तीन मरीजों का इलाज जारी है।

### अलग-अलग बीमारियां थीं मौतों का कारण

*डॉ. सूर्यवंशी ने स्पष्ट किया कि तीनों मौतें डायरिया से संबंधित नहीं थी। पहली मौत हार्ट अटैक, दूसरी 5-6 महीने के शिशु की निमोनिया और तीसरी 75 वर्षीय वृद्धा की लंबी बीमारी के कारण हुई। स्वास्थ्य विभाग ने दूषित पानी को डायरिया का मुख्य कारण बताया है। पेयजल समस्या को दूर करने के लिए स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहयोग से पाइपलाइन की मरम्मत की जा रही है और टैंकरों के माध्यम से गांव में स्वच्छ पानी की आपूर्ति शुरू की गई है। बालोद जिले के ग्राम तरौद में दूषित पानी के कारण डायरिया का प्रकोप फैल गया है। 20 जून के बाद से अब तक 50 से अधिक लोग इस बीमारी की चपेट में आ चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, पाइपलाइन में लीकेज के कारण दूषित पानी की आपूर्ति हुई, जिससे यह स्थिति उत्पन्न हुई। हालांकि तीन मौतों को स्वास्थ्य विभाग ने डायरिया से संबंधित न बताकर अन्य बीमारियों का कारण बताया है। स्वास्थ्य विभाग ने गांव में अस्थायी चिकित्सा शिविर स्थापित किया है और गंभीर मरीजों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए उपाय किए जा रहे हैं और अब ओपीडी में मरीजों की संख्या कम हो रही है।*

### ज्यादातर मरीजों को दे दी गई छुट्टी

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. महेश सूर्यवंशी ने बताया कि पाइपलाइन में लीकेज के कारण दूषित पानी की आपूर्ति से संक्रमण फैला। इसे नियंत्रित करने के लिए गांव के उप-स्वास्थ्य केंद्र पर 24 घंटे डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है। पिछले दो दिनों से कोई नया मरीज सामने नहीं आया है, और अस्पताल में भर्ती अधिकतर मरीजों को छुट्टी दे दी गई है। वर्तमान में केवल तीन मरीजों का इलाज जारी है।

# रथ परिक्रमा मार्ग पर अब बिजली नहीं बनेगी बाधा

मुख्यमंत्री ने दी भूमिगत विद्युत लाइन बिछाने की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के दौरान रथ परिक्रमा मार्ग पर अब बिजली बाधित नहीं होगी। बस्तरवासियों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रथ परिक्रमा मार्ग पर भूमिगत विद्युत लाइन बिछाने की स्वीकृति प्रदान की है। यह मांग भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उठाई थी। किरण देव ने बताया कि बस्तर दशहरा के दौरान रथ परिक्रमा मार्ग, जिसमें दंतेश्वरी मंदिर से सिरहासार चौक, गोल बाजार चौक, टेकरी वाले हनुमान मंदिर मार्ग, बाहर रैनी, भीतर रैनी, स्टेट बैंक चौक से सिटी कोतवाली, लालबाग और कुम्हड़ाकोट क्षेत्र शामिल हैं, वहां बिजली बाधित होने से स्थानीय लोगों, पर्यटकों और व्यापारियों को काफी परेशानी होती थी। भूमिगत विद्युत तार बिछाने से यह समस्या खत्म होगी और रथ परिक्रमा का आनंद बिना किसी व्यवधान के लिया जा सकेगा। किरण देव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताते हुए कहा कि उनकी संवेदनशीलता और बस्तर के विकास के प्रति प्रतिबद्धता के कारण यह मांग पूरी हुई है। उन्होंने बताया कि भूमिगत विद्युत तार बिछाने का कार्य जल्द शुरू होगा, जिससे बस्तरवासियों को रथ परिक्रमा के दौरान अंधेरे की समस्या से निजात मिलेगी। यह निर्णय बस्तर दशहरा के उत्सव को और भी भव्य और सुगम बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।



# पारिवारिक विवाद में हैवान बने बेटा और दामाद, पिता की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

जिले से रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। बागबहार थाना क्षेत्र के ग्राम खाड़ामाचा में एक बेटे और दामाद ने मिलकर पिता की डंडों से बेरहमी से पिटाई कर दी। इलाज के दौरान 55 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 22 जून की दोपहर लगभग 12 बजे घर में उस वक्त विवाद शुरू हुआ जब आनंद सिंह की बेटी गीता पैकरा और उसके पति रोहित पैकरा (दामाद) के बीच किसी घरेलू बात को लेकर झगड़ा हो रहा था। रोहित गीता से मारपीट कर रहा था। यह सब देखकर पिता आनंद सिंह बीच-बचाव करने पहुंचा और बोला मेरी बेटी को मत मारो। पिता की यह बात बेटे सुनील पैकरा 19 वर्ष को नागवार गुज़री। उसने गुस्से में आकर पास रखे डंडे से पिता के सिर पर जोरदार वार कर दिया। इतने में दामाद रोहित पैकरा 32 वर्ष ने भी घर में रखा दूसरा डंडा उठाया और ससुर पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल आनंद सिंह को जिला अस्पताल रायगढ़ ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। रायगढ़ पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया। डॉक्टर की रिपोर्ट में सिर में लगी गंभीर चोट को मौत का कारण बताया गया। चूंकि घटना जशपुर जिले के अंतर्गत हुई थी, इसलिए केस थाना बागबहार को सौंपा गया।

# अरहर दाल की कीमतें हुईं आधी, जनता खुश तो व्यापारी निराश

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

तुअर दाल यानी अरहर दाल जो सबसे जरूरी चीजों में से एक है, अब तीन साल के सबसे निचले दामों पर पहुंच चुकी है। थोक किराना जिंस बाजार में थोक कीमतें 100 रुपए प्रति किलो से भी नीचे पहुंच गई हैं। कीमत कम होने से आम उपभोक्ताओं को तो राहत मिली है, लेकिन किसान इस गिरावट से परेशान हैं। जानकारों के अनुसार भारी मात्रा में तुअर और पीली मटर के आयात होने के साथ ही कमजोर मांग ने कीमतों को नीचे गिरा दिया है। चावल-दाल थोक व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष ईश्वरदास संगतानी के अनुसार फिलहाल एवरेज क्वालिटी की तुअर दाल 89-90 रुपए प्रति किलो बिक रही है, जबकि सबसे अच्छी क्वालिटी वाली दाल 90-105 रुपए के आसपास है। पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में यह काफी सस्ती हो चुकी है। उन्होंने बताया कि इतनी कम कीमतें 2022 के बाद पहली बार देखने को मिल रही हैं। उन्होंने बताया



**सौ रुपए से नीचे भाव पर बिक रही तुअर दाल**

कि घरेलू उत्पादन में कमी के कारण पिछले दो सालों में दालों की कीमतें बढ़ गई थीं, लेकिन अब इसमें नरमी आई है। क्योंकि सरकार ने दालों की आपूर्ति बढ़ाने के लिए आयात के द्वारा खोले हुए है। तुअर के आयात के लिए ड्यूटी फ्री अवधि मार्च 2026 तक बढ़ा दी गई है। वित्त वर्ष 2025 के दौरान भारत का तुअर आयात बढ़कर 12.23 लाख टन से अधिक हो गया, जो पिछले वर्ष के 7.71 लाख टन से 59 प्रतिशत अधिक है। इस समय तुअर दाल सबसे ज्यादा बिकाऊ है और बाजार कमजोर हो चुका है।

### त्योहारी सीजन में बढ़ सकती है मांग

*भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के प्रवक्ता संजीव जैन के अनुसार बाजार जानकारों के अनुसार त्योहारी सीजन के नजदीक आते ही तुअर की मांग में इजाफा होगा। खासकर मानसून के कारण जब सब्जियों की आपूर्ति कम हो जाती है, तब दालों का उपभोग बढ़ता है। ऐसे में अगले कुछ हफ्तों में दामों में थोड़ी तेजी आ सकती है। फिलहाल आयात के चलते तुअर दाल और पीली मटर की कीमतों में गिरावट हुई है। दूसरी ओर किसान नए सीजन की शुरुआत से पहले इसे लिक्विडेट करने में लगे हैं। इस वजह से भी कीमतों पर असर पड़ रहा है। कम कीमत पर उपलब्ध तुअर दाल की वजह से इसके उपभोग पर भी असर पड़ रहा है।*


### एक नजर दालों के थोक भाव प्रति क्विंटल पर

- ▶▶ तुअर दाल - 8500 से 10500 रुपए
- ▶▶ मसूर दाल - 7700 से 8200 रुपए
- ▶▶ उड़द दाल काली- 8500 से 9500 रुपए
- ▶▶ उड़द दाल धुली - 9000 से 10500 रुपए
- ▶▶ मूंग दाल छिलका 8500 से 9500 रुपए
- ▶▶ मूंग दाल धुली - 9500 से 10500 रुपए
- ▶▶ चना दाल 6800 से 7500 रुपए

### दालों के फुटकर भाव पर प्रति किलो

- ▶▶ तुअर दाल - 100 से 110 रुपए
- ▶▶ मसूर दाल - 85 से 90 रुपए
- ▶▶ उड़द दाल काली- 100 से 105 रुपए
- ▶▶ उड़द दाल धुली - 100 से 110 रुपए
- ▶▶ मूंग दाल छिलका 90 से 100 रुपए
- ▶▶ मूंग दाल धुली - 105 से 110रुपए
- ▶▶ चना दाल 80 से 85 रुपए

### मंडी में खड़ी दलहन के थोक भाव



- ▶▶ तुअर - 5200 से 5600 रुपए
- ▶▶ मसूर - 5200 से 5600 रुपए
- ▶▶ उड़द - 6000 से 6200 रुपए
- ▶▶ मूंग - 6500 से 7000 रुपए
- ▶▶ चना- 5200 से 5400 रुपए

## नियामकीय नियमों के उल्लंघन पर सेबी ने बीएसई पर लगाया 25 लाख रुपए का जुर्माना

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने सभी हितधारकों को कॉर्पोरेट खुलासे तक समान पहुंच उपलब्ध कराने में विफल रहने और कारोबार के दौरान बार-बार सौदों में संशोधन करने वाले दलालों के खिलाफ कार्रवाई करने के आरोपों में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर कार्रवाई की है। शेयर बाजार पर 25 लाख रुपए का जुर्माना लगाया जिसके बाद गुरुवार की सुबह बीएसई के शेयरों में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। कारोबार की सपाट शुरुआत के बाद एनएसई पर शेयर का भाव 1.47 प्रतिशत गिरकर 2,748 रुपये पर आ गया। बाजार नियामक ने फरवरी 2021 और सितंबर 2022 के बीच किए गए निरीक्षण के बाद यह आदेश पारित किया।

बैंक कर्मियों ने किया मांगों को लेकर बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थानों के खिलाफ प्रदर्शन

## 17 सूत्रीय मांगों पर बैंकों में 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

बैंकों और एलआईसी में निजीकरण और विनिवेश रोकने, बीमा क्षेत्र में 100 फीसदी एफडीआई बंद करने सामान्य बीमा कंपनियों को एक इकाई के रूप में विलय, पर्याप्त भर्तियां सुनिश्चित करें, आउटसोर्सिंग और अनुबंध नौकरियों को रोकें ,एनपीएस को खत्म करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर ऑल इंडिया बैंक एम्प्लाईज एसोसिएशन, ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन एवं बैंक एम्प्लाईज फेडरेशन ऑफ इंडिया ने केंद्रीय श्रमिक संगठनों की मांगों का समर्थन करते 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है। इसके पूर्व हड़ताल को सफल बनाने के लिए बैंककर्मी एकमंज पर जुट रहे हैं और देशभर में धरना, प्रदर्शन एवं सभाओं के दौर जारी हैं ।




### मांगों के समर्थन में जोरदार नारेबाजी कर प्रभावी प्रदर्शन

*इसी के चलते राजधानी भोपाल में विभिन्न बैंकों के सैकड़ों बैंक कर्मचारी एवं अधिकारी गुरूवार की शाम को अरेरा हिल्स भोपाल स्थित यूको बैंक के जोनल ऑफिस के सामने एकत्रित हुए और अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार नारेबाजी कर प्रभावी प्रदर्शन किया। इस मौके पर बैंक कर्मचारी , अधिकारी नेताओं साथी वीके शर्मा, दीपक रत्न शर्मा, संजय कुदेशिया, मोहम्मद नजीर कुरैशी, भगवान स्वरूप कुशवाह, गुणशेखरन, प्रभात खरे , जेपी दुबे, देवेंद्र खरे , विशाल धमेजा ,किशन खेराजानी , सत्येंद्र चौरसिया, श्रीपाद घोटनकर, अमोल अचवाल, वैभव गुप्ता, के वासुदेव सिंह, संतोष मालवीय, राम चौरसिया, अमित प्रजापति, सनी शर्मा , राजीव रंजन आदि ने संबोधित किया। वीके शर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार की जन एवं श्रम विरोधी नीतियों के खिलाफ और 17 सूत्रीय मांगों को लेकर इस बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े सभी संगठनों ने 9 जुलाई 2025 को राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर रहेंगे। उन्होंने कहाकि सरकार को 100 फीसदी विदेशी निवेश, निजीकरण और विनिवेश के एजेंडा को तुरंत विराम देना चाहिए। पर्याप्त नई भर्तियां कर बेरोजगारी कम करना चाहिए। आउटसोर्सिंग और ठेका प्रथा को बंद कर लोगों को स्थाई रोजगार प्रदान करना चाहिए ,नई पेंशन योजना समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना बहाल होना चाहिए। कॉरपोरेट के खराब ऋणों की वसूली के लिए कठोर एवं कारगर कदम उठाना चाहिए।*



## होंडा ने पहला ईवी कॉन्सेप्ट स्टोर खोला

**बेंगलुरु।** होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया ने भारत में अपना पहला ईवी कॉन्सेप्ट स्टोर बेंगलुरु के मल्लेश्वरम स्थित मंत्री स्क्वायर मॉल में खोला। यह अनोखा स्टोर ग्राहकों को होंडा की मोबिलिटी, तकनीक और नवाचार की दुनिया का अनुभव देने के लिए डिजाइन किया गया है। इसी मौके पर एक्टिवा ई के लिए नया बैटरी एज ए सर्विस लाइट प्लान भी पेश किया, जिसमें ग्राहक सिर्फ 678 प्रति माह देकर ईवी की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

एलन ने दी कैंपस में निःशुल्क कोचिंग , 81 छात्राएं तथा 45 छात्रों का नीट-2025 की तैयारी के लिए चयन

## शिक्षा संबल योजना में निःशुल्क पढ़े, सरकारी स्कूलों के 98 प्रतिशत विद्यार्थी नीट में क्वालीफाई

एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास द्वारा संचालित की जाने वाली शिक्षा संबल योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोटा

कॅरियर सिटी कोटा ने एक बार फिर सामाजिक सरोकार निभाया है। यहां एल एन माहेश्वरी परमार्थ न्यास की ओर से संचालित की जाने वाली शिक्षा संबल योजना के विद्यार्थियों को सफलता मिली है। शिक्षा संबल के तहत कोटा में रहकर पढ़ने वाले 105 विद्यार्थियों में से 103 विद्यार्थी नीट में क्वालीफाई हुए हैं, योजना के 98 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है।

एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास के ट्रस्टी डॉ.नवीन माहेश्वरी ने बताया कि वर्ष 2024 में शुरू की गई शिक्षा संबल योजना के तहत मध्य भारत के राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और उत्तराखंड राज्यों के हिन्दी माध्यम के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए। परीक्षा में प्रदर्शन की वरीयता के आधार पर 81 छात्राएं तथा 45 छात्रों का नीट-2025 की तैयारी के लिए चयन किया गया।



### एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट में निःशुल्क नीट-2026 की तैयारी के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई

*विद्यार्थियों को एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की ओर से एलन कोटा के बारां रोड नया नोहरा स्थित सुपथ कैम्पस में निःशुल्क कोचिंग दी गई। इसके साथ ही एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास की ओर से निकट के हॉस्टल्स में निशुल्क आवास और भोजन की व्यवस्था भी की गई। पढ़ाई की शुरुआत के कुछ महीनों में विभिन्न कारणों से कुछ विद्यार्थी घर लौट गए। इसके बाद 105 विद्यार्थियों ने सालभर रहकर पढ़ाई की। नीट की परीक्षा में शामिल हुए। शामिल हुए 105 विद्यार्थियों में से 103 विद्यार्थी ऐसे हैं जिन्होंने नीट काउंसलिंग के लिए क्वालीफाई किया है। काउंसिलिंग के माध्यम से स्टेट रैंक, कैटेगिरी रैंक के आधार पर विद्यार्थी एमबीबीएस, डेंटल, आयुर्वेद व अन्य कोर्सेज में प्रवेश ले सकेंगे। डॉ.माहेश्वरी ने बताया कि कोटा का यह सामाजिक सरोकार सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। अब नीट-2026 के लिए भी प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए परीक्षा 20 जुलाई को आयोजित की जाएगी। निःशुल्क नीट-2026 की तैयारी के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई रखी गई है।*

## गौतम अदाणी के 63वें जन्मदिन पर लगा रक्तदान शिविर

**जबलपुर।** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी के 63वें जन्मदिन के मौके पर, अदाणी समूह की सामाजिक सेवा और विकास से जुड़ी शाखा, अदाणी फाउंडेशन ने पूरे देश में रक्तदान अभियान चलाया। यह अभियान 21 राज्यों और 2 केंद्रशासित प्रदेशों के 206 शहरों में आयोजित किया गया और इसने पिछले साल के 25,282 यूनिट रक्तदान का रिकॉर्ड भी पार कर लिया।

अदाणी हेल्थकेयर टीम के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में अदाणी ग्रुप के कर्मचारियों और




सहयोगियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अभियान में कुल 27,661 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इससे 83,000 से ज़्यादा मरीज़ों को फायदा होने की उम्मीद है। अदाणी फाउंडेशन की चेयरपर्सन डॉ. प्रीति अदाणी ने कहा "मैं हमारे अदाणी परिवार का दिल से धन्यवाद करती हूं, जिन्होंने आगे बढ़कर इस सेवा को सार्थक बनाया।

## ईवी ओईएम ने की टेरा से साझेदारी

**गुरूग्राम।** इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता टेरा मोटर्स ने एल5 ईवी ब्रांड के पूर्व सब-डीलर ने अब टेरा मोटर्स के साथ बतौर अधिकृत मुख्य डीलर साझेदारी की है। इस कदम के पीछे प्रमुख कारण रहे सीमित लाभ मार्जिन और पिछले ब्रांड में दीर्घकालिक विकास की संभावनाओं की कमी। राकेश शर्मा, मालिक, ज्योति



एंटरप्राइजेज (नव नियुक्त डीलर), ने इस अवसर पर कहा टेरा मोटर्स का ब्रांड, उनकी पारदर्शी नीति और जापानी गुणवत्ता से जुड़ाव ने मुझे प्रभावित किया। अब बतौर मुख्य डीलर, मेरे पास बेहतर मार्जिन, अधिक नियंत्रण और दीर्घकालिक व्यापार वृद्धि का अवसर है।

## एनविजन को मिली आरएलएमएम की मंजूरी

**नई दिल्ली।** एनविजन एनर्जी इंडिया को मॉडल संख्या ईएन-182/5.0 50 एचजेड टेक के लिए आरएलएमएम की मंजूरी प्राप्त हुई। नया ईएन -182/5.0 मेगावाट टरबाइन 181 मीटर रोटर व्यास, 105.56 मीटर हब ऊंचाई और ट्यूबलर स्टील टॉवर के साथ 89 मीटर ब्लेड से सुसज्जित है। इसे डीएनवी से आईईसी 61400- 22:2010 टाइप सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है, जिसकी वैधता 16 फरवरी, 2026 तक है। एनविज़न एनर्जी ने अपने आईपीपी ग्राहकों से ईएन -182/5.0 मेगावाट प्लेटफॉर्म के लिए 2 गीगावाट ऑर्डर बुक किया है।


**आवश्यकता**

आवश्यकता है- आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के - लड़कियां, महिलाऐं - पुरुष पैकिंग (24500 से 62500) महीना कमाऐं, फन्ड + बोनस- 8929595380 (रायपुर /27/जून 25)

आवश्यकता है- लिमिटेड कंपनी को जरूरी अनपढ़ से 12-वी पास लड़कों की एयरपोर्ट जॉब ग्राउंड स्टाफ, हेल्पर, लोडर, ड्राइवर, सुपरवाइजर, सिक्योरिटी, सैलरी 22500/- से 45500/- ( रहना+खाना फ्री पक्की नौकरी) 09211591851 (रायपुर /26/जून 25)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## राशिफल

- **मेष** — वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।
- **वृष** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।
- **मिथुन** — माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।
- **कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शिक्षा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।
- **सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।
- **कन्या** — स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा।पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं।
- **तुला** — वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।
- **वृश्चिक** — शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।
- **धनु** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।
- **मकर** — कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।
- **कुंभ** — कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।
- **मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।

## टीकेएम ने ओहमियम के साथ किया समझौता


**जबलपुर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने बेंगलुरु स्थित ओहमियम इंटरनेशनल के साथ एक समझौता ज्ञापन पर दस्तखत किये। इसके जरिये कंपनी ने कार्बन तटस्थता और स्वच्छ ऊर्जा नवाचार के प्रति अपनी कटिबद्धता को मजबूत किया है जो भारत में ग्रीन हाइड्रोजन -आधारित एकीकृत ऊर्जा समाधानों के सह-विकास के लिए है। इसके तहत एक अग्रणी पीईएम, ओहमियम इंटरनेशनल के साथ हाइड्रोजन प्रौद्योगिकी प्रदाता के साथ समझौता ज्ञापन किया गया है। इस रणनीतिक करार में टोयोटा की फुएल सेल टेक्नालॉजी और भविष्य के स्वच्छ ईंधन के रूप में ग्रीन हाइड्रोजन को आगे बढ़ाना महत्वपूर्ण है।




## बजाज फिन्सर्व एएमसी ने लॉन्च किया स्मॉल कैप फंड

**जबलपुर।** बजाज फिन्सर्व एएमसी ने गुणवत्ता, विकास और मूल्य की पेशकश करने वाले बजाज फिन्सर्व स्मॉल कैप फंड, एक ओपन एंडेड इक्विटी योजना जो मुख्य रूप से स्मॉल कैप स्टॉक में निवेश करता है, इसके शुरुआत की घोषणा की है। यह फंड सब्सक्रिप्शन के लिए 27 जून 2025 से खुलकर 11 जुलाई 2025 को बंद होगा। स्मॉल कैप में हाल ही में हुआ सुधार दीर्घावधि निवेशकों के लिए एक आकर्षक प्रवेश अवसर उपलब्ध कराता है। हालाँकि 80% से अधिक स्मॉल-कैप कंपनियों ने 38% की मजबूत लाभ वृद्धि और ठोस प्रतिफल अनुपात दर्ज किया है, लेकिन उनमें से अधिकांश अभी भी अपने 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर से 15-45% नीचे ट्रेड हो रहे हैं। इस हालिया बाजार सुधार ने इन कंपनियों के वास्तविक मूल्य और उनके मौजूदा बाजार मूल्यों के बीच एक स्पष्ट अंतर प्रस्तुत कर दिया है।

## शब्द पहेली - 5910



**बाएँ से दाए-**
1.ईश्वर,करतार-3
3.मुस्कुराहट-3
5.ईख-2
6.रजनीगंधा -2,1,2
9.समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11.ताकत,दम-2
12.अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13.वेतन,पगार-3
16.मनोनीत,नामकृत-3
18.बंधक,गिरवी वस्तु-3
20.निशा,रात्री-3
22.वचन,प्रतिज्ञा-3
23.श्रीनगर की झील-2
24.मूल्य,कीमत-2
25.असावधान-3
28.धिक्कार,फटकार-3
30.हवा,पवन-3
31.झाझर,कुंभ-3
33.चिंतन-3
35.संस्कृत में मेरा-2
36.मादा का विलोम-2
38.कुबेर,भूत-2
40.परोपकारी,जितेंद्र की एक फिल्म-5
41.फलों का राजा-2
42.फूल चुननेवाली-3
43.घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

**ऊपर से नीचे**
1.तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2.बेकार-3
3.दीवान,खजांची-3
4.पैगंबर,रसूल-2
5.झूठ,मिथ्या -3
7.तेल में पकाना-3
8.आराम,मदद-3
10.गुलिस्ता-3
14.नरकभोगी-5
15.खुजली-2
17.सखा,दोस्त-2
18.मजा,आनंद-2
19.स्वदेशवासी-5
21.सुई (अंग्रेजी-3)
22.विष्णुप्रिया-3
26.पुनः,वापस-2
27.मर्करी,पारद-2
29.भीगा हुआ-2
30.वक्त,टाईम-3
31.अच्छी बुद्धि-3
32.निम्नता-3
34.मुलायम-3
35.बड़ा,विशाल-3
37.धनवान-3
39.माफी-2
41.उम्मीद-2

**शब्द पहेली -5909 का हल**



## सूडोकु नवताल- 5920

✱✱✱ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5919 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

अनोखे पक्षी / रजनी अरोड़ा

बच्चो, तुमने आसमान में उड़ते हुए छोटे-बड़े कई तरह के पक्षी देखे होंगे। छोटे पक्षी तो फुर्र-फुर्र आसानी से इधर-उधर उड़ लेते हैं। लेकिन दुनिया में कई बड़े आकार के भी ऐसे पक्षी हैं, जो बहुत तेज गति से उड़ते हैं और लंबी दूरियां तय करते हैं। यहां हम तुम्हें कुछ बहुत ही तेज गति से उड़ने वाले बिग बर्ड्स के बारे में बता रहे हैं।

# तेज गति से उड़ने वाले बिग बर्ड्स



## स्पर-विंग गूस

**इसे दुनिया** के सबसे बड़े हंस प्रजाति के पक्षी रूप में जाना जाता है। एडल्ट स्पर-विंग गूस, लगभग 75 सेंटीमीटर लंबा और 4.8 किग्रा वजन का होता है। 142 किमी या 88 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ने की क्षमता के कारण इसकी गिनती दुनिया की सबसे तेज उड़ने वाले पक्षियों में होती है। यह मुख्यतः उप सहारा अफ्रीका के झीलों, नदियों के पास जमीन पर बनाए घोंसलों में रहते हैं। *



## पिनटेल डक

इस पक्षी के पूंछ के पंख सिरे पर पिन की तरह लंबे और पतले होते हैं, इसीलिए इसे 'प्वॉइंटी डक' भी कहा जाता है। पिनटेल डक के पंखों का फैलाव 23.28 सेंटीमीटर तक हो सकता है। यह 105 किमी या 65 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकते हैं। ये यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका के देशों में बड़ी तादाद में पाए जाते हैं। *

## ऐडर डक

बड़े आकार के समुद्री बत्तखों में ऐडर डक को भी शामिल करते हैं। ये डक 50 सेंटीमीटर से भी अधिक लंबे हो सकते हैं और 113 किमी या 70 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकते हैं। ऐडर डक मुख्य रूप से उत्तरी अमेरिका, उत्तरी यूरोप और पूर्वी साइबेरिया के उत्तरी भाग में पाए जाते हैं। *





## स्पाइन-टेल्ड स्विफ्ट

171 किलोमीटर (105 मील) प्रति घंटा की स्पीड से उड़ान भरने वाले स्पाइन-टेल्ड स्विफ्ट, दुनिया की सबसे तेज उड़ने वाली बर्ड्स में से एक है। काले रंग के स्विफ्ट बर्ड के गले पर सफेद रंग के बाल होते हैं, इसलिए इसे 'व्हाइट थ्रोटेड नीडल टेल' के नाम से भी जाना जाता है। ये पक्षी मध्य एशिया, साइबेरिया, पूर्वी और उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में पाए जाते हैं। जमीन पर उतरने के बजाय ये अपना अधिकांश जीवन उड़ते हुए और पहाड़ों पर बनाए अपने घोंसले में बिताते हैं। ये आसमान में उड़ने वाली छोटी बर्ड्स और कीड़े खाते हैं। *


## फ्रिगेट बर्ड

समुद्री जीवों में फ्रेगाटा परिवार की पांच प्रजातियों में से एक है फ्रिगेट बर्ड। ये पक्षी 153 किमी (95 मील) प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकते हैं। ये आकार में काफी बड़े होते हैं, जिससे ये न तो पानी में आसानी से तैर पाते हैं और न ही जमीन पर चल पाते हैं। लेकिन ये बहुत तेजी से समुद्र में डाइव लगाकर मछलियों, जेली फिश, स्क्विड जैसे समुद्री जंतुओं का शिकार कर लेते हैं। नर फ्रिगेट पक्षी के गले में लाल थैली होती है, जिसे वह मादा फ्रिगेट को आकर्षित करने के लिए फुलाता है। फ्रिगेट बर्ड्स, ज्यादातर मध्य और उत्तरी अमेरिका के देशों में पाए जाते हैं। *



## रेड चेस्ट डाइविंग डक

अपनी दांतदार चोंच के कारण ये पक्षी 'मरगस सरेटर' नाम से भी जाने जाते हैं। ये 51.62 सेंटीमीटर तक



लंबे हो सकते हैं। इसके पंखों का फैलाव 70.86 सेंटीमीटर तक हो सकता है। यह डक 129 किमी या 80 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकता है। रेड चेस्ट डक पानी के अंदर डाइव लगाकर काफी देर तक रह सकता है। ये पक्षी मछलियां, कीड़े और मेंढक आदि खाते हैं। यह डक मुख्य रूप से उत्तरी अमेरिका, ग्रीनलैंड, यूरोप और एशिया के देशों में मिलते हैं। *

## कैनवास बैक डक

यह उत्तरी अमेरिका के देशों में पाया जाने वाला सबसे बड़े आकार का डाइविंग डक है। यह लगभग 80 सेंटीमीटर तक लंबा हो सकता है और इसके पंखों का फैलाव 48.56 सेंटीमीटर तक हो सकता है। यह 124 किमी या 77 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकता है। इनकी खासियत है कि ये अपने साथियों के साथ झुंड में वी-शेप बनाकर आकाश में उड़ते हैं। ये जलीय वनस्पति खाते हैं। सर्दियों के दौरान यह मिसीसिपी नदी के आस-पास के गर्म इलाकों में माइग्रेट करते हैं। *



---

जानकारी / नयनतारा

# कब की जाती है मेडे कॉल

बच्चो, पिछले दिनों अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश की दुर्घटना के बाद न्यूज चैनल्स, न्यूज पेपर्स और सोशल मीडिया पर तुम बार-बार एक शब्द 'मेडे कॉल' के बारे में सुन या पढ़ रहे होगे। क्या तुम जानते हो यह कॉल क्या होती है और कब की जाती है?



बच्चो, बीते 12 जून 2025 को अहमदाबाद (गुजरात) में एयर इंडिया का एक एयरो प्लेन एआई 171 उड़ान भरने के कुछ पलों बाद ही क्रैश हो गया था। प्लेन क्रैश से कुछ समय पहले प्लेन के कैप्टन यानी पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर से संपर्क करते हुए 'मेडे कॉल' जारी की थी। जानो 'मेडे कॉल' के बारे में।

**कहां से आया टर्म 'मेडे':** यह शब्द फ्रेंच भाषा के प्रचलित फ्रेज 'म'आइडर' से बना है, जिसका अर्थ होता है 'हेल्प मी' यानी मेरी मदद करो। चूंकि यह फ्रेंच फ्रेज सुनने में 'मेडे' जैसा प्रतीत होता है, इसलिए 'म'आइडर' की जगह 'मेडे' प्रचलित हो गया। अब तो हवाई उड़ान के दौरान आई इमरजेंसी से संबंधित 'मेडे' शब्द को दुनिया के लगभग सभी देशों के लोग समझते हैं। प्रायः हर देश और हर कंपनी की विमान सेवा में इमरजेंसी मैसेज के लिए 'मेडे कॉल' टर्म का ही यूज किया जाता है।



**ऐसे हुई मेडे कॉल की ऑफिसियल शुरुआत:** इस शब्द की शुरुआत 1923 में लंदन के क्रायडन एयरपोर्ट के वरिष्ठ रेडियो अधिकारी फ्रेडरिक मोकफोर्ड के आग्रह पर हुई और 1948 में इसे आधिकारिक (ऑफिसियल) बना दिया गया।

**क्यों कहते हैं इसे मेडे कॉल:** प्लेन की उड़ान के दौरान जब पायलट को लगता है कि एयरो प्लेन खतरे में है, तो वह 'मेडे, मेडे, मेडे...' पुकारता है। यह संकट में दिया गया रेडियो सिग्नल है। जैसे ही एयर ट्रैफिक नियंत्रण करने वाले 'मेडे कॉल' को सुनते हैं, वे जान जाते हैं कि एयरो प्लेन संकट में है और उसे मदद की जरूरत है।

**तब करते हैं मेडे कॉल:** मेडे कॉल एक आपात संदेश (इमरजेंसी मैसेज) होता है। इसे एयरो प्लेन का पायलट उस समय करता है, जब विमान किसी गंभीर संकट में हो और यात्रियों या क्रू मेंबर्स की जान को खतरा हो। विमान का इंजन फेल होना, खराब मौसम, नेविगेशन सिस्टम की विफलता, किसी यात्री की अचानक तबियत खराब हो जाना या पायलट द्वारा हवाई जहाज का नियंत्रण खो देना... इस तरह की आपात कालीन परिस्थितियों में मेडे कॉल किया जाता है। *

---

तुम्हारे लिए नई किताबें / विज्ञान भूषण

# जानवरों-पक्षियों पर कविताएं

बच्चो, तुम अपने आस-पास कई तरह के जानवरों और पक्षियों को देखते होगे। कुछ जानवर और पक्षी तुमने चिड़ियाघर यानी जू में देखे होंगे। लेकिन उनमें से कई जानवर और पक्षी ऐसे होंगे, जिनके बारे में तुम बिल्कुल नहीं या बहुत कम जानते हो। हाल में ही दो ऐसी नई किताबें छपकर आई हैं, जिनमें अनेक पालतू और जंगली पशु-पक्षियों के बारे में कविता के माध्यम से जानकारी दी गई है। 'कितने प्यारे जानवर हमारे' और 'कितने प्यारे पंछी हमारे' शीर्षक वाली इन किताबों में प्रसिद्ध बाल साहित्यकार डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल ने सरल और प्यारी कविताओं में देश-दुनिया में पाए जाने वाले कई पशु-पक्षियों के आकार, उनकी शारीरिक विशेषताओं, उनके स्वभाव, उनके निवास और उनसे जुड़ी कहावतों की जानकारियां दी हैं। मोर कविता में वह लिखते हैं, *'राष्ट्रीय पक्षी भारत का/कहा मोर ही जाता/सुंदर पंखों के कारण है/मन को बेहद भाता।'* तो गौरैया कविता में लिखते हैं, *'इधर-उधर जब चहका करती/लगती प्यारी-प्यारी/गौरैया अब संख्या में कम/चिंता बढ़ी हमारी।'* इसी तरह भालू कविता में वे लिखते हैं, *'बजा डुगडुगी खूब मदारी/इसको नाच नचाता/भालू खुश होकर बच्चों के/मन को है बहलाता।'* ऐसी ही बहुत सी कविताएं इन दोनों किताबों में संकलित हैं। इन कविताओं को पढ़ने में तुमको सच में बहुत मजा तो आएगा ही, ढेरों जानवरों, पक्षियों के बारे में काफी कुछ जानने को भी मिलेगा। *




**किताबें:** 'कितने प्यारे जानवर हमारे' और 'कितने प्यारे पंछी हमारे'
**लेखक:** डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल, **मूल्य:** 150 रुपए (प्रत्येक)
**प्रकाशक:** सूर्य भारती प्रकाशन, दिल्ली

---

# जीतू को आई समझ

जीतू का पढ़ाई में बिल्कुल मन नहीं लगता था। लेकिन खेलने में खूब मजा आता था। अकसर अपने मम्मी-पापा से बिना बताए वह स्कूल बंक करके पार्क में बच्चों के साथ क्रिकेट खेलने लगता। लेकिन एक दिन शूज पॉलिश करने वाले एक बूढ़े बाबा ने उससे कुछ ऐसा कहा कि जीतू ने मन लगाकर पढ़ाई करने का संकल्प कर लिया।



कहानी
सरस्वती रमेश

जीतू के मम्मी-पापा मजदूरी करते हैं। सुबह-सुबह जीतू की मम्मी उसे तैयार कर स्कूल भेज देती हैं। उसके बाद पापा के साथ वह भी काम पर चली जाती हैं। जीतू का पढ़ाई में बिल्कुल भी मन नहीं लगता। उसका स्कूल जाने का भी मन नहीं करता है। स्कूल के पास ही एक बड़ा-सा मैदान है। वहां ढेरों बच्चे खेलते रहते हैं। उनको देखकर जीतू का भी मन करता है कि वह भी स्कूल जाने के बजाय उन बच्चों के साथ खेले।

एक दिन जीतू स्कूल जा रहा था। मैदान में बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। तभी गेंद उसके सामने आ गिरी। खेल रहे बच्चे चिल्लाने लगे, 'गेंद फेंको.. गेंद फेंको।' जीतू ने गेंद उनकी तरफ फेंक दी फिर कुछ देर वहीं खड़े होकर उन बच्चों का खेल देखने लगा। थोड़ी देर बाद क्रिकेट खेल रहे बच्चों के पास जाकर जीतू बोला, 'मुझे भी अपने साथ में क्रिकेट खेलने दो।'

'ठीक है, वहां फील्डिंग पर लग जाओ।' बैटिंग कर रहे लड़के ने इशारा करते हुए जीतू से कहा। जीतू खुश हो गया। उसे खेलने में बड़ा मजा आ रहा था। खेलते-खेलते दोपहर हो गई। बच्चे अपने-अपने घर जाने लगे। जीतू भी बस्ता टांग कर अपने घर वापस लौट आया।

अगले दिन से जीतू स्कूल जाने के लिए घर से निकलता लेकिन स्कूल जाने के बजाय मैदान में बच्चों के साथ खेलने लगता। खेलने में उसे बड़ा मजा आता। अब न पढ़ाई का प्रेशर था, न होमवर्क करने की चिंता। रोज-रोज स्कूल बंक कर बच्चों के साथ खेलना उसकी आदत बन गई।

मैदान के बगल वाली सड़क पर एक बूढ़े बाबा जूते पॉलिश करते थे। आते-जाते जीतू उन्हें रोज देखता। एक दिन जीतू खेलने के बाद घर जा रहा था। उसने देखा कि बूढ़े बाबा किताब पढ़ रहे हैं। उसे बड़ा आश्चर्य हुआ। वह उनके पास जाकर बोला, 'बाबा, आप तो जूते पॉलिश करने का काम करते हैं। आज आप किताब क्यों पढ़ रहे हैं?'

'क्योंकि मैं जान गया हूं कि पढ़ाई-लिखाई जीवन में बहुत जरूरी है।' बाबा ने कहा। 'कैसे जान गए... ऐसा क्या हुआ?' जीतू ने हैरानी से पूछा।

'बेटा, मैं सिर्फ दूसरी कक्षा तक पढ़ा हूं। अक्षर पहचान लेता हूं। लेकिन अच्छी तरह पढ़ना नहीं जानता। मेरे पोते को कुछ दिनों से खांसी आ रही थी। दवा का नाम ना पढ़ पाने के कारण मैंने उसे खांसी की दवा पिलाने की बजाय घाव साफ करने वाली दवा पिला दी, जिससे मेरे पोते की तबियत और बिगड़ गई। उसे अस्पताल ले जाना पड़ा। असल में दोनों दवाओं का रंग एक जैसा था। मुझे समझ नहीं आया। अगर मैं पढ़ा-लिखा होता तो यह गलती कभी ना होती। दवा का नाम पढ़ लेता। अब मेरा पोता ठीक हो गया है। मैंने उसका दाखिला स्कूल में करा दिया है और अपने लिए भी किताबें खरीद लाया हूं। खाली समय में अब मैं भी किताबें पढ़ता हूं।' बूढ़े बाबा ने बताया।

'लेकिन मुझे तो पढ़ना बिल्कुल पसंद नहीं है। पढ़ाई के लिए तो बहुत मेहनत करनी पड़ती है, बहुत दिमाग खपाना पड़ता है। इसलिए मैं स्कूल जाने की बजाय यहां पार्क में खेलने चला आता हूं।' जीतू ने बताया।

जीतू की बात सुनकर बाबा ने उसे समझाते हुए कहा, 'बेटा, मेहनत और लगन से पढ़ाई-लिखाई करने वाले आगे चलकर अच्छे और सफल इंसान बनते हैं। देश के लोगों की सेवा करते हैं। सेना में भर्ती होते हैं, पुलिस बनते हैं, डॉक्टर या इंजीनियर बनते हैं। पढ़-लिखकर बहुत-से अच्छे काम किए जा सकते हैं, जो बिना पढ़े-लिखे संभव नहीं है। तुमको स्कूल जरूर जाना चाहिए।'

बाबा की बातें सुनकर जीतू सोच में पड़ गया। उसके मम्मी-पापा को भी पढ़ना नहीं आता। इसलिए उन्हें धूप में मजदूरी करनी पड़ती है। अगर स्कूल नहीं जाएगा, तो वह भी अनपढ़ रह जाएगा। जरूरत पड़ने पर दवाइयों के नाम भी नहीं पढ़ पाएगा। ऐसे तो बड़े होकर उसे भी मजदूरी जैसा कोई काम करना पड़ेगा। जीतू को अपने स्कूल बंक करने की आदत पर बहुत पछतावा होने लगा। 'बाबा, अब मैं रोज स्कूल जाऊंगा। मन लगाकर पढ़ाई करूंगा। बड़ा होकर डॉक्टर बनूंगा।' जीतू ने जोश के साथ बूढ़े बाबा से कहा।

'शाबाश! बहुत बढ़िया। खूब पढ़ो.. आगे बढ़ो।' बाबा ने जीतू के सिर पर हाथ रखकर कहा। *

---


कविता
सिराज अहमद



## टुक टुक टुक

चला सैर को बंटी बंदर
बहुत दिनों था घर के अंदर
कैब फोन से कर ली बुक
टुक टुक टुक- टुक टुक टुक
विंडो के फिर पास बैठकर
पैर चढ़ाकर एक पैर पर
बाहर करता लुक लुक लुक
टुक टुक टुक- टुक टुक टुक
दिखा रास्ते में एक हाथी
था उसका बचपन का साथी
हाल-चाल पूछा फिर रुक
टुक टुक टुक- टुक टुक टुक
दिनभर करके सैर सपाटा
खाते-पीते मौज उड़ाता
लौटा घर को पढ़ते बुक
टुक टुक टुक- टुक टुक टुक

---



# जीके क्विज-159



1. आईसीसी की ताजा रैंकिंग के अनुसार विश्व की बेस्ट वन-डे महिला बैटर कौन बनी हैं?
2. हाल ही में किस देश ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान किया है?
3. हरियाणा के वर्तमान राज्यपाल का क्या नाम है?
4. रातापानी टाइगर रिजर्व किस प्रदेश में स्थित है?
5. दूध की शुद्धता मापने के लिए किस यंत्र का प्रयोग किया जाता है?
6. ज्ञानपीठ पुरस्कार किस क्षेत्र में दिया जाता है?
7. विश्व जनसंख्या दिवस कब मनाया जाता है?
8. 'हिंद स्वराज' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?
9. हर वर्ष निकाली जाने वाली रथ यात्रा का संबंध किस मंदिर से है?
10. हमारा पड़ोसी देश श्रीलंका किस महासागर के बीच में स्थित है?

बच्चों, जीके क्विज-159 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-158 का उत्तर :** 1.महेंद्र सिंह धोनी, 2.ऋषभदेव, 3.जम्मू-कश्मीर, 4.छत्तीसगढ़, 5.कार्बन डाइऑक्साइड, 6.केराटिन, 7. 1576 ई., 8. 1 जुलाई, 9.प्लैटिनम, 10.बछेंद्री पाल

**जीके क्विज-158 का सही उत्तर देने वाले :** स्वप्निल-रायगढ़, ममता-सीतापुर, लालिमा-गरियाबंद, राम-राजनांदगांव, सौम्या-रायगढ़, कबीर-हिसार, मीनाक्षी-रायपुर, पंकज-भोपाल, अनुज-बेमेतरा, प्रियंका-बिलासपुर, कुश-महासमुंद

---

# रंग भरो-178

**रंग भरो**-178 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




शौर्य, रोहतक


भव्या, बिलासपुर


तन्वी, रोहतक


वेदिका, बालोद


रेयांश, बिलासपुर


समृद्धि, शहडोल

## इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

रितेश-मटियारी, प्रिया-रायपुर, संतोष-भोपाल, अमन-रोहतक, रुचि-जबलपुर, निखिल-महासमुंद, अंचित-रायगढ़, कविता-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, लक्ष्य-कोरबा

---

# रंग भरो 179

बच्चो, यहां दो बिल्लियों का प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



# इंग्लैंड बनाम भारत : एजबेस्टन के मैदान पर इन भारतीय ने चटकाए हैं सबसे ज्यादा विकेट

एजेंसी ▶▶| एजबेस्टन

भारतीय क्रिकेट टीम को सीरीज के पहले टेस्ट में इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। अब सीरीज का दूसरा टेस्ट 2 जुलाई से एजबेस्टन में खेला जाएगा, जिसे जीतकर भारतीय टीम सीरीज में बराबरी हासिल करना चाहेगी। हेडिंग्ले टेस्ट में जीत के लिए मिले 371 रन के बड़े लक्ष्य को इंग्लिश टीम ने बेन डकेट के शतक (149) की बदौलत हासिल किया। इस बीच एजबेस्टन में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों के बारे में जानते हैं।

## चेतन शर्मा

(6/58 बनाम इंग्लैंड, 1986)

भारतीय टीम और इंग्लैंड के बीच 1986 में एजबेस्टन में खेला गया टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुआ था। उस मैच में भारत के तेज गेंदबाज चेतन शर्मा ने कुल 10 विकेट लिए थे। उन्होंने पहली पारी में 130 रन देते हुए 4 विकेट लिए थे। इसके बाद इंग्लैंड की दूसरी पारी के दौरान उन्होंने 58 रन देते हुए 6 विकेट लिए थे। वह इस मैदान पर किसी एक मैच में कुल 10 विकेट लेने वाले इकलौते भारतीय गेंदबाज हैं।



## कपिल देव (5/146 बनाम इंग्लैंड, 1979)

पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव ने 1979 में इंग्लैंड के खिलाफ पहली पारी में 5 विकेट चटकाए थे। उनकी उम्दा गेंदबाजी के बावजूद मेजबान टीम ने अपनी पहली पारी 633/5 के स्कोर पर घोषित की थी। इंग्लिश टीम से डेविड गोवर ने दोहरा शतक (200*) लगाया था। जवाब में भारतीय टीम ने अपनी पारियों में 297 और 253 (फॉलऑन खेलते हुए) रन बनाए और इंग्लैंड ने पारी और 83 रन से मैच जीता था।

## इशांत शर्मा

(5/51 बनाम इंग्लैंड, 2018)

इंग्लैंड ने 2018 में एजबेस्टन टेस्ट में भारत को 31 रन से हराया था। उस मैच में इशांत शर्मा ने इंग्लैंड की दूसरी पारी के दौरान 5 विकेट लिए थे, जिसमें जॉनी बेयरस्टो और बेन स्टोक्स जैसे बल्लेबाज भी शामिल थे। उनकी उम्दा गेंदबाजी के चलते इंग्लिश टीम दूसरी पारी में 180 रन पर ढेर हो गई थी। आखिर में जीत के लिए मिले 194 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 162 रन पर सिमट गई थी।

## इस स्टेडियम में जेम्स एंडरसन ने इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा विकेट

भारतीय क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच जारी टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला एजबेस्टन, बर्मिंघम में खेला जाएगा। यह मैदान इंग्लैंड के लिए हमेशा से फायदेमंद रहा है, खासकर उनके तेज गेंदबाजों को यहां खास मदद मिलती है। ऐसे में भारतीय बल्लेबाजों की परीक्षा कड़ी हो सकती है। इस ऐतिहासिक मैदान पर इंग्लैंड के किन गेंदबाजों ने सबसे ज्यादा विकेट चटकाए हैं, यह जानना बेहद दिलचस्प होगा।



### जेम्स एंडरसन (52 विकेट)

जेम्स एंडरसन ने एजबेस्टन में पहला टेस्ट 2003 में खेला और 2023 में आखिरी बार इस मैदान पर उतरे। उन्होंने यहां 14 टेस्ट की 27 पारियों में 24.28 की औसत से 52 विकेट झटके, जिसमें 3 बार 5 विकेट हॉल भी शामिल था। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/47 का रहा। वह इस मैदान पर इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। वह भले ही टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं, लेकिन यह रिकॉर्ड हमेशा याद किया जाएगा।

### स्टुअर्ट ब्रॉड (49 विकेट)

सूची में दूसरे स्थान पर इंग्लैंड के एक और पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड हैं। उन्होंने इस मैदान पर पहला टेस्ट मैच 2009 में खेला था, जबकि आखिरी बार वह 2023 में इस मैदान पर खेले थे। ब्रॉड ने एजबेस्टन में कुल 11 टेस्ट मैचों की 22 पारियों में गेंदबाजी करते हुए 23.81 की औसत से 49 विकेट झटके। इस दौरान उन्होंने एक बार 5 विकेट हॉल लिया। इस मैदान पर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/86 का रहा।

### फ्रेड ट्रूमैन (39 विकेट)

फ्रेड ट्रूमैन इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने एजबेस्टन में 7 टेस्ट खेले थे। इन मैचों की 13 पारियों में उन्होंने 20.46 की शानदार औसत से 39 विकेट झटके। ट्रूमैन ने इस मैदान पर 3 बार पारी में 5 या उससे अधिक विकेट लिए थे। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 7 विकेट पर 44 रन रहा था। ट्रूमैन अपने समय के बेहद खतरनाक तेज गेंदबाज माने जाते थे।

## खबर संक्षेप



### एलीट महिला मुक्केबाजी टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी लवलीना और निकहत

**हैदराबाद।** तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन आज से यहां शुरू होने वाले एलीट महिला मुक्केबाजी टूर्नामेंट में खिताब हासिल करने की कोशिश करेंगी। भारत की कई शीर्ष महिला मुक्केबाज भी यहां इस टूर्नामेंट में कौशल दिखाएगी जो एक जुलाई तक चलेगा जिसमें पूर्व विश्व युवा चैंपियन अंकुशिता बोरो भी शिरकत करेंगी। तेलंगाना राज्य संस्था भारतीय मुक्केबाजी महासंघ और तेलंगाना खेल प्राधिकरण के अंतर्गत इस टूर्नामेंट का आयोजन करेगी जिसमें 15 इकाईयों की मुक्केबाज हिस्सा लेंगी। चैंपियनशिप का आयोजन विश्व मुक्केबाजी के तकनीकी एवं प्रतियोगिता नियमों के अनुसार किया जाएगा जिसमें प्रत्येक मैच में तीन तीन मिनट के तीन राउंड होंगे जिनके बीच में एक मिनट का आराम होगा।

### भारत ने एशियाई स्क्वाश युगल चैंपियनशिप में सभी तीनों खिताब जीते

**कुआलालंपुर।** भारत ने यहां दूसरी एशियाई स्क्वाश युगल चैंपियनशिप में पुरुष, महिला और मिश्रित स्पर्धा के सभी तीनों खिताब जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की। अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार की शीर्ष वरीय पुरुष जोड़ी ने पाकिस्तान के प्रतिद्वंद्वी नूर जमां और नासिर इकबाल की जोड़ी के खिलाफ पहला सेट गंवा दिया लेकिन वापसी करते हुए 88 मिनट में 2-1 (9-11, 11-5, 11-5) से जीत दर्ज की। इस भारतीय जोड़ी ने सेमीफाइनल में हांगकांग के चि हिम वोंग और मिंग होंग टांग की जोड़ी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। महिला युगल फाइनल में जोशना चिनप्पा और अनाहत सिंह की जोड़ी ने भी एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी की और मलेशिया की आइना अमानी और जिन यिंग यि पर 35 मिनट तक चले फाइनल में 2-1 (8-11, 11-9, 11-10) से जीत हासिल की।



### ईशा, विदरसा और पार्थ ने चयन ट्रायल में जीत दर्ज की

**देहरादून।** ओलंपियन और मौजूदा मिश्रित टीम की पिस्टल विश्व चैंपियन ईशा सिंह यहां ग्रुप ए राइफल और पिस्टल निशानेबाजों के लिए राष्ट्रीय चयन ट्रायल के तीसरे दिन तीन विजेताओं में शामिल रहीं। तेलंगाना की ईशा ने 25 मीटर पिस्टल महिला टी3 स्पर्धा जीती, केरल की विदरसा विनोद ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन टी4 स्पर्धा जबकि महाराष्ट्र के पार्थ राकेश माने ने 10 मीटर एयर राइफल पुरुष टी4 का खिताब जीता। ईशा ने फाइनल में महाराष्ट्र की अभिदन्या अशोक पाटिल को हराया जिन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

## एजबेस्टन में बेहद खराब रहा है भारत का प्रदर्शन

# गिल ब्रिगेड के पास इतिहास रचने का मौका एजबेस्टन में एक भी टेस्ट नहीं जीता भारत

एजेंसी ▶▶| एजबेस्टन

भारतीय क्रिकेट टीम को पांच टेस्ट मैच की सीरीज के पहले टेस्ट में इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। अब सीरीज का दूसरा टेस्ट एजबेस्टन में खेला जाएगा, जिसे जीतकर भारतीय टीम सीरीज में बराबरी हासिल करना चाहेगी।

एजबेस्टन में अब तक भारतीय टीम ने कोई टेस्ट नहीं जीता है और शुभमन गिल की कप्तानी में टीम इतिहास बदलना चाहेगी या फिर पुराना इतिहास दोहराना चाहेगी। हेडिंग्ले टेस्ट में जीत के लिए मिले 371 रन के बड़े लक्ष्य को इंग्लिश टीम ने बेन डकेट के शतक (149) की बदौलत हासिल किया। अब सीरीज का दूसरा टेस्ट 2 जुलाई से एजबेस्टन में खेला जाएगा। इस मैदान पर भारतीय टीम का अब तक का प्रदर्शन ऐसा रहा है।

### एजबेस्टन में भारत ने हारे 7 टेस्ट

भारत ने एजबेस्टन में 8 टेस्ट (1967-2022) खेले, जिसमें से 7 में उन्हें हार मिली थी और सिर्फ 1 टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुआ था। इस मैदान पर भारत का सर्वोच्च टीम स्कोर 416 रन रहा था। वहीं, सबसे कम स्कोर 92 रन रहा था। इस मैदान में भारत का इकलौता ड्रॉ 1986 में आया था। कपिल देव उस मुकाबले में भारत की कप्तानी कर रहे थे।



### इंग्लैंड में एजबेस्टन में जीते हैं 30 टेस्ट

एजबेस्टन में इंग्लैंड ने कुल 56 टेस्ट मैच खेले थे, जिसमें से 30 में टीम को जीत मिली, जबकि 11 में हार का सामना करना पड़ा। इस बीच 15 टेस्ट ड्रॉ रहे थे। इंग्लिश टीम का इस मैदान पर सर्वोच्च टीम स्कोर 710 रन है। वहीं, सबसे कम स्कोर 98 रन है। इंग्लैंड ने यहां पर अपना पिछला टेस्ट जुलाई 2024 में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था और उसे 10 विकेट से जीता था।

### जसप्रीत बुमराह दूसरे टेस्ट में नहीं खेलेंगे

भारत-इंग्लैंड के बीच दूसरे टेस्ट मैच में भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक वर्कलोड को ध्यान में रखते हुए उन्हें दूसरे टेस्ट से आराम दिया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज का तीसरा मैच 10 जुलाई से लॉर्ड्स में होना है और बुमराह फिर से तीसरे टेस्ट में टीम में वापसी करेंगे। बता दें कि भारतीय टीम के कोच गौतम गंभीर पहले ही ये स्पष्ट कर चुके हैं कि बुमराह 3 टेस्ट मैच खेलेंगे, लेकिन यह तय नहीं किया है कि वह कौन से 2 अन्य टेस्ट मैच खेलेंगे।

### दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम घोषित

इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने दूसरे टेस्ट के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की वापसी हुई है। **इंग्लैंड की टीमः** बेन स्टोक्स, जोफ्रा आर्चर, शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, सैम कुक, जैक क्रॉली, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग और क्रिस वोक्स। अब देखना होगा कि इन खिलाड़ियों में से किसे दूसरे टेस्ट में मौका मिलता है।

### बैडमिंटन एशियाई जूनियर चैम्पियनशिप के लिए टीम घोषित

**नयी दिल्ली।** प्रतिभाशाली तन्वी शर्मा को 18 से 27 जुलाई तक इंडोनेशिया के सोलो में होने वाली बैडमिंटन एशियाई जूनियर चैम्पियनशिप (टीम और व्यक्तिगत) के लिये भारत की 19 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। तन्वी ने बैडमिंटन एशिया महिला टीम चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। जूनियर विश्व नंबर एक पुरूष युगल टीम भार्गव राम एरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू से भी भारत को उम्मीदें होंगी। टीम स्पर्धा 18 से 22 जुलाई तक होंगी जबकि व्यक्तिगत मुकाबले 23 से 27 जुलाई तक खेले जायेंगे। टीम स्पर्धा रिले प्रारूप में होगी जिसमें 110 अंक तक पहले पहुंचने वाली टीम विजयी होगी। इसकी शुरूआत ग्रुप चरण से होगी जिसके बाद नॉकआउट मुकाबले होंगे। टीम चार से 15 जुलाई तक गुवाहाटी में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र पर एकत्र होगी। एनसीई गुवाहाटी में इस साल के आखिर में बीडब्ल्यूएफ जूनियर विश्व चैम्पियनशिप भी होनी है।

### भारत के आस्ट्रेलिया दौरे के सिडनी, कैनबरा मैच के टिकट बिके : सीए

**मेलबर्न।** भारतीय टीम के आस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के दौरे में अभी कम से कम चार माह का समय है लेकिन क्रिकेट आस्ट्रेलिया आठ मैचों के 90000 टिकट बेच चुका है जिसमें सिडनी में तीसरे वनडे और कैनबरा में पहले टी20 के सारे टिकट बिक चुके हैं। भारतीय टीम अक्टूबर नवंबर में आस्ट्रेलिया दौरे पर तीन वनडे और पांच टी20 मैच खेलेगी। दौरे की शुरूआत 19 अक्टूबर को पर्थ में होगी और आखिरी मैच आठ नवंबर को ब्रिसबेन में खेला जायेगा। सीए ने एक बयान में कहा ,'' आस्ट्रेलिया और भारत के बीच सफेद गेंद की श्रृंखला अक्टूबर नवंबर में खेली जायेगी।हजारों की संख्या में खरीदे गए टिकटसीए के अनुसार अभी तक बिके टिकटों के 16 प्रतिशत से अधिक भारतीय फैन क्लबों ने खरीदे हैं।

## श्रीलंका बनाम बांग्लादेश

# पथुम निसांका ने लगातार दूसरे टेस्ट में भी जड़ा शतक

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

श्रीलंका क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका ने बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ सीरीज के दूसरे टेस्ट में भी बेहतरीन शतक लगाया। उन्होंने कोलंबो में खेले जा रहे मुकाबले में अपनी पहली पारी के दौरान शतक लगाया। यह उनके टेस्ट करियर का कुल चौथा और बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा शतक रहा। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के टेस्ट में 187 और 24 रन की पारियां खेलीं थी। निसांका ने बतौर सलामी बल्लेबाज 12 मैचों की 21 पारियों में 900 से ज्यादा रन बनाए हैं। इस बीच वह 3 शतक भी लगा चुके हैं। वह पिछले कुछ समय से टीम के भरोसेमंद बल्लेबाज बने हैं।



### शानदार रही निसांका की पारी

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में सभी विकेट खोकर 247 रन बनाए। इसके जवाब में निसांका ने लाहिरु उडारा (40) के साथ मिलकर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। इस सलामी जोड़ी ने 88 रन की साझेदारी की। उडारा के विकेट के पतन के बाद भी निसांका ने एक छोर से निरंतर रन बनाना जारी रखा और मैच के दूसरे दिन के तीसरे सत्र के दौरान अपना शतक पूरा किया।

### ऐसा है निसांका का टेस्ट करियर

*निसांका ने मार्च 2021 में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ अपने टेस्ट करियर का आगाज किया था। उन्होंने 18 टेस्ट की 31 पारियों में 1,200 से अधिक रन बना लिए हैं। वह 4 शतक के अलावा 7 अर्धशतक लगा चुके हैं। इस प्रारूप में उनका सर्वोच्च स्कोर 187 रन रहा। श्रीलंका में खेलते हुए यह उनका दूसरा टेस्ट शतक है। वह विदेशों में खेलते हुए भी 2 शतक जड़ चुके हैं।*

### बांग्लादेश और पाक के बीच 20 जुलाई से टी-20 सीरीज

**एजेंसीःढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम को अगले महीने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ टी-20 सीरीज की मेजबानी करनी है, जिसके लिए कार्यक्रम की घोषणा की गई है। 20 जुलाई से टी-20 सीरीज का पहला मैच खेला जाएगा। तीन मैचों की सीरीज के सभी मैच मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में ही खेले जाएंगे।

**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**
कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-02
डी-16, कचनार सिटी, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.) 482002
Email : mpphcjabalpur2@gmail.com

**निविदा प्रेस विज्ञप्ति**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.-02 के अंतर्गत निविदा क्रमांक 06/2025-26 कन्या शिक्षा परिसर मानपुर, जिला उमरिया में बाह्य विद्युतीकरण का कार्य। (ऑनलाइन निविदा क्र. 2025_MPPHC_433404_1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 07.07.2025 तक** खरीद कर सायं 6:00 बजे तक सब्मिट किये जा सकते हैं जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण Portal : **https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/120842/2025 — **परियोजना यंत्री**

VEHICLE AVAILABLE for SALE
Tata Ace Gold Model 2024
MP-20-ZQ-6189
"as is where is condition"
Contact within 7 days at
M/s Sundaram Finance Ltd.
II Floor, Digamber Tower 936, Wright Town, Jabalpur- 482002
0761-2451218, 9425600590
TIMES

**पश्चिम मध्य रेल**
**खुली निविदा (एकल पैकेट प्रणाली)**

उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण)/मुख्या, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा नोटिस क्रमांक DYCEHQWCR-03, दिनांक: 23.06.2025 के द्वारा आमंत्रित करते हैं। निविदाकर्ता अपनी मूल/ संशोधित निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त निविदा में हस्त निविदाएं स्वीकार्य नहीं होगी तथा हस्त निविदाओं को उपेक्षित कर दिया जाएगा। निविदाएं पूर्व उल्लेखित समय एवं दिनांक पर खोली जाएगी। **निविदा क्रमांक:** DYCEHQWCR-03, दिनांक: 23.06.2025. **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** निर्माण विभाग पश्चिम मध्य रेलवे के लिए क्लाउड कॉन्फ़िगरेशन के साथ परियोजना प्रबंधन और सूचना प्रणाली (P.M.I.S) सेवाएं प्रदान करना एवं जी.आई.एस मॉड्यूल के साथ समय/दूरी पर आधारित योजना और शेड्यूलिंग कार्यक्रम तक मासिक समर्थन और सदस्यता सेवाएं सॉफ्टवेयर लाइसेंस शुल्क सहित। **निविदा का अनुमानित मूल्य:** ₹ 1,72,40,137.50/- **निविदा फॉर्म की कीमत:** ₹ 0.00 **बयाना राशि:** ₹2,36,200/- **कार्य समापन अवधि (माह):** 6 माह **ई-निविदा बंद होने की और खुलने की तिथि एवं समय:** दिनांक 15.07.2025 को 15.00 बजे बंद एवं 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदाकर्ता अपनी निविदाएं आई.आर.ई.पी.एस. के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है, कि वे समय-समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की वेबसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मानदंड टेन्डर फॉर्म के अनुसार इन निविदाओं के लिए लागू होगा।

(हस्ता.)
उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण) मुख्यालय
प.म.रे., जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

खंड- I — ई-निविदा आमंत्रण सूचना
**मध्य प्रदेश शासन कार्यालय वनमण्डलाधिकारी दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल मध्यप्रदेश**
ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 2024 / ई-टेंडरिंग / 2025-26 दिनांक 26/06/2025

वनमण्डलाधिकारी दक्षिण सिवनी (सा.) वनमंडल द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 ( यथा संशोधित 2022 ) के अन्तर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | स्टील (सरिया) (ISI)Thermo mechanically treated bars (TMT), 12 mm | 29000/- | 1000/- |
| 2 | स्टील (सरिया) (ISI)Thermo mechanically treated bars (TMT), 10 mm | | |
| 3 | स्टील (सरिया) (ISI)Thermo mechanically treated bars (TMT), 8 mm | | |
| 4 | स्टील (सरिया) (ISI)Thermo mechanically treated bars (TMT), 6 mm | | |
| 5 | वाईडिंग वायर | | |
| 6 | एंगिल लोहा | | |
| 7 | खिड़की हेतु लोहा ग्रिल | | |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं। 2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट / कैश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर (दिनांक) 27/06/2025 को सुबह 10:30 बजे से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय तक ऑनलाईन खरीद सकते है। लागू होंगी। 3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां 4. निविदा पूर्व बैठक दिनांक 09/07/2025 समय 02:30 बजे को कार्यालय दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल में आयोजित की जाएगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि स्वयं या वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग ले सकते हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंस लिंक प्राप्त करने हेतु ई-मेल dfotsseoni@mp.gov.in पर दिनांक07/07/2025 तक अपना संपर्क सूत्र प्रेषित करे। वीडियो कॉन्फ्रेंस की लिंक दिनांक 08/07/2025 को आपके द्वारा प्रदाय संपर्क सूत्र पर सूचित किया जावेगी। निविदा पूर्व बैठक में केवल वे ही भाग लेने के हकदार होगें जिन्होंने ई-टेंडर फॉर्म खरीदे है। 5. ई - निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं। 6. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल : https://www-mptenders-gov-in

G-14823/25 — "स्वच्छता ही सेवा" — वनमण्डलाधिकारी दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल

**न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त - 1 नरसिंहपुर तह. व जिला नरसिंहपुर म.प्र.**
क्र./1242/प्रवा.तह. नर-1/2025 — नरसिंहपुर, दिनांक- 19.6.2025

**मेसर्स आर. आर. एग्रो, खाण्डसारी इकाई, बडगुवां रोड नयागांव, तह. व जिला नरसिंहपुर स्थित संपूर्ण इकाई भूमि सहित नीलामी की सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मे. आर आर. एग्रो, खाण्डसारी इकाई, बडगुवां रोड नयागांव, तह. व जिला नरसिंहपुर जहां है, जैसा है, और जो कुछ भी है के आधार पर भूमि सहित संपूर्ण इकाई की नीलामी नीचे सारणी में दर्शित संपूर्ण संपत्ति सहित दिनांक 04.07.2025 को समय प्रात: 10.30 बजे तहसील कार्यालय नरसिंहपुर तह. व जिला नरसिंहपुर म.प्र. में की जानी है। संपत्ति का विवरण निम्नानुसार है

| क्रमांक | संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य | कुल आरक्षित मूल्य | अमानत राशि (आरक्षित मूल्य का 10 प्रतिशत) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मौजा नयागांव प.ह.नं. 18 राजस्व निरीक्षक मंडल नरसिंहपुर 1 में स्थित भूमि खसरा नंबर 546/2-548/2 कुल रकवा 1.0640 हे. खसरा नंबर 549/3 रकवा 2.896 हे. एवं भौजा बडगुवां प.ह.नं. 29 राजस्व निरीक्षक मंडल नरसिंहपुर 1 स्थित भूमि खसरा नंबर 94 / 2 रकवा 2.833 हे. | 8,28,68,400 / - रु. | 208931138/- रु. | 20893114 /- रु. |
| 2 | प्लांट एवं मशीनरी | 113958486/- रु. | | |
| 3 | संरचना (संपूर्ण) | 1,21,04,252 /- रु. | | |

नीलामी की नियम एवं शर्ते :-
1. नीलामी में शामिल होने हेतु इच्छुक व्यक्ति दिनांक 03.07.2025 समय शाम 5.00 बजे तक अमानत राशि मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा कलेक्ट्रेट नरसिंहपुर तह. व जिला नरसिंहपुर के बैंक खाता क्रमांक 125210110000272 आई. एफ. एस. सी कोड BKID0NAMRGB में एकांउट पेयी बैंक ड्राफ्ट जमा करने पर ही भाग ले सकते है। 2. उपर कंडिका में वर्णित संपूर्ण संपति की खुली नीलानी दिनांक 04.07.2025 को समय प्रात: 10.30 बजे तहसील कार्यालय नरसिंहपुर में आयोजित की जायेगी। 3. नीलामी संपूर्ण संपत्ति के लिए आरक्षित संपूर्ण मूल्य पर शुरू होगी। इच्छुक बोलीकर्ता अपने ऑफर 1 लाख रू0 के गुणांक (Multiple) में अपनी राशि बढ़ा सकते है उससे कम पर राशि मान्य नहीं होगी। 4. इच्छुक बोलीकर्ता को नीलामी की प्रक्रिया में भाग लेने से पहले उपरोक्त कंडिका में वर्णित संपूर्ण संपत्ति से संबंधित किसी भी वैधानिक देनदारियां संपत्ति कर के बकाया, बिजली बिल, डायवर्सन बकाया, किसी भी बैंक से ऋण का बकाया आदि के बारे में स्वयं अपनी पूछताछ करनी होगी। उक्त संपूर्ण संपत्ति सभी मौजूदा और भविष्य के बकाया राशि के साथ नीलाम की जायेगी। जिसे चुकाने की जिम्मेदारी बोलीकर्ता की होगी। तथा संपूर्ण संपत्ति में बैंक के बकाया ऋण का समायोजन आरक्षित मूल्य में नीलामी पूर्ण होने के पश्चात समायोजित किया जायेगा। 5. उक्त संपत्ति एवं इकाई जो उपर उल्लेखित है आरक्षित मूल्य से नीचे नहीं बेची जायेगी। 6. उपर वर्णित सारणी में संपत्ति एवं इकाई इस न्यायालय के सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार है। न्यायालय सार्वजनिक सूचना में किसी भी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए जबावदेह नहीं होगा। 7. उच्चतम बोलीदाता के मामले में उच्चतम बोली की राशि के साथ अमानत राशि को समायोजित किया जायेगा तथा शेष अन्य बोलीदारों को उनकी अमानत राशि उनके द्वारा जमा किये गये मूल्य बैंक ड्राफ्ट 'जो है जैसा हैं' के ही रूप में उन्हें वापिस किया जायेगा। जिसे निरस्त कर राशि प्राप्त करने की जिम्मेदारी उनकी स्वयं की होगी। तथा अमानत राशि पर किसी भी तरह का कोई ब्याज बोलीकर्ता को नहीं दिया जायेगा। 8. उच्चतम बोलीदाता को जो बोली राशि स्वीकार होगी उनके द्वारा जमा की गयी अमानत राशि के साथ मिलाकर 35 प्रतिशत (स्वीकार बोली राशि का ) तत्काल 02 कार्य दिवस के अंदर मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा कलेक्ट्रेट नरसिंहपुर तह. व जिला नरसिंहपुर के बैंक खाता क्रमांक 125210110000272 आई.एफ.एस. सी. कोड BKID0NAMRGB में जमा करना होगा। राशि जमा नहीं करने की स्थिति में अमानत राशि जप्त कर ली जायेगी। 9. उच्चतम बोलीदाता को शेष 65 प्रतिशत राशि मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा कलेक्ट्रेट नरसिंहपुर तह. व जिला नरसिंहपुर के बैंक खाता क्रमांक 125210110000272 आई. एफ. एस. सी. कोड BKID0NAMRGB में नीलामी तिथि से 15 कार्य दिवस के अंदर जमा करनी होगी। इस संबंध में बोलीकर्ता के द्वारा तिथि बढाने का आग्रह स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा निर्धारित अवधि के भीतर शेष राशि जमा करने में असफल रहने पर अमानत राशि जप्त कर नीलामी रदद कर, नयी नीलामी की प्रक्रिया आयोजित करने का पूर्ण अधिकार इस न्यायालय को होगा। जिसके संबंध में बोलीदाता का कोई भी आवेदन पत्र ग्राह्य नहीं होगा। इस शर्त की स्वीकारोक्ति मानते हुए ही बोलीदाता बोली प्रक्रिया में भाग लेने का अधिकारी होगा। यदि यह शर्त मान्य नहीं है तो वह बोली में भाग नहीं लेगा। 10. संपूर्ण राशि प्राप्त होने के पश्चात न्यायालय से प्रमाण पत्र जारी होगा तथा इस संबंध में किसी भी संपत्ति पर देनदारियों का उत्तरदायित्व इस न्यायालय का नहीं होगा। उक्त समस्त देनदारियां जो संपत्ति पर है वह बोलीकर्ता को स्वयं वहन करनी होगी। तथा बोली में स्वीकृत राशि से पृथक होंगी। 11. यह न्यायालय उच्चतम बोली तथा किसी या सभी बोलियों को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है तथा बिना कोई कारण बताये बिना किसी सूचना के बोलियों को स्वीकार करने या अस्वीकार करने तथा शर्तो को बदलने, संशोधित करने या छूट देने का अधिकार रखता है। 12. नीलामी कक्ष में केवल नीलामी से संबंधित बोलीदार अपने परिचय पत्र (आधार कार्ड, पेनकार्ड) के साथ उपस्थित हो सकेंगें। अन्य किसी भी व्यक्तियों का प्रवेश निषेधित रहेगा। 13. किसी भी विवाद की स्थिति में इस न्यायालय का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा। 14. बोली में भाग लेने बाले व्यक्ति केवल उपर बताये गये बैंक एकाउंट में ऑनलाईन भुगतान से ही राशि जमा कर सकते है, नगद रूप से कोई राशि जमा नहीं की जायेगी। भुगतान के समय लगने बाला बैंक का चार्ज बोलीकर्ता को स्वयं वहन करना होगा। तथा बोलीकर्ता को अपना परिचय पत्र ( आधार कार्ड,पेनकार्ड) जमा करना होगा साथ ही जमा की गयी राशि की सूचना आयकर विभाग को देने की जिम्मेदारी बोलीकर्ता की होगी तथा सफलतम बोलीदार को शासन के द्वारा लिए जाने वाले कर (जी.एस.टी. आदि) का भुगतान भी स्वयं करना एवं वहन करना होगा। इसे स्वीकृत बोली राशि में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

G-14831/25 — "स्वच्छता ही सेवा" — नायब तहसीलदार, नरसिंहपुर वृत्त - 1

## रादुविवि प्रशासन की मंशा पर उठे सवाल, शोधार्थियों में नाराजगी

# पीएचडी में प्रवेश के लिए मिल रही तारीख पर तारीख

जबलपुर।

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर में पीएचडी प्रवेश परीक्षा को लेकर भारी असंतोष फैल गया है। पिछले एक साल से चल रही इस प्रक्रिया में अब तक परीक्षा की तारीख घोषित नहीं की गई है। छात्र लगातार इंतजार कर रहे हैं, लेकिन विश्वविद्यालय बार-बार आवेदन मंगवाकर उन्हें और परेशान कर रहा है। गौरतलब है की पीएचडी प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय ने 11 मार्च 2024 को अधिसूचना जारी की थी। इसके बाद 17 मार्च से ऑनलाइन आवेदन शुरू हुए। पहले अंतिम तिथि 7 अप्रैल थी, जिसे बढ़ाकर 21 अप्रैल कर दिया गया। छात्रों को उम्मीद थी कि आवेदन के बाद जल्द ही परीक्षा की तारीख आएगी, लेकिन दो महीने तक कोई जानकारी नहीं दी गई।अब 21 जून 2025 को विश्वविद्यालय ने अचानक एक नई अधिसूचना जारी की, जिसमें कहा गया कि 23 जून से 30 जून तक फिर से ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। यह सुनकर पहले से आवेदन कर चुके छात्र चौंक गए। उनका कहना है कि बिना परीक्षा कराए दोबारा आवेदन क्यों मंगवाए जा रहे हैं।




### किसके लिये बदल रहीं तारीखें

छात्रों और कई शिक्षकों का कहना है कि यह निर्णय कुछ खास लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए लिया गया है। उनके अनुसार, बार-बार आवेदन प्रक्रिया शुरू करके विश्वविद्यालय पारदर्शिता नहीं रख रहा है और योग्य छात्रों के साथ अन्याय कर रहा है।

### प्रशासन की खामोशी बढ़ा रही संशय

विश्वविद्यालय के अधिकारी और पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के प्रभारी अभी तक इस पर कोई बयान नहीं दे रहे हैं। उनकी चुप्पी से स्थिति और बिगड़ रही है। अब सबकी नजर 30 जून के बाद की स्थिति पर है, जब आवेदन प्रक्रिया फिर से खत्म होगी। छात्र उम्मीद कर रहे हैं कि इस बार विश्वविद्यालय परीक्षा की तारीख जल्दी घोषित करेगा और प्रक्रिया को सही दिशा में आगे बढ़ाएगा।

### सीटों की जानकारी भी गोपनीय

अब तक यह भी नहीं बताया गया है कि किस विषय में कितनी सीटें हैं और कौन-कौन से प्रोफेसर गाइड (शोध निर्देशक) होंगे। इससे छात्र समझ नहीं पा रहे हैं कि उन्हें किस विषय और गाइड के लिए आवेदन करना चाहिए।

### छात्रों में बढ़ रहा गुस्सा

छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय इस पूरी प्रक्रिया को गंभीरता से नहीं ले रहा है। इससे न केवल उनकी पढ़ाई का नुकसान हो रहा है, बल्कि उनके भविष्य पर भी असर पड़ रहा है। कुछ छात्र संगठन इस मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन करने की भी तैयारी कर रहे हैं।

# महाराष्ट्र की तर्ज पर मप्र आयोग बिजली के रेट घटाए

## उपभोक्ता मंच ने नियामक आयोग को याचिका भेजी

जबलपुर।

महाराष्ट्र बिजली आयोग द्वारा 26 प्रतिशत से बिजली रेट घटाने के तर्ज पर मप्र विद्युत नियामक आयोग बिजली कंपनियों की आमदानी एवं खर्च के बीच की रेवेन्यु गैप "जीरो" करने हेतु सख्त कदम उठाये, तथा प्रदेश में 4 प्रतिशत से रेट बढ़ाने के 29 मार्च 2025 के आदेश को वापिस ले। यह याचिका डॉ. पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने आज आयोग सचिव को भेजी है। याचिका में बताया कि महाराष्ट्र वितरण कंपनी के याचिका पर अगले 5 वर्ष में बिजली रेट 26 प्रतिशत से घटेंगे, इसके प्रथम पायदान में 10 प्रतिशत से घटाए जायेंगे। यह रेवेन्यु गैप ''जीरो" करने का परिणाम है। लेकिन मप्र में रेवेन्यु गैम कम होने की जगह उल्टे बढ़ रही है। इसी का खामियाजा यह है कि प्रदेश में हर वर्ष बिजली के रेट बढ़ाने की नौबत आई है।



### विखंडन से भी रेवेन्यु गैप बढ़ी

डॉ पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने बताया कि अनेक कारणों के साथ ही मप्र में बिजली कंपनियों के लगातार हो रहे विखंडन से भी प्रशासनिक खर्च बढ़ा, जिससे रेवेन्यु गैप बढ़ी है। महाराष्ट्र में 20 हजार मेगावाट बिजली वितरण के लिए मात्र एक ही वितरण कंपनी है, उसी के उल्टे मप्र में मात्र 10 हजार मेगावाट बिजली के लिए वितरण कंपनी का विखंडन कर 3 वितरण कंपनियां बनाई गई है। अब पावर मैनेजमेंट कंपनी का भी विखंडन हो रहा है। इससे इस वर्ष के लिए अनुमोदित खर्च 467 करोड़ में वृद्धि होगी तथा रेवेन्यु गैप बढ़ेगी। मप्र नियामक आयोग विद्युत अधिनियम की धारा 86(2) के तहत मप्र शासन को निर्देश जारी कर यह खर्च समाप्त कर सकती है।

## पुलिस अधीक्षक को अगली सुनवाई पर 16 सितंबर तक प्रस्तुत करनी होगी रिपोर्ट

### साथ ही पौधों को अपनी देखरेख में बड़ा करें, जीपीएस लोकेशन सहित इनकी तस्वीरें दें

# हाईकोर्ट ने थाना प्रभारी को सुनाई अनोखी सजा, लगाएं एक हजार फलदार पौधे

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने नाबालिग से दुराचार के एक गंभीर मामले में पीड़िता को समय पर नोटिस तामील न कराने की लापरवाही को आड़े हाथों लिया। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस अवनीन्द्र कुमार सिंह की डिवीजन बेंच ने आदेश का परिपालन न करने पर सतना के कोतवाली थाना के टीआई रविंद्र द्विवेदी को अनोखी सजा सुनाई । कोर्ट ने निर्देश दिए कि टीआई जिले के चित्रकूट क्षेत्र में आम, जामुन, महुआ, अमरूद जैसे 1000 फलदार पौधे लगाएंगे। इतना ही नही, इनकी देखरेख करेंगे और जीपीएस लोकेशन सहित इनकी तस्वीरें रिपोर्ट में पेश करनी होंगी। अगली सुनवाई 16 सितंबर को होगी।

**सतना जिले में पदस्थ थानेदार को नाबालिग रेप पीड़िता के मामले में नोटिस तामील नहीं करवाने पर दी सजा**

सतना जिला निवासी रामअवतार चौधरी की ओर से यह अपील दायर की गई है। अपील में कहा गया है कि अक्टूबर 2021 में सतना की जिला अदालत ने अपीलकर्ता को नाबालिग से दुराचार के मामले में दोषी पाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। इसी सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दायर की गई थी। बीते वर्ष 30 सितंबर 2024 को हाईकोर्ट ने पीड़िता को नोटिस जारी करने का आदेश दिया था। लेकिन कोतवाली थाना प्रभारी रविंद्र द्विवेदी द्वारा यह नोटिस समय पर तामील नहीं कराया गया। इस पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई। इस पर थाना प्रभारी ने माफी मांगी कोर्ट से कहा कि वह पुलिस महानिरीक्षक द्वारा लगाई गई पांच हजार की जुर्माना राशि का भुगतान करेंगे और स्वयं 1000 पौधे लगाएंगे।

सुनवाई के बाद कोर्ट ने निर्देश दिया कि ये पौधे आम, जामुन, महुआ, अमरूद जैसे फलदार किस्मों के हों। ये पौधे सतना जिले के चित्रकूट क्षेत्र में 1 जुलाई से 31 अगस्त 2025 के बीच लगाए जाएं। कोर्ट ने साफ किया कि लगाए गए पौधों की देखभाल एक साल तक स्वयं थाना प्रभारी करेंगे, ताकि पौधे अच्छे से विकसित होकर स्थापित हो सकें। साथ ही थाना प्रभारी को सभी पौधों की तस्वीरें और उनकी जीपीएस लोकेशन के साथ एक अनुपालन रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करनी होगी। इस रिपोर्ट के साथ सतना एसपी का शपथ-पत्र भी संलग्न किया जाए, जिसमें एसपी पौधारोपण स्थल का निरीक्षण कर रिपोर्ट देंगे।



# दोबारा सीमांकन करने रिश्वत लेते पटवारी पकड़ाया

## लोकायुक्त ने शराब दुकान के सामने किया ट्रेप

जबलपुर।

लोकायुक्त की टीम ने शहपुरा के एक पटवारी को यहां जबलपुर के पुराना बस स्टेंड चौराहे में शराब की दुकान के सामने 3 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। बताया गया है कि दोबारा सीमांकन करने के बदले में पटवारी आशीष कुमार गुप्ता ने 6 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। पहली किस्त 3 हजार के रुप में बस स्टेंड के पास बुलाया था। कार्रवाई के संबंध में लोकायुक्त एसपी संजय साहू ने बताया कि ग्राम पथरिया तहसील शहपुरा निवासी 37 वर्षीय सोबरन लोधी की पैतृक जमीन ग्राम पथरिया में है, जिसका सीमांकन पटवारी हल्का नंबर 1 आशीष गुप्ता ने किया था। लेकिन इस सीमांकन से सोबरन सिंह लोधी संतुष्ट नहीं था। लिहाजा उसने पटवारी से दोबारा सीमांकन करने को कहा। इस पर पटवारी आशीष गुप्ता ने 6 हजार रुपए रिश्वत की मांग की, इस आशय की शिकायत लोकायुक्त को मिली। शिकायत की पड़ताल कराने के बाद ट्रेप दल गठित किया गया। गुरुवार की शाम को बस स्टेंड शराब दुकान के सामने सोबरन सिंह ने जैसे ही पटवारी आशीष को रिश्वत की पहली किस्त 3 हजार रुपए दिए तभी उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। अचानक इस कार्रवाई से पटवारी हड़बड़ा गया।



ट्रेप दल में इंस्पेक्टर कमल सिंह उईके, सुश्री शशिकला मस्कुले, एसआई शिशिर पाण्डेय सहित लोकायुक्त टीम के अन्य सदस्य शामिल थे। लोकायुक्त पुलिस ने पटवारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 संशोधन 2018 की धारा 7 13 (1), 13 (2) के तहत कार्यवाही की गई है।

## हाईकोर्ट ने सार्वजनकि रोड पर अतिक्रमण पर बरती सख्ती

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने बैतूल जिले में रानीपुर-घोड़ाडोंगर सार्वजनिक रोड पर अतिक्रमण पर सख्ती बरतते हुए यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश जारी किए। एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खण्डपीठ ने इस अंतरिम आदेश के साथ ही राज्य शासन व अतिक्रमणकारियों सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया।जनहित याचिकाकर्ता रानीपुर-घोड़ाडोंगर बैतूल निवासी सेवानिवृत्त शासकीय कर्मी कमलेश नायक की ओर से पक्ष रखा गया। दलील दी गई कि रानीपुर-घोड़ाडोंगर सार्वजनिक रोड पर हजारी, कमलेश उर्फ कल्लू, शिवप्रसाद व प्रहलाद नामक व्यक्तियों ने अतिक्रमण कर रखा है। जिससे सड़क की चौड़ाई काफी कम हो गई है और लोगों को आवाजाही में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसे लेकर जिम्मेदार अधिकारियों को अभ्यावेदन दिए गए, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। लिहाजा, हाई कोर्ट की शरण ली गई है। मामले में प्रमुख सचिव राजस्व विभाग, बैतूल कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओं सहित उक्त अनावेदकों को पक्षकार बनाया गया है।

# हत्यारे को उम्रकैद

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश अवधेश कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने लार्डगंज क्षेत्र में चाकू से हमला कर युवक की हत्या करने के आरोपित युवराज करसा को दोषी करार दिया है। इसी के साथ आजीवन कारावास व डेढ़ हजार के जुर्माने की सजा सुना दी। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक केजी तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपित युवराज करसा ने 17 जुलाई, 2022 को यादव कालोनी मुक्तिधाम के समीप रहने वाले 24 वर्षीय अजय उर्फ मोनू कनोजिया पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी थी। लार्डगंज पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर चालान अदालत के समक्ष पेश किया। विचारण उपरांत न्यायालय ने आगा चौक निवासी आरोपित 22 वर्षीय युवराज करसा पिता रक्कू उर्फ राकेश कनोजिया को सजा सुना दी गई।

# वन विभाग व जेल विभाग की भर्तियों में ओबीसी के उम्मीदवारों का रिजल्ट रोकने को मिली चुनौती

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर वन विभाग व जेल विभाग में हुई भर्तियों में ओबीसी के उम्मीदवारों का रिजल्ट रोकने को चुनौती दी गई है। हाईकोर्ट ने फिलहाल इस मामले में सुनवाई करने से इनकार कर दिया। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी से जुड़े मामलों में हाईकोर्ट को सुनवाई करने पर रोक लगाई है। इसी के मद्देनजर एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने इस मामले पर सुनवाई नही की। अगली सुनवाई 22 सितंबर को निर्धारित की गई है।छतरपुर निवासी मुकेश कुमार प्रजापति, ग्वालिर निवासी जगमोहन सिंह, श्योपुर निवासी मातादीन मीना, विकास रावत व अन्य की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ताओं का चयन 87 प्रतिशत में जेल प्रहरी, क्षेत्र रक्षक तथा वन रक्षक में चयन हो चुका है। बिना कोई कारण बताए उनका रिजल्ट रोक दिया गया है। उन्होंने बताया कि व्यावसायिक परीक्षा बोर्ड ने साक्षात्कार भी आयोजित किया, लेकिन नियुक्ति आदेश जारी नहीं किया। शासन की ओर से मामले की सुनवाई पर आपत्ति दर्ज कराई गई। इस पर याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई ।

**सुप्रीम कोर्ट में मामला लंबित होने के चलते टली सुनवाई**

### प्रताड़ना के 3 अलग-अलग मामले सामने आए

# दहेज लोभियों पर प्रकरण दर्ज

जबलपुर।

अधारताल, गोराबाजार और हनुमानताल में दहेज प्रताड़ना की तीन मामलें प्रकाश में आए हैं। पुलिस ने दहेज लोभी पति, सास, ससुर, देवर, ननद और नंदोई पर मामला दर्ज कर जांच में लिया है। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार महाराजपुर अधारताल निवासी 36 वर्षी श्रीमति हाश्मी पोर्ते ने लिखित शिकायत की, कि उसकी शादी सौरभ सैयाम के साथ 3 जुलाई 2024 को हुई थी। गत 11 जुलाई 2024 को सास ससुर के द्वारा कम दहेज को लेकर उससे विवाद कर उसके पिताजी के रिटायरमेंट में जो पैसे मिले हैं उसमें से पति को व्यापार हेतु 5 लाख रूपये की मांग करते हुए पति द्वारा आये दिन पैसों के लिये दबाव बनाकर लड़ाई झगड़ा कर गाली गलौज करते थे। उसके पिता ने लगुन में 2 लाख रूपये नगद दिये थे उसके बाद भी पति उससे 5 लाख रूपये की मांग करते। उसकी छोटी ननद प्रज्ञा श्रुति अहाके एवं नंदोई पुष्पेन्द्र अहाके ने उससे शादी के पहले एवं शादी के बाद भी विदाई की रस्म में 21 हजार रुपए की मांग कर शारीरिक व मानसिक रुप से प्रताड़ित करते है। गत 8 सितंबर 2024 को सास ने उसके साथ मारपीट भी की। पुलिस ने लिखित शिकायत पर पति सौरभ सैयाम, सास दुर्गा सैयाम, ससुर प्रकाश सैयाम, देवर श्रेयांस सैयाम, ननद प्रज्ञा श्रुति अहाके, नंदोई पुष्पेन्द्र अहाके के विरूद्ध धारा 85 बीएनएस तथा 3, 4 दहेज अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



### प्रेम विवाह के बाद करने लगा प्रताड़ित

वहीं गोराबाजार में बिलहरी निवासी 22 वर्षीय श्रीमति बबीता अहिरवार ने गत 17 मई 2023 को निखिल अहिरवार से प्रेम विवाह किया था। उसका पति निखिल अहिरवार आये दिन घरेलू बातों को लेकर उसे शारीरिक तथा मानसिक रूप से प्रताड़ति कर मारपीट करता है। गत रात लगभग 11 बजे पति निखिल शराब पीकर घर आया तो उसने कहा कि शराब पीकर क्यों आये, हो इसी बात पर पति निखिल गाली गलौज करते हुये स्टील की गिलास फैंककर उसके सिर में मार दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी पति निखिल के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 85, 296, 118(1), 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### कार और मकान की मांग पर प्रताड़ना

इसी तरह हनुमानताल न्यूआनंद नगर निवासी 36 वर्षीय श्रीमति फरीन खान का निकाह वर्ष 2018 में न्यू आनंद नगर निवासी हार्डवेयर इंजीनियर मुख्तारुल अहमद से हुआ था। उसके परिजनों ने अपनी सामर्थता के अनुसार उसके निकाह मे दान दहेज दिया थ पति ने निकाह के पहले कार की मांग की थी तो परिजनों ने रेनाल्ट कम्पनी की कार निकाह में दिया था शादी के एक सप्ताह तक सब कुछ ठीक रहा उसके बाद पति रेनाल्ट कार क्यों दी मारूती सुजुकी की लक्जरी कार कैश में 2 लाख और मकान नहीं देने की बात पर उसे मानसिक रुप से प्रताड़ित करने लगा। वह माह फरवरी 2018 में गर्भवती हुयी जिसके बाद पति, सास की बातों को अनदेखा कर बच्चा होने के बाद सब ठीक हो जायेगा यह सोचते हुए माह नवम्बर 2018 में बेटी के जन्म पर ससुराल वालें खुश नहीं थे। सास उसके जेवर रखने के लिये परेशान करने लगी। उसने अपने मायके में यह बात बतायी तो मायके एवं ससुराल पक्ष के लोगों की बैठक होने पर सुलह हो गयी थी उसके बाद सास ने उसके जेवर रख लिये और आये दिन पति एवं सास उसे घरेलू बातों को लेकर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ति करने लगे। वर्ष 2020 में वह अपनी बेटी को लेकर मायके आ गयी थी वर्ष 2023 में पति ने उसे नोटिस भिजवाया कि आपसी सहमति से तलाक ले लो लेकिन उसने तलाक लेने से मना कर दिया। 2 माह बाद काउंसलिंग होने के बाद मीडियेटर ने कहा पति पत्नी साथ मे रहो लेकिन पति ने उसे साथ में रखने से मना कर दिया। दिनांक 16 जून 2025 को पति ने एक तलाकनामा भिजवाया है। पुलिस ने आरोपी पति व सास के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 85 बीएनएस तथा 3, 4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240